खबरों के 68 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➝ jabdesh1@yahoo.com



# देशबन्धु



जबलपुर, रविवार 12 नवम्बर 2023 | वर्ष –68 | अंक –04 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

**आज के मैच**
भारत विरुद्ध नीदरलैंड
समय - 2.00 दोपहर

**शुभकामनाएं**

देशबन्धु के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

- संपादक

**अवकाश सूचना**

दीपावली पर्व के अवसर पर देशबन्धु कार्यालय में 12 नवम्बर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 14 नवम्बर को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक

# 22.23 लाख दीपों से जगमगाई अयोध्या नगरी





## बना नया कीर्तिमान

**अयोध्या।** सातवें दीपोत्सव पर अयोध्या ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की नगरी अयोध्या ने नया कीर्तिमान बनाते हुए दीपोत्सव 2023 में 22.23 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए। पिछली वर्ष 2022 में प्रज्ज्वलित 15.76 लाख दीपों से इस बार यह संख्या लगभग छह लाख 47 हजार अधिक रही।

ड्रोन से की गई दीपों की गणना के उपरांत दीपोत्सव ने नया कीर्तिमान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अयोध्या के प्रति प्रतिबद्धता ने एक बार फिर इस प्राचीन नगरी को वैश्विक रिकॉर्ड सूची में दर्ज कराया है।

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस भव्य दीपोत्सव को देखा और अंततः एक साथ एक स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में दीप प्रज्ज्वलन को विश्व कीर्तिमान का दर्जा दिया।

### आपराधिक कानूनों में बदलाव की प्रक्रिया और आगे बढ़ी

# तीन नए विधेयकों पर रिपोर्ट प्रकाशित करने उपराष्ट्रपति का निर्देश

**शीत सत्र में हो सकते हैं पेश**

**नई दिल्ली।** आपराधिक कानूनों में बदलाव की प्रक्रिया एक कदम और आगे बढ़ गई है। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को भारतीय न्याय संहिता, 2023 पर 246वीं रिपोर्ट, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 पर 247वीं रिपोर्ट और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 पर 248वीं रिपोर्ट के प्रसार और प्रकाशन का निर्देश दिया। राज्यसभा सदस्य और गृह मामलों पर विभाग से जुड़ी संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष बृजलाल ने बीते शुक्रवार को ये रिपोर्ट सौंपी थी।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 को 11 अगस्त को संसद के निचले सदन में पेश किया गया था। ये विधेयक भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 को प्रतिस्थापित करना चाहते हैं। विधेयकों को पेश करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि– इन तीन नए कानूनों की आत्मा नागरिकों को संविधान द्वारा दिए गए सभी अधिकारों की रक्षा करना होगा। उन्होंने कहा, ब्रिटिश काल के कानून उनके शासन को मजबूत करने और उसकी रक्षा करने के लिए बनाए गए थे और उनका उद्देश्य सजा देना था, न्याय देना नहीं। शाह ने कहा, हम (सरकार) इन दोनों बुनियादी पहलुओं में बदलाव लाने जा रहे हैं। इन तीन नए कानूनों की आत्मा भारतीय नागरिकों को संविधान द्वारा दिए गए सभी अधिकारों की रक्षा करना होगा।

इनका उद्देश्य किसी को सजा दिलाना नहीं बल्कि न्याय देना होगा और इस प्रक्रिया में अपराध की रोकथाम की भावना पैदा करने के लिए जहां जरूरत होगी वहां सजा दी जाएगी। गृह मंत्री ने कहा कि सीआरपीसी की जगह लेने वाले भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक में अब 533 धाराएं होंगी। उन्होंने कहा, कुल 160 धाराओं में बदलाव किया गया है, नौ नई धाराएं जोड़ी गई हैं और नौ धाराओं को निरस्त कर दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि– संसद के शीत सत्र में यह विधेयक पेश हो सकते हैं और सदन में चर्चा के उपरांत नए कानून के रूप में बदल जाएंगे। उल्लेखनीय है कि विपक्ष द्वारा आपत्तियां भी दर्ज कराई गई हैं जिनपर चर्चा होगी।

## संसद के शीतकालीन सत्र की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद के शीतकालीन सत्र के चार दिसंबर से शुरू होने संबंधी अधिसूचना शुक्रवार को जारी की गयी जिसके अनुसार 19 दिन का यह सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा। लोकसभा सचिवालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार सत्रहवीं लोकसभा का चौदहवां सत्र चार दिसंबर से शुरू होगा, जिसके 22 दिसंबर तक चलने की संभावना है।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**- कांग्रेस कह रही है भाजपा के संकल्प पत्र की गारंटी मोदी जी नहीं ले रहे हैं।

**चुहिया- हां प्रिये**- ये सब चुनावी घात-प्रतिघात हैं जो मतदान तक चलते रहेंगे।

### मध्य प्रदेश में भाजपा का संकल्प पत्र जारी

# लाड़ली बहनों को पक्के मकान का वादा

## आईआईटी की तर्ज पर एमआईटी खोलेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए आज जारी किए गए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र (संकल्प पत्र) में महिलाओं, गरीबों, किसानों, युवाओं और विद्यार्थियों के साथ ही अन्य वर्गों को ध्यान में रखकर अनेक लोकलुभावन वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा आगे रखकर मोदी की गारंटी, भाजपा का भरोसा, मध्यप्रदेश का संकल्प पत्र 2023 दिया गया है। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने यहां पत्रकारों के समक्ष संकल्प पत्र के नाम से 90 से अधिक पेज का घोषणापत्र जारी किया। भाजपा ने मुख्य रूप से प्रधानमंत्री श्री मोदी का चेहरा सामने रखकर राज्य के मतदाताओं से वादे किए हैं।

गरीब, किसान लगभग हर वर्ग को साधा गया है। लाडली बहनों को पक्के मकान, गरीब परिवार के छात्रों को केजी से 12वीं तक तो छात्राओं को पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने का वादा किया गया है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की तर्ज पर मध्यप्रदेश के हर संभाग में मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी खोलेंगे।

इसी तरह हर संभाग में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की तर्ज पर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस शुरू करेंगे। सीनियर सिटीजन और दिव्यांग नागरिकों को 1500 रु. मासिक पेंशन दी जाएगी। अभी यह 600 रु. है। 100 रु. में 100 यूनिट बिजली देंगे। सरकारी स्कूलों में मिड–डे मील के साथ नाश्ता भी देने की बात कही है। भोपाल–इंदौर के बाद जबलपुर और ग्वालियर में भी कमिश्नरेट सिस्टम लागू करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री एवं पार्टी के चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**संकल्प पत्र के वादे**

- –गेहूं 2700 रु., धान 3100 रु. प्रति क्विंटल पर खरीदेंगे
- –हर परिवार में कम से कम एक रोजगार या स्वरोजगार
- –आयुष्मान योजना में 5 लाख रु. से ज्यादा खर्च होने पर प्रदेश सरकार खर्च उठाएगी
- –हर लोकसभा में मेडिकल कॉलेज, 5 साल में 2000 सीटें और जोड़ेंगे
- –बघेली, बुंदेली, गोंडी और भीली साहित्य अकादमियों की स्थापना
- –भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का नया कैम्पस बनाएंगे
- –जबलपुर और ग्वालियर में कमिश्नर प्रणाली लागू करेंगे 7500 करोड़ का निवेश, 2 लाख युवाओं को इसमें रोजगार–स्वरोजगार देंगे

### कांग्रेस ने कहा- पुराने वादे पूरे नहीं किए


# मप्र भाजपा के संकल्प पत्र की गारंटी लेने से प्रधानमंत्री ने किया मना : सुप्रिया

**भोपाल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और सोशल मीडिया प्रमुख सुश्री सुप्रिया श्रीनेत ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि–भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने 96 पन्नों का जुमला पत्र रिलीज किया है। भाजपा ने महिलाओं से लेकर किसानों, युवाओं और सरकारी कर्मचारियों को नकारते हुये जनता को यह जुमला पत्र दिया है। इस जुमला पत्र का नाम मोदी की गारंटी, भाजपा पर भरोसा रखा गया है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के इस जुमला पत्र पर मोदी जी ने हस्ताक्षर तक नहीं किए हैं, जबकि अन्य राज्यों में जहां पर यह रिलीज हुआ वहां पर मोदी जी ने हस्ताक्षर किए हैं। उन्होने यह भी कहा कि मोदी जी ने इस जुमला पत्र पर इसलिए हस्ताक्षर नहीं किया क्योंकि उन्हें यह भी पता है कि वह इस झूठ को नहीं पचा पाएंगे इसलिए मोदी जी ने इसे नकार दिया है और इसलिए शिवराज सिंह चौहान को इस पर हस्ताक्षर करने का मौका मिला।

सुश्री सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि जब मैं इस जुमला पत्र की प्रेस वार्ता सुन रही थी तब पत्रकारों से कहीं पर भी सवाल नहीं लिए गए। यह जुमला पत्र का समारोह नहीं बल्कि शिवराज सिंह चौहान की विदाई का समारोह लग रहा था और इसमें एक 4 मिनट 3 सेकंड का गाना चलाया गया, जिसमें केवल एक बार शिवराज सिंह चौहान की फोटो दिखाई गई, बाकी पूरे गाने पर मोदी जी रहे और अंत में एक लाइन थी, कि एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी। इससे केवल एक बात सामने आ रही है कि हार का ठीकरा मध्यप्रदेश में किसके सिर पर फोड़ा जाएगा अब इस बात की होड़ भाजपा में मची हुई है और इससे यह भी साबित होता है कि नौटंकी और झूठ में मोदी जी को कोई प्रबल चुनौती दे रहा है तो वह शिवराज सिंह चौहान है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि– बस 6 दिन की बात और है, मध्य प्रदेश खुशहाली और विकास की ओर अग्रसर होगा, प्रचण्ड बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बन रही है।

**कांग्रेस के वादे**

सुप्रिया सुनेत ने कहा– कांग्रेस की सरकार बनने पर हमने जो वादे किए हैं उन्हें हर हाल में प्राथकिता से पूरा किया जायेगा। इनमें महिलाओं को 3000, 500 रू. का सिलेण्डर, स्कूली बच्चों को 500 से 1500 और, 100 यूनिट बिजली मुफ्त, पुरानी पेंशन योजना, किसानों को पांच हार्स पॉवर बिजली फ्री देने के लिए कांग्रेस सरकार वचनबद्ध।




### सुप्रीम कोर्ट में चल रही थी हत्या के मामले की सुनवाई

# सामने आया 11 साल बच्चा और बोला- मैं जिंदा हूं, पिता के खिलाफ दी गवाही



**पीलीभीत।** यूपी के पीलीभीत के 11 साल के एक बच्चे ने सुप्रीम कोर्ट में उपस्थित होकर खुद को जीवित बताया और कहा कि उसके पिता ने नाना और मामा लोगों को उसकी हत्या के झूठे केस में फंसाने के लिए उसे मरा हुआ घोषित किया था।

बच्चे ने कहा कि वह फरवरी 2013 से अपने ननिहाल में रह रहा है। उसकी मां को उसके पिता ने दहेज के लिए बुरी तरह से पिटाई कर मार डाला था। फरवरी 2010 में पिता की शादी हुई थी। शादी के तीन साल बाद मार्च 2013 में मां की मौत हो गई। इसके बाद बच्चे के नाना ने उसके पिता के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था। तब से दोनों पक्षों के बीच लड़के की कस्टडी को लेकर जोरदार लड़ाई चल रही है। दोनों पक्ष ने एक–दूसरे के खिलाफ मुकदमा लगाया हुआ है। पिता ने नाना और चारों मामा पर लड़केकी हत्या का लगाया था आरोप। एक अंग्रेजी अखबार की खबर के मुताबिक लड़के के वकील कुलदीप जौहरी ने बताया, इस साल की शुरुआत में बच्चे के पिता ने उसके नाना और चारों मामा पर लड़के की हत्या का आरोप लगाया था।

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर



## तमिलनाडु के थिरुपाथुर में दर्दनाक सड़क हादसा, पांच की मौत

**थिरुपाथुर (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के थिरुपाथुर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। यहां बस और निजी वाहन की भीषण टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा थिरुपाथुर जिले के वानीयंबाडी के पास हुआ।

तमिलनाडु की सरकारी बस और एक निजी वाहन के बीच अचानक टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दो ड्राइवरों सहित पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। फिलहाल पुलिस ने एक्सीडेंट को लेकर मामला दर्ज कर लिया है।

**बदलाव** | जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति का किया गया है गठन

# उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने की तैयारी

- राज्य में जल्द बुलाया जा सकता है विशेष सत्र
- दिवाली के बाद कमेटी दे सकती है अपनी रिपोर्ट

देहरादून, (एजेंसियां)। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जल्द ही उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता हो सकता है। सूत्रों की मानें तो रंजना देसाई के नेतृत्व में बनी समिति दिवाली बाद अगले एक या दो दिन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रिपोर्ट सौंप सकती है।

इसे लेकर राज्य में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी भी की जा रही है। माना जा रहा है नवंबर के अंत या दिसंबर के पहले हफ्ते तक विशेष सत्र बुलाकर यूसीसी को कानून का रूप दे दिया जाएगा। अगर ऐसा हुआ तो उत्तराखंड देश का पहला ऐसा राज्य बन जाएगा जहां पर ष्टष्ट लागू होगा। यूसीसी को कानूनी रूप दे देगी सरकार–उत्तराखंड सरकार लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश में यूसीसी को कानूनी रूप दे देगी।

2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान पुष्कर सिंह धामी ने वोटिंग से एक दिन पहले ही उत्तराखंड में भाजपा सरकार आने पर समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था।

ढाई लाख लोगों से की गई है बात–इसके बाद 27 मई 2022 को जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। इसमें चार सदस्य शामिल हैं। समिति ने प्रदेशभर में तकरीबन ढाई लाख लोगों से बात कर यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार किया है। जानकारों के मुताबिक भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को लगता है कि लोकसभा चुनाव से पहले उत्तराखंड में यूसीसी लागू कर दिया जाता है तो इसे चुनावी मुद्दा बनाया जा सकता है और इसका फायदा भी भाजप को मिल सकता है।

# देश-विदेश

## न्यूयॉर्क के इतिहास में पहली बार दिवाली पर स्कूलों की छुट्टी घोषित

**नई दिल्ली।** इस साल से न्यूयॉर्क में दिवाली की छुट्टी की घोषणा कर दी गई है। इस मौके पर न्यूयॉर्क शहर के मेयर, एरिक एडम्स के कार्यालय ने अमेरिकी शहर के स्कूलों में दिवाली की छुट्टी शुरू करने के अपने फैसले के कारण इस साल की दिवाली को एक विशेष अवसर कहा है। समाचार पोर्टल जागरण के साथ एक विशेष बातचीत में, न्यूयॉर्क मेयर कार्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के डिप्टी कमिश्नर दिलीप चौहान ने कहा कि इस कदम से भारतीय-अमेरिकी समुदाय को एक नई पहचान मिली है। दिलीप चौहान ने जागरण को बताया, वर्षों की वकालत के बाद, न्यूयॉर्क शहर के इतिहास में पहली बार, मेयर एरिक एडम्स ने शहर के स्कूलों में दिवाली को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

## कई राज्यों में पिछले 12 महीने सबसे गर्म रहे

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** नवंबर 2022 से अक्टूबर 2023 तक हर महीना इतिहास का सबसे गर्म महीना रहा है। ये 12 महीने दुनियाभर में 1890-1900 के औसत तापमान से 1.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा गर्म रहे।

क्लाइमेट सेंट्रल नाम की एक अंतरराष्ट्रीय संस्था ने वेदर एट्रीब्यूशन एनालिसिस में ये जानकारी दी है। इस अध्ययन के मुताबिक, दुनिया के 170 देशों का औसत तापमान बढ़ा है, जिसके चलते 780 करोड़ लोग औसत से अधिक गर्म माहौल में रहने को मजबूर हुए। आइसलैंड जैसे इलाकों में साल का औसत तापमान सामान्य से कम रिकॉर्ड किया गया। भारत उन देशों में शामिल रहा, जहां क्लाइमेट चेंज का सबसे ज्यादा असर दिखा। दुनिया में तापमान जितना बढ़ा, उससे तीन गुना ज्यादा भारत में बढ़ा है। वेदर एट्रीब्यूशन स्टडी के मुताबिक, पिछले 12 महीने में दुनिया की 570 करोड़ आबादी को कम से कम 30 दिन औसत से अधिक तापमान में रहने को विवश होना पड़ा। भारत की 120 करोड़ आबादी को 30 दिन अधिक तापमान में गुजारने पड़े। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान को छोड़कर सभी राज्यों में पिछले 12 महीने सबसे गर्म रहे।

### दुनिया के 170 देशों का औसत तापमान बढ़ा

**12 शहरों में सामान्य से ज्यादा तापमान** -एक साल के दौरान देश के 12 शहरों में 100 दिन तापमान सामान्य से ज्यादा रहा। इनमें आईजोल, ठाणे, विशाखापट्टनम, पणजी, गुवाहाटी, दिसपुर, शिलॉन्ग, बेंगलुरु, इंफाल, तिरुवनंतपुरम, कवरत्ती और पोर्ट ब्लेयर शामिल है।

## सूरत रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़, ट्रेन पर चढ़ने के लिए दौड़े थे यात्री, 1 की मौत

**सूरत।** रविवार को दिवाली है और पूरे देश से लोग दिवाली पर अपने घर जा रहे हैं। इसी बीच सूरत रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना सामने आई है। दिवाली और छठ के त्योहार पर शनिवार को सूरत से लोग अपने घर जा रहे थे और इसी दौरान यहां भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में एक यात्री की मौत हो गई और चार लोग बेहोश हो गए हैं।

सूरत रेलवे स्टेशन से ही एंबुलेंस से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया और वहां उनका इलाज किया जा रहा है। जैसे ही घटना की जानकारी सांसद और रेलवे राज्य मंत्री दर्शना जरदोष को लगी, वह तुरंत अस्पताल पहुंच गई और घायलों से मुलाकात की। पश्चिम रेलवे की पुलिस अधीक्षक सरजो कुमारी ने बताया कि यात्री सुबह सूरत रेलवे स्टेशन से ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने के लिए दौड़े और इस दौरान अफरा तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि कुछ लोग बेहोश हो गए हैं और कुछ यात्रियों को घबराहट की शिकायत आई। कई यात्री चक्कर खाकर गिर पड़े। वहीं इस मामले पर गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्लेटफार्म पर यात्रियों की संख्या बढ़ाने के बाद पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन यात्री ट्रेन पकड़ने के लिए दौड़े और इसी दौरान यह घटना घटी। उन्होंने बताया कि भीड़ को देखते हुए त्योहारी सीजन में विशेष उपाय किए गए हैं। साथ ही सरकारी रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के कर्मियों को भी तैनात किया गया है।



**आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़**-दिल्ली और उसके पड़ोसी राज्य से लोग अपने गांव जा रहे हैं। इसका असर शनिवार सुबह आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर दिखा। आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ पड़ी है और ट्रैफिक के कारण गाड़ियां काफी धीरे चल रही है। ट्रैफिक पुलिस ने निजी के उपयोग से बचने की सलाह दी है। इसके अलावा दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों और कार मालिकों को गाड़ी चलाते समय धैर्य रखने के लिए भी कहा है।

## ट्रेन से उतरते समय बुजुर्ग को लगी चोट, रेलवे पर लगा 30 हजार का जुर्माना

**नई दिल्ली।** रेल विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही पर चेन्नई के एक जिला उपभोक्ता विवाद निपटारा आयोग ने 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। विभाग की गलती के चलते ट्रेन से उतरते समय एक बुजुर्ग को चोट लग गई थी। बुजुर्ग ने विभाग के खिलाफ उपभोक्ता संरक्षण फोरम में केस दाखिल किया था।

### प्लेटफॉर्म से आगे रुके थे तीन डिब्बे

मामला दिसंबर 2021 का है। अगराम चेन्नई के केवी रमेश नवजीवन सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन से अंकलेश्वर जा रहे थे। वह ट्रेन के सेकेंड एसी कोच में सवार थे। जब उनकी ट्रेन अंकलेश्वर पहुंची तो उनका कोच और तीन दूसरे एसी कोच प्लेटफॉर्म के बाहर जाकर रुकी। इससे उनको ट्रेन से उतरने में काफी दिक्कत हुई। मजबूर होकर उनको कूदना पड़ा। इसकी वजह से उनको चोट लग गई।

बुजुर्ग यात्री ने इसकी शिकायत चेन्नई (उत्तर) के जिला उपभोक्ता विवाद निपटारा आयोग में की। अपनी सफाई में रेलवे ने कहा कि अंकलेश्वर का प्लेटफॉर्म बड़ा करने का काम किया जा रहा था, लेकिन तब तक वह हो नहीं पाया था। करीब 10 महीने बाद अक्टूबर 2022 में वह बन सका।

हालांकि आयोग ने रेलवे की सफाई को नहीं माना और बुजुर्ग यात्री को हुई दिक्कत के लिए रेलवे को सेवा में कमी का दोषी बताया। आयोग ने 30 अक्टूबर को दिए अपने फैसले में रेलवे को आदेश दिया कि वह बुजुर्ग यात्री को 25 हजार रुपये दे और पांच हजार रुपये मुकदमे में आए खर्च का दे।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन

### इंडो-पैसिफिक क्षेत्र और स्वच्छ ऊर्जा समेत इन मुद्दों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने आज पीएम मोदी से मुलाकात की। अपनी यात्रा के दूसरे दिन पीएम मोदी से मुलाकात के बाद ब्लिंकन ने ट्वीट कर इस वार्ता को दोनों देशों के लिए फायदेमंद बताया।

ब्लिंकन ने कहा,मैंने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चर्चा की कि कैसे अमेरिका और भारत एक खुले और सुरक्षित इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। मैं दोनों देशों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा में हमारे नवाचारों को जारी रखने के लिए तत्पर हूं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सामने आया 11 ......

उसने उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 302 (हत्या), 504 (जानबूझकर अपमान) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी। वकील कुलदीप जौहरी ने कहा, उन्होंने एफआईआर रद्द करने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की, लेकिन अदालत ने उसे खारिज कर दिया, जिसकी वजह से उन्हें लड़के के साथ जीवित होने के सबूत के तौर पर सुप्रीम कोर्ट में पेश होना पड़ा। अदालत ने याचिका को स्वीकार कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार, पीलीभीत के पुलिस अधीक्षक और न्यूरिया थाने के एसएचओ को नोटिस जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2024 में होगी। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अगले आदेश तक याचिका दाखिल करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाए।


परिशिष्ट 43
(अध्याय 3 पैरा 3.8)
प्रारूप ग-1 से ग-3
प्रारूप ग-1

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की डब्ल्यूपी (सिविल) सं. 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 5 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार, (जनहित फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ और एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: राजेश पटेल पुत्र- श्री रामदास पटेल/ पता-33, पुरैना, तहसील-पनागर, जिला जबलपुर (म.प्र.) 483220

राजनैतिक दल का नाम : इंडियन नेशनल कांग्रेस
(निर्दलीय अभ्यर्थियों को यहां "निर्दलीय" लिखना चाहिये)
निर्वाचन का नाम : मध्यप्रदेश विधानसभा 2023
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 101 पनागर (सामान्य)

में राजेश पटेल (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त उल्लिखित चुनाव का अभ्यर्थी अपने आपराधिक मामलों के बारे में निम्नलिखित जानकारी सार्वजनिक सूचना के लिए घोषणा करता हूँ :

| क्रम सं. | लंबित आपराधिक मामले | | | आपराधिक अपराधों के लिए सजा के संबंध में मामलों का विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की संख्या तथा मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा संबंधित और अपराध का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम और आदेश की तारीख | अपराध (ओं) का विवरण और लगाया गया दण्ड |
| 1 | लागू नहीं है | लागू नहीं है | लागू नहीं है | न्यायालय श्रीमान पी.सी. गुप्ता जेएमएफसी जबलपुर 08/05/2002 | 279, 337 भा. दं. वि. और दंड रूपये 700.00 |

राज्यों की परिषद के चुनाव या विधायकों द्वारा विधान परिषद के चुनाव के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित चुनाव का उल्लेख करें।

अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
(प्रारूप C-1 )

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: हरकेश कुमार चौधरी
ग्राम कांटी पोस्ट कांटी तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी
राजनीतिक दल का नाम : बहुजन मुक्ति पार्टी
निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम : मध्यप्रदेश विधानसभा
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 92 विजयराघवगढ़

मैं हरकेश कुमार चौधरी (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिविल जज सीनियर डिवीजन विजयराघवगढ़ जिला कटनी | RCT/ 321/2023 | लंबित है | 294, 323, 324, 427, 506, 325, 34 IPC मारपीट, गालीगलौज, झगड़ा, जान से मारने की धमकी |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
प्रारूप C-1

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: प्रणय पाण्डेय ग्राम सिमरापटी, तह. बहोरीबंद जिला कटनी म.प्र.
राजनैतिक दल का नाम : भारतीय जनता पार्टी
(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम : विधानसभा निर्वाचन-2023
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : बहोरीबंद - क्रं. 94

मैं प्रणय पाण्डेय (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ :

(अ) लंबित अपराधिक प्रकरण

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों और धारा (ओ) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | म.प्र.एम.एल.ए. न्यायालय जबलपुर | एस.सी.पी.पी. एम-18/22 दिनांक 3.1.2018 लंबित है | लंबित है | भा.द.सं. 1860 धारा 34 भा.द.सं. 1880 धारा 186 |

राज्य परिषद के निर्वाचन विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**पश्चिम मध्य रेल**
विद्युत विभाग(कर्षण-वितरण शाखा)
जबलपुर ▪ ई-निविदा सूचना
एन.आई.टी. नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2023-19, दिनांक 08.11.2023

**वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/ पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते है। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **1. कार्य का नामः कटनी (छोड़कर)-सिंगरौली (छोड़कर) खंड की पीएसआई गतिविधियों की 2 साल के लिए आउटसोर्सिंग। 2. कार्य स्थलः** जबलपुर मण्डल। **3. कार्य की अवधिः** 24 माह। **4. कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू): ₹** 1,70,97,757/- (₹ एक करोड़ सत्तर लाख सत्तानवे हजार सात सौ सत्तावन मात्र)। **5. बयाना राशिः ₹ 2,35,500/-. 6. निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समयः** 08.12.2023, 15.00 बजे/08.12.2023, 15.30 बजे। **7. निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाईटः https://www.ireps.gov.in. 8.** निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस की माध्यम से **https://www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धिपत्रों हेतु IREPS की वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**
**इंजीनियरिंग विभाग ▪ खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्यों के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में **वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-217-2023, दिनांक 07.11.2023. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः जबलपुर में - पुराने जीएम भवन कार्यालय जबलपुर में एसडीजीएम कॉन्फ्रेंस हॉल (मीटिंग हॉल, पेंट्री और रसोईघर) का नवीनीकरण। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 38,80,371/-. **बयाना राशिः** ₹ 77,600/-. **समापन अवधिः** 8 माह। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-218-2023, दिनांक 09.11.2023. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः जबलपुर - कटनी - पुलों की अपर्याप्त बैरल लंबाई का विस्तार (पुल संख्या 978/1 अप, 979/2 अप, 980/2 अप, 982/1 अप, 1012/1 डाउन, 1020/1 डाउन, 1015/2 डाउन)। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 2,35,26,723/-. **बयाना राशिः** ₹ 2,67,600/-. **समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-219-2023, दिनांक 09.11.2023. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल इंजीनियर (पूर्व) जबलपुर के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर (अनु) कटनी उप मंडल में पांच विविध कार्यः पार्ट ए - नई कटनी जन्क्शन एवं एस के पी रेलवे कालानी स्टाफ क्वार्टर्स के खिडकी, दरवाजें एवं वेन्टिलेटर के सुधार कार्य। पार्ट बी - कटनी में सहायक अधिकारियों के केन्द्रीकृत कार्यालय का सुधार कार्य। पार्ट सी - नई कटनी जन्क्शन वर्तमान हास्पिटल बिल्डिंग का सुधार कार्य। पार्ट डी - नई कटनी जन्क्शन रेलवे संस्थान का सुधार कार्य। पार्ट ई - नई कटनी जन्क्शन सामुदायिक भवन का सुधार कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 2,48,95,074/-. **बयाना राशिः** ₹ 2,74,500/-. **समापन अवधिः** 18 माह। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-220-2023, दिनांक 09.11.2023. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल अभियंता ब्योहारी सब डिवीजन के अधीन सरईग्राम डिपो में रेलवे स्पेसिफिकेशन जून 2023 के अनुसार मशीन से तोड़ी गई 65 एम.एम. की कठोर एवं डयूरेबल ट्रेक स्टोन बैलास्ट की सभी लीड लिफ्ट टैक्सेस, रायल्टीस, डयूटीस आदि सहित आपूर्ति एवं चट्टे लगाना तथा लोड़िंग का कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 5,39,80,000/-. **बयाना राशिः** ₹ 4,19,900/-. **समापन अवधिः** 12 माह।

**उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए:- निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय (15.00 बजे तक):** 05.12.2023. **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.15 बजे):** 05.12.2023. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
प्रारूप C-1

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: अरुण कुमार पटेल- ग्राम बाल गांगाधर तिलक वार्ड नं. 1 कटनी
राजनीतिक दल का नाम : पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)
(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम : विधानसभा
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : मुड़वारा 93

मैं अरुण कुमार पटेल (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता/करती हूँ :

(A) लंबित अपराधिक प्रकरण

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1<br>2 | चतुर्थ सिविल जज वर्ग-1 कटनी<br>न्यायिक दंडाधिकारी सिविल कोर्ट -पवई | 5627/2022<br>648/2020 | 14/09/2023<br>19/01/2024 | 294, 323, 506<br>304/A |
| | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगाई गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1 | न्यायिक दंडाधिकारी पवई पन्ना | निरंक | निरंक |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
(प्रारूप C-1 )

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: मांगी लाल पता- ग्राम चंदेरी पो. घाटपिपरिया जबलपुर
राजनीतिक दल का नाम : गोंडवाना गणतंत्र पार्टी
(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम : विधानसभा
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 96 बरगी

मैं मांगी लाल (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ/करती हूँ :

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विपिन भदोरिया VI अपर सत्र न्या. जबलपुर | पेशी-30/11/23 S.T.No. 565/23 | आरोप तर्क | 420, 467, 471, IPC |
| निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |
| निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1 | निरंक | निरंक | निरंक |

# देश-प्रदेश

उवाच

## चुनाव में भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं: जयराम



**जयपुर, (एजेंसियां)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संचार) एवं सांसद जयराम रमेश ने राजस्थान विधानसभा आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं होना एवं गलत प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह चुनाव में जनता का जनादेश पाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एवं केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और ध्रुवीकरण का सहारा ले रही है। श्री रमेश शनिवार को यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों तथा आगे के पांच वर्षों में कांग्रेस पार्टी क्या करेगी।

### मुख्यमंत्री ने आमला, बालाघाट और परासिया सहित 8 सभाओं को किया सम्बोधित, बोले-

## प्रदेश ने पहले टूटी सड़कों का दौर देखा, अब मेट्रो से सफर की तैयारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि60 हजार किलोमीटर टूटी-फूटी सड़कों के दौर से आज हम मेट्रो रेल तक का सफर, टपरे वाली आईटीआई से ग्लोबल स्किल पार्क तक का सफर बहुत ही गौरवशाली है। आज हम फिर संकल्प लेते हैं कि, मध्यप्रदेश को देश के सबसे विकसित राज्यों में से एक राज्य बनाकर ही हम चैन की सांस लेंगे। मध्यप्रदेश में शानदार सड़कों का जाल, बिजली का उत्पादन, फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट जैसी सुविधाएं दी है।



श्री चौहान ने शनिवार को भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आमला, भैंसदेही, मानपुर, केवलारी, बरघाट, छिंदवाड़ा, परासिया और सौंसर सहित 8 चुनावी सभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश कभी बीमारू और पिछड़ा राज्य कहलाता था आज उसे हमने विकसित मध्यप्रदेश बनाया हैं। प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार की कई योजनाओं में मध्यप्रदेश नंबर 1 हैं। चाहे स्वच्छता हो, जल संरक्षण हो, पर्यावरण बचाना हो, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की गुणवत्ता हो, पीएम आवास हो, स्वामित्व योजना हो, पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना हो। कई योजना में मध्यप्रदेश नंबर 1 है और नंबर 1 का यह सफर निरंतर जारी रहेगा।' उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से बदली है। अगर 71 हजार करोड़ से 13 लाख करोड रुपए पार हुए हैं तो उसमें सबसे बड़ा योगदान, सिंचाई का है। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत राशि दे रहें हैं। जनसभाओं में उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और कहा कि कांग्रेसी आपस में ही भीड़ रहें हैं, यह कपड़ा फाड़ कांग्रेस हो गई है। छिंदवाड़ा और राघौगढ़ वाले अपने-अपने बेटों को स्थापित करने में जुटे हुए हैं। ये कांग्रेस पर कब्जे की लड़ाई है, इन नेताओं के झगड़े में कांग्रेस और कार्यकर्ता पिस रहें हैं।

### मनावर की सभा में बोले अमित शाह

## भाजपा ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी



**मनावर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी पार्टी है और इसने आदिवासियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

वरिष्ठ नेता श्री शाह ने मध्यप्रदेश के पश्चिमी हिस्से में स्थित धार जिले के मनावर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कई दशकों तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने आदिवासियों का उपयोग सिर्फ वोट बैंक के रूप में किया और उनके हित में कदम नहीं उठाए। आदिवासियों के हित में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने नौ वर्षों के दौरान किए। यहां तक कि भाजपा ने इसी वर्ग से आने वाली महिला को राष्ट्रपति बनवाने का मार्ग भी प्रशस्त किया।

श्री शाह ने इस अवसर पर आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा का स्मरण करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने ही 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है और इस दिन पूरे देश में व्यापक आयोजन किए जाएंगे। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की ओर से आदिवासियों के हित में उठाए गए कदमों के बारे में भी बताया। श्री शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा, बाह्य सुरक्षा और अन्य मुद्दों का भी जिक्र किया और कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ नरेंद्र मोदी सरकार ने नौ वर्षों के दौरान इन सभी मोर्चों पर मजबूती से कदम उठाए हैं। भाजपा ने जो भी कहा है, वो करके दिखाया है। चाहे वह धारा 370 से जुड़ा मसला हो या फिर अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से संबंधित मुद्दा हो। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में बीस वर्षों पहले कांग्रेस के शासन में क्या स्थिति थी, यह सबको पता है। तब सड़क, बिजली और पानी जैसी सुविधाएं भी नहीं थीं।

## कनाडा में सिख बाप-बेटे की गोली मारकर हत्या

**टोरंटो।** कनाडा के एडमोंटन में गुरुवार को दिनदहाड़े सिख बाप-बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह लक्ष्य बनाकर की गई हत्या थी। शॉपिंग प्लाजा के पास स्थित गैस स्टेशन पर 41 वर्षीय हरप्रीत सिंह उप्पल और उसके बेटे को गोली मारी गई। एडमोंटन पुलिस का कहना है कि दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

कार में मौजूद हरप्रीत सिंह के बेटे का दोस्त भी मौजूद था। वह सही सलामत बच गया। पुलिस का कहना है कि हरप्रीत सिंह का अपराधिक इतिहास रहा है। वह ब्रदर्स कीपर्स गैंग से जुड़ा था और यह हत्या उसके प्रतिद्वंद्वी यूएन गैंग की ओर से की गई है। इससे पहले भी उसकी हत्या का प्रयास वर्ष 2021 में किया गया था, जब वह एक पिज्जा की दुकान में अपने परिवार के साथ गया था।

**हत्यारों ने मारने के लिए किया था पीछा**-पुलिस का कहना है कि हत्यारों ने हरप्रीत सिंह के कार का पीछा उसे मारने के लिए ही किया था। हालांकि

### हमले में बाल-बाल बचा दोस्त

कार में उसका बेटा भी मौजूद है इसकी जानकारी उन्हें होगी ऐसा नहीं लगता। जब उन्हें पता चला होगा कि उसका बेटा भी मौजूद है तो उसे भी मार दिया गया।

**पूरे देश में हो रही हत्याएं**-सूत्रों ने पोस्टमीडिया को बताया है कि उप्पल ब्रदर्स कीपर्स के एक प्रमुख सहयोगी थे। माना जाता है कि उनकी हत्या संयुक्त राष्ट्र गिरोह और बीके के बीच युद्ध की वजह से की गई। वैंकूवर क्षेत्र में शुरू होने के बाद से हत्याएं अब पूरे देश में हो रही हैं। उप्पल की हत्या से एक दिन पहले संयुक्त राष्ट्र के गैंगस्टर परमवीर चाहिल की टोरंटो में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि हत्याएं आपस में जुड़ी हो सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उप्पल पर कोकीन रखने और तस्करी के साथ-साथ शरीर के कवच के अवैध कब्जे से संबंधित आरोप लगे थे। सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2024 में एक परीक्षण शुरू होने वाला था। उनपर मार्च 2021 के एक मामले के संबंध में हथियार से हमला करने और अनधिकृत रूप से आग्नेयास्त्र रखने का भी आरोप लगाया गया था।

### सागर के कटरा नमक मंडी में कमलनाथ ने किया आमसभा को सम्बोधित, बोले

## भाजपा शासन में शोषण और अत्याचार से प्रदेश का हर वर्ग परेशान

**मतदान से पहले कांग्रेस का वचन-पत्र पढ़ने की अपील**



**सागर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, महंगाई, घोटालों, दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, युवाओं के साथ शोषण और अत्याचार से प्रदेश के हर वर्ग का व्यक्ति परेशान है। कमलनाथ ने कहा कि बेरोजगारों के भविष्य की चिंता जताते हुए कहा कि आज मध्य प्रदेश बेरोजगारी में नंबर वन है, प्रदेश में एक करोड़ नौजवान बेरोजगार है, आज का नौजवान स्वाभिमानी है, वह अपने हाथों को काम चाहता है, वह कोई ठेका या कोई कमीशन नहीं चाहता है।

वह आज सागर के कटरा नमक मंडी में आयोजित कांग्रेस की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। कमलनाथ ने कहा नौजवान हमारे प्रदेश का भविष्य हैं, लेकिन अगर नौजवानों का भविष्य अगर खतरे में रहा तो कैसे प्रदेश का विकास होगा। कमलनाथ ने आरोप लगाया कि शिवराज सिंह चौहान कहते थे कि मैं एक लाख युवाओं को रोजगार दूंगा। तब मैंने उनसे कहा था कि आप एक लाख छोड़िए जो बैकलॉग के पद खाली पड़े हैं और उन्हें ही भर दीजिए, संविदा पर ही भर्ती कर दीजिए। उन्होंने कहा कि आपको शिवराज सिंह चौहान की नीयत को समझना होगा। वह पिछले कुछ महीनों में ढाई हजार घोषणा कर चुके है । कमलनाथ ने कहा कि भाजपा ने महंगाई , बेरोजगारी , चौपट अर्थव्यवस्था और घर-घर में शराब देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में घोटाले का कमीशन का विकास हुआ है। कमलनाथ ने अपनी पिछली सरकार की उपलब्धियों को भी मंच से गिनाया, कहा कि आज आप के बिजली बिल देखिए और याद कीजिए जब हमारी सरकार थी तब हमने सौ यूनिट फ्री बिजली देने का काम किया था।

कांग्रेस ने 11 महीने में 1 हजार गौशालाएं बनाई थी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 3 सौ से बढ़कर 6 सौ किया था, जो कि अब सरकार आने पर 12 सौ करने वाले हैं। उन्होंने सवाल किया कि पिछले 18 सालों से बहनों का ध्यान नहीं आया, लेकिन चुनाव आते ही बहनें लाड़ली हो गईं, उन्हें लगता है कि हम प्रलोभन दे देंगे और वह हमें वोट दे देंगी।

कमलनाथ ने कांग्रेस के वचन पत्र में की गई घोषणाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह चुनाव किसी पार्टी के भविष्य का नहीं बल्कि यह प्रदेश के भविष्य का चुनाव है, इसलिए मतदान के पहले कांग्रेस का वचन पत्र को जरूर ध्यान में रखिएगा। स्वागत भाषण में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने भाजपा विधायक पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने सरकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। कांग्रेस प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने मंच संचालन करते हुए कहा कि भाजपा तो स्कूलों को व्यवसायिक परिसर बनाकर नौनिहालों के भी अधिकार छीन रहीं है।

जनसभा के संचालन में सहयोगी डॉ. संदीप सबलोक रहे। आभार चक्रेश सिंघई ने जताया। जबकि चुनावी सभा को संचालक पं संतोष पाण्डेय, रेखा चौधरी, जगदीश यादव, सुरेंद्र चौबे, पुरषोत्तम मुन्ना चौबे एवं महेश जाटव ने भी सम्बोधित किया। मंच पर प्रभारी अंजुसिंह बघेल, सुरेन्द्र रघुवंशी, डॉ. आनंद अहिरवार, अशोक श्रीवास्तव, मुकुल पुरोहित, अमितराम दुबे, अंकलेश्वर दुबे, अभिषेक गौर, पार्षद और वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### अबकी दीवाली-कांग्रेस वाली थीम पर कांग्रेस ने मनाई दीवाली

## बेटियों और नागरिकों के साथ निकाली कलश यात्रा

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस दीपावली के एक दिन पहले छोटी दीपावली पर अबकी दीवाली-कांग्रेस वाली थीम पर दीवाली मनाई।

राजधानी में तलैया स्थित कालीमंदिर चौराहे से नीलम पार्क, लिली टॉकीज, पुलिस 7 वीं वाहिनी रोड होते हुए खटलापुरा मंदिर तक निकाली गई कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों बेटियों के साथ कांग्रेसजनों और आम नागरिक शामिल हुए। भोपाल में जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के नेतृत्व में आयोजित इस आयोजन में अभा कांग्रेस कमेटी के महासचिव और मप्र प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस की स्पष्ट बहुमत से जीत का दावा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार आएगी, इसलिए समूचा मध्यप्रदेश कह रहा है कि अबकी दीवाली कांग्रेस वाली। हर घर में उम्मीद की एक रोशनी जगमगा रही है। समूचे मप्र में इस बार दीपावली की अभिभूत कर देने वाली रौनक दिखाई दे रही है। मप्र कांग्रेस द्वारा 'अबकी दीवाली कांग्रेस वाली' थीम के साथ यह आयोजन किया गया है। इस आयोजन में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्षा नेटा डिसूजा, अभा कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं आईटी व सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत, मप्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजीव सिंह, अभय दुबे, विभा पटेल, जे.पी. धनोपिया, संजीव सक्सेना, संतोष कंसाना, अभिषेक शर्मा, सहित हजारों बेटियां, कांग्रेसजनों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। इसी प्रकार इंदौर में भी आज जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा अबकी दीवाली-कांग्रेस वाली थीम पर दीवाली मनाई गई। इंदौर में आयोजित आयोजन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत चड्ढा, कांग्रेस नेता पंकज संघवी सहित शहर के प्रमुख नेता शामिल हुए।

## बद्रीनाथ में लगातार दूसरे दिन बर्फबारी, 18 नवंबर तक कपाट खुले रहेंगे

**बद्रीनाथ।** बद्रीनाथ धाम में दो दिनों से लगातार बर्फबारी हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि बद्रीनाथ में दो इंच बर्फबारी दर्ज की गई। उत्तराखंड के चार धाम स्थलों में से एक बद्रीनाथ धाम बर्फ की चादर से ढंका हुआ है। इस बीच, बद्रीनाथ धाम के कपाट 18 नवंबर से बंद कर दिए जाएंगे। बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए 27 अप्रैल को खोले गए थे। उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय के मुताबिक, 16 अक्टूबर तक चार धाम में 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए थे। साथ ही करीब 5 लाख 40 हजार वाहन भी चार धाम पहुंचे। यात्रा शुरू होने के बाद 1 लाख 78 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने केदारनाथ धाम के दर्शन किए, वहीं 1 लाख 59 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बद्रीनाथ धाम के दर्शन किए।

## भाकपा 9 सीटों पर चुनाव मैदान में, संकल्प पत्र जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) 9 सीटों पर चुनाव मैदान में है। पार्टी ने चुनाव हेतु जनता के बुनियादी हितों से जुड़े मुद्दों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति करते हुए अपना संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा के मध्य प्रदेश राज्य सह सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली और सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड सत्यम पांडे ने यहां पत्रकार वार्ता में पार्टी का संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव में भाकपा की जनता से अपील है कि भाजपा की हार सुनिश्चित करें और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की उपस्थिति सुनिश्चित करें। भाकपा के संकल्प पत्र के मुख्य बिंदुओं में सबके लिए एक समान ,गुणवत्ता पूर्ण और निशुल्क शिक्षा ,राज्य के बजट में 6 प्रतिशत का प्रावधान करना, सबके लिए सम्मानजनक रोजगार की गारंटी ,संविदा प्रथा की समाप्ति ,संविदा कर्मियों का नियमितीकरण ।समान काम का सामान वेतन सुनिश्चित करना, सबके लिए न्यूनतम वेतन 25 हजार रुपए, चतुर्थ श्रेणी के पदों पर स्थाई सरकारी नियुक्ति कर ठेकेदारी प्रथा समाप्त करना, राज्य परिवहन निगम पुन: शुरू करना, सबके लिए निशुल्क ,सम्मानजनक आवास की गारंटी, व्यापक भूमि सुधार, प्रत्येक भूमिहीन परिवार के लिए 10 एकड़ जमीन का म्मालिकाना हक प्रदान करना, कृषि लागत का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य प्रदान करना, व्यापक चुनाव सुधार करना, ईवीएम को निरस्त करना और समानुपातिक प्रणाली से चुनाव करवाना, सबके लिए गुणवत्ता पूर्ण और निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करना, हिंसा से मुक्ति, महिलाओं ,बच्चों, दलितों, आदिवासियों और अल्प संख्यकों की सुरक्षा की गारंटी, शहरी क्षेत्रों में भगतसिंह रोजगार गारंटी कानून लाकर सभी के लिए रोजगार की गारंटी प्रदान करना, भोपाल के सभी गैस पीड़ितों को अधिकतम मुआवजा, निशुल्क चिकित्सा, निराश्रितों को 3 हजार रुपए प्रति माह सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान करना शामिल है।

## रोड नहीं तो वोट नहीं : ग्रामीणों की धमकी से मचा हड़कंप

**नरेन्द्र कुमार मौर्य**

**रीवा, देशबन्धु।** चुनाव के दौरान सड़क बनाने की कोशिश को लेकर एक प्रत्याशी की प्रशासन से झड़प का मामला चर्चा में है। यह मामला सिरमौर के निवर्तमान विधायक और भाजपा प्रत्याशी दिव्यराज सिंह के चुनाव क्षेत्र का है। यहां एक गांव है बेसनपुर्वा, जहां से रीवा जाने का सीधा रास्ता नहीं है, घूमकर जाना पड़ता है। जब दिव्यराज सिंह प्रचार के दौरान यहां पहुंचे तो लोगों ने %रोड नहीं तो वोट नहीं% का नारा लगा दिया। इससे वे परेशान हो गए और उन्होंने सरकारी अधिकारियों को इस काम पर लगा दिया।

सिरमौर से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी कांति कुमार दुबे ने बताया कि शुक्रवार को एसडीएम सोनाली देव अपने अमले के साथ यहां रोड बनवाने पहुंची थीं। हमने कहा कि इस रोड़ में हमारी पट्टे की ज़मीन आ रही है। कुछ और लोगों की भी ज़मीन भी आ रही है। उनके पड़ोसी ने इसके खिलाफ स्थगनादेश भी लिया हुआ है, इसलिए अभी यहां निर्माण नहीं हो सकता और यह आचार संहिता के भी ख़िलाफ़ है। श्री दुबे ने बताया कि यह सुनते ही एसडीएम नाराज़ हो गईं और कहा कि इतने मुकदमे लाद दूंगी कि गिनती भूल जाओगे। तुम विधायक के काम में रोड़े अटका रहे थे। तुम्हें सबक सिखाना ही पड़ेगा। इसके बाद उन्होंने कांति कुमार दुबे को हिरासत में ले लिया। लेकिन जब वे उन्हें ले जाने लगीं तो गांव के लोगों ने घेर लिया। ग्रामीणों के दबाव के चलते उन्हें कांति कुमार दुबे को छोड़ना पड़ा।

सीपीएम के वरिष्ठ नेता बादल सरोज कहते हैं कि यह सिर्फ़ निजी ज़मीन पर

### आनन फानन में सड़क बनवाने पहुंचा प्रशासन, माकपा प्रत्याशी को लिया हिरासत में फिर छोड़ दिया

सड़क बनवाने का मामला नहीं है बल्कि चुनाव प्रचार के दौरान सड़क बनवाने का है, वह भी उस विधायक की ज़मीन पर, जो सीपीएम प्रत्याशी भी है। तीन दिन पहले भी उन्होंने सीपीएम प्रत्याशी और उनके समर्थकों की गाड़ियों से झंडे नोंचने का काम किया था। बादल सरोज ने कहा कि सुश्री देव सिर्फ एसडीएम नहीं हैं, सिरमौर विधानसभा क्षेत्र की सहायक निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारी भी हैं। इन जैसी मानसिकता के चुनाव अधिकारियों के रहते चुनाव कितने निष्पक्ष होंगे, इसका अनुमान लगाया जा सकता है।

सीपीएम प्रत्याशी कांति कुमार दुबे ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में जिला निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। उधर एसडीएम सोनाली देव से जब फ़ोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि सीपीएम वहां लोगों को डरा धमका कर भय पैदा कर रही है। वहां मतदान को लेकर कुछ दिक्कत की ख़बर मिली थी इसलिए शासकीय आदेश पर हम स्थिति का जायजा लेने गए थे, न कि रोड बनवाने। उन्होंने कहा कि लोगों ने लिखित में दिया है कि कोई दिक्कत नहीं है, वे मतदान करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क जहां बननी है, वहां किसी की ज़मीन नहीं आ रही है। उसे सरकारी जमीन पर ही बनना है। प्रस्तावित सड़क के किनारे सात लोगों की ज़मीन है। उनमें समझौता हो गया है। पारसनाथ जी ने लिखित में दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीपीएम यहां माहौल खराब कर रही है।

इस मामले में एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें कांति कुमार दुबे स्थगनादेश की बात करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो देखकर लगता है कि कुछ मामला तो है लेकिन ग्रामीणों के इकट्ठे हो जाने के कारण अधिकारी कामयाब नहीं हो पाये।

## बीमार पत्नी से मिलने पहुंचे सिसोदिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बीमार पत्नी सीमा से मिलकर फिर से तिहाड़ जेल रवाना हो गए। सिसोदिया शनिवार 11 नवंबर को सुबह 10 बजे घर पहुंचे थे। कोर्ट ने उन्हें शाम 4 बजे तक यानी कुल 6 घंटे का वक्त दिया था। सिसोदिया ने 9 नवंबर को राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दाखिल कर बीमार पत्नी से मिलने के लिए 5 दिनों का समय मांगा था। कोर्ट ने उन्हें केवल एक दिन के लिए पत्नी सीमा से मिलने की इजाजत दे दी थी। कोर्ट ने मनीष को निर्देश दिया था कि घर जाने के दौरान वे मीडिया या किसी अन्य राजनेता से नहीं मिलेंगे, ना ही कोई बयान जारी करेंगे। इससे पहले वे जून 2023 में गिरफ्तारी के 103 दिन बाद घर आए थे।

**मल्टीपल स्केलेरोसिस से हैं पीड़ित** -मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया मल्टीपल स्केलेरोसिस नाम की बीमारी से पीड़ित हैं। मल्टीपल स्केलेरोसिस एक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है। इसमें दिमागी नसों की कवरिंग किसी वजह से निकल जाती है। यह सेंट्रल नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है।


In The Court of IV Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur presiding Officer:
आनंद बागरी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000841/2023)
विजय कुमार यादव.............वादी
Vs
मुख्य कार्यपालन अधिकारी ............ प्रतिवादी
Process Id- /2023
पेशी दि.:-21/11/2023
प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.
यह कि प्रार्थी विजय कुमार यादव ने आपके विरूद्ध सिविल सूट दावा वास्ते 5000 रूपये पर विधि अनुसार न्याय शुल्क चस्पा के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 03 अक्टूबर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा-
टिप्पणी -प्रकाशन नोटिस के साथ दावा वास्ते 5000 रूपये पर विधि अनुसार न्याय शुल्क चस्पा की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(आनंद बागरी)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
जबलपुर , (म.प्र.)
र.नं. 1566

In The Court of IV Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur presiding Officer:
आनंद बागरी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000840/2023)
प्रशांत यादव.............वादी
Vs
श्रीमती मेघा आकाश ............ प्रतिवादी
Process Id- /2023
पेशी दि.:-21/11/2023
प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.
यह कि प्रार्थी प्रशांत यादव ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते घोषणा दावे का मूल्यांकन 5000 पांच हजार रूपये पर विधि अनुसार न्याय शुल्क चस्पा के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 04 अक्टूबर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा-
टिप्पणी -प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते घोषणा दावे का मूल्यांकन 5000 पांच हजार रूपये पर विधि अनुसार न्याय शुल्क चस्पा की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(आनंद बागरी)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
जबलपुर , (म.प्र.)
र.नं. 1565


न्यायालय - नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर
रा.प्र.क्रं..../अ-6/20....
इश्तहार
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति परवीन बेगम पत्नि मो. असलम राईन निवासी 1004, 4639 पुरानी मछरहाई राममनोहर लोहिया वार्ड जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 25/6/1999 के माध्यम से मौजा रामपुर नं.बं. 1 प.ह.नं. 32 ख.नं. 48 रकवा 750 वर्गफुट विक्रेता विजय बी. लाल 2. शशिकांत अग्रवाल से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारानामा/ हस्तान्तरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 23.11.23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 09.11.23 को जारी किया गया।
जारी दिनांक 09.11.2023
पेशी दिनांक 22.11.2023
नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
गोरखपुर, जबलपुर

न्यायालय -अतिरिक्त तहसीलदार रांझी, जबलपुर
रा.प्र.क्रं.1149/अ-6/2023-24
इश्तहार
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीलाल जी प्रसाद यादव पिता स्व. श्री जीवनलाल यादव निवासी- 1904 डिफेन्स कॉलोनी साउथ सिविल लाईन जबलपुर द्वारा ग्राम कजरवारा नं.बं. 505 प.ह.नं. 10 प्लॉट नं.... खसरा नं. 300/1 रकवा 0.664 हे. भूमि पर विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण/ फौती नामांतरण/ डिक्री/ वसीयतनामा/ बटवारानामा रजिस्टर्ड शासकीय अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अत: उक्त भूमि पर आवेदक/ आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था आदि को कोई आपत्ति/ऐतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्रमांक 72 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 03/11/2023 को जारी।
जारी दिनांक 03.11.2023
पेशी दिनांक 06.12.2023
र.नं. 1558 अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर
पत्र क्रं./बा. वि./2023/706
दिनांक 06/11/2023
दुकान नामान्तरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्री सिद्धांत गुप्ता पिता श्री शंकर लाल गुप्ता द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र एवं विक्रय पंजीयन पत्र के आधार पर निगम स्वामित्व की नौदरापुल मार्केट दुकान क्र. 16 में नया अनुज्ञसिधारी के रूप पर नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया हैं। जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में कार्यालय बाजार अधीक्षक, कमरा नं. 54, नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।
बाजार अधीक्षक
नगर निगम जबलपुर

निविदा/नियुक्ति/जाहिरात
नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Sushila Maruti Hajare पत्नि Maruti उम्र 78 वर्ष निवासी - ग्राम - Shirguppi पोस्ट ऑफिस Shirguppi, तहसील - Chikodi जिला- Belagavi राज्य- Karnataka पिन कोड - 591237 शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि
यह कि मेरे पुत्र का आर्मी न.15668588P, Rank- HAV , Name- Hajare Prakash Maruti है, मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Susela एवं मेरी जन्म तिथि 01/07/1957 दर्ज हो गई है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Sushila Maruti Hajare एवं जन्मतिथि 01/01/1945 दर्ज है जो की सही है उक्त जन्मतिथि एवं नाम मेरी ही है। यह कि मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे नाम Susela एवं जन्म तिथि 01/07/1957 के स्थान पर मेरा नाम Sushila Maruti Hajare एवं जन्म तिथि 01/01/1945 दर्ज की जाकर लिखा एव पढ़ा जाए।

# साहित्य



# पृथ्वीराज कपूर

## जिनकी इंसानियत और दरियादिली के कई क़िस्से हैं मक़बूल

■ ज़ाहिद ख़ान

भारतीय सिनेमा में पृथ्वीराज उस बेमिसाल शख़्सियत का नाम है, जिनकी शानदार अदाकारी के साथ—साथ उनकी बेजोड़ इंसानियत और बेपनाह दरियादिली के भी कई क़िस्से मक़बूल हैं। पृथ्वीराज कपूर जब कामयाबी के उरूज पर थे, तब उन्होंने बॉम्बे में एक ट्रैवलिंग थियेटर कंपनी के तौर पर 'पृथ्वी थियेटर' की क़ायमगी की। इस ग्रुप का मोटो था 'कला देश के लिए'। 'पृथ्वी थियेटर' के मार्फ़त देश के छोटे-बड़े शहरों में उन्होंने ढाई हज़ार से ज़्यादा नाटकों का मंचन किया। पृथ्वी थियेटर में तक़रीबन डेढ़ सौ लोग शामिल थे। तीन घंटे का शो खत्म होने के बाद, पृथ्वीराज कपूर गेट पर झोला लेकर खड़े हो जाते थे, ताकि शो देखकर आ रहे दर्शक उसमें अपने दिल से कुछ मदद करें। शो के ज़रिए जो पैसा इकट्ठा होता, उससे उन्होंने एक 'वर्कर फंड' बनाया था। जो 'पृथ्वी थिएटर' में काम करने वाले कलाकारों, टैक्नीशियनों और कर्मचारियों की मदद के काम आता था। बीसवीं सदी का चौथा दशक मुल्क की सियासत में बड़ा उथल—पुथल भरा और निर्णायक दौर था। अंग्रेज़ हुकूमत ने जब भारत पर अपनी गिरफ़्त कमजोर होती देखी, तो उसने देश के दो बड़े समुदायों हिंदू और मुस्लिम की एकता को तोड़ने के लिए उनके बीच मतभेद बढ़ाना शुरू कर दिए। ताकि ये दोनों क़ौमें आपस में भिड़ी रहें और वे आराम से उन पर हुकूमत करते रहें। पृथ्वीराज कपूर ने 'पृथ्वी थियेटर' के ज़रिए उस वक़्त जो ड्रामे 'दीवार', 'पठान', 'गद्दार' और 'आहुति' का मंचन किया, वे राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने वाले थे। उन्होंने अपने इन नाटकों के माध्यम से देशवासियों में जहां एकता का पाठ पढ़ाया, वहीं अंग्रेज़ हुकूमत की चालबाजियों की तरफ़ भी इशारा किया। देश की आज़ादी के लिए उन्हें बेदार किया।



**पृथ्वीराज कपूर 'भारतीय जन नाट्य संघ' यानी इप्टा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं।साल 1943 में जब मुंबई में इप्टा की दागबेल डली, तो वो उससे जुड़ गये। पृथ्वीराज कपूर मुंबई इप्टा के ऑनरेरी प्रेसीडेंट भी रहे। बंगाल में जब भयानक अकाल पड़ा, तो इप्टा ने अकाल पीड़ितों की मदद के लिए, देश भर में नाटकों के कई शो किये। ताकि चंदा इकट्ठा किया जा सके। रेबा रॉय चौधरी जो इप्टा की एक अहम साथी थीं, उन्होंने अपनी आत्मकथा में मुंबई के उस वाक़िआत का तफ़्सील से ब्यौरा दिया है, जिसमें पृथ्वीराज कपूर अकाल पीड़ितों की मदद के लिए आगे आये थे।**

पृथ्वीराज कपूर 'भारतीय जन नाट्य संघ' यानी इप्टा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। साल 1943 में जब मुंबई में इप्टा की दागबेल डली, तो वो उससे जुड़ गये। पृथ्वीराज कपूर मुंबई इप्टा के ऑनरेरी प्रेसीडेंट भी रहे। बंगाल में जब भयानक अकाल पड़ा, तो इप्टा ने अकाल पीड़ितों की मदद के लिए, देश भर में नाटकों के कई शो किये। ताकि चंदा इकट्ठा किया जा सके। रेबा रॉय चौधरी जो इप्टा की एक अहम साथी थीं, उन्होंने अपनी आत्मकथा में मुंबई के उस वाक़िआत का तफ़्सील से ब्यौरा दिया है, जिसमें पृथ्वीराज कपूर अकाल पीड़ितों की मदद के लिए आगे आये थे। '1944 में चर्चगेट रेलवे स्टेशन के पास मराठी सेंटेनरी के अहाते के विशाल आंगन में मंच बनाकर हमने 'वॉयस ऑफ़ बंगाल' का प्रदर्शन किया। पहले 'है..है..जापान' गीत के साथ डांस, फिर हारीन चट्टोपाध्याय का डांस 'दही बेचने वाला...' उसके बाद हमने उनका गीत गाया 'सूर्य अस्त हो गया गगन मस्त हो गया।' एक के बाद एक गीत और नृत्य चल रहे हैं। दर्शक दीर्घा में फ़िल्मी दुनिया की बड़ी-बड़ी हस्तियां बैठी हैं-पृथ्वीराज कपूर अपनी बीवी के साथ। जयराज, बनमाला, वी शांताराम और शोभना समर्थ वगैरह। मंच पर गीत चल रहा है 'सुनो हिन्द के रहने वाले..' अचानक पृथ्वीराज कपूर मंच पर आकर माइक पर ऐलान करते हैं कि, 'हमें बंगाल के अकाल पीड़ितों की मदद के लिए कुछ करना चाहिए।' फिर वे अपने सर की टोपी हाथ में लेकर, दर्शकों के बीच पहुंच गए और अपने बॉलीवुड के सभी साथियों के साथ बीस हज़ार रुपए बतौर चंदा इकट्ठा करके हमे दे गए।'



पृथ्वीराज कपूर के बारे में ऐसे कई क़िस्से मशहूर हैं, जब उन्होंने अपने साथी कलाकारों या जूनियर कलाकारों की आगे बढ़कर मदद की। अदाकारा दुर्गा खोटे ने अपनी आत्मकथा में इस बात का तफ़्सील से ब्यौरा दिया है कि किस तरह से उन्होंने अपने मामूली कर्मचारी को प्लेग की अफ़वाहों के बीच, कंधे पर रखकर उसे अस्पताल पहुंचाया। यहीं नहीं वे उस वक़्त तक अस्पताल में रहे, जब तक कि वह कर्मचारी सेहतमंद नहीं हो गया। लेखक, गीतकार विश्वामित्र आदिल को अस्थमा की बीमारी थी, सड़क पर उड़ने वाली धूल उन्हें परेशान कर डालती थी। पृथ्वीराज कपूर को जब यह बात मालूम चली, तो उन्होंने यह रोज़ाना का मामूल बना लिया कि सुबह-सुबह सड़क पर पानी का छिड़काव करवाते। ताकि धूल न उड़े। पृथ्वीराज कपूर की दरियादिली और इंसानियत के कई क़िस्सों का ज़िक्र शौकत आज़मी ने अपनी आत्मकथा 'याद की रहगुज़र' में किया है। शौकत आज़मी जब उनके नाटकों में रिहर्सल के लिए जाती, तो उन्होंने छोटी बच्ची शबाना के लिए बाक़ायदा एक आया का बंदोबस्त किया। ताकि शौकत अपनी रिहर्सल बिना चिंता के कर सकें। पृथ्वीराज कपूर अपनी पूरी टीम के साथ ही खाना खाते और उन्हीं के साथ इकट्ठा रहते। उन्हीं के साथ सोते। अपनी टीम के साथ उनका एक सा बर्ताव होता। अपने साथियों के दुखों और परेशानियों में वे हर दम उनके साथ खड़े रहते।

पृथ्वीराज कपूर का अदब और अदीबों से भी बड़ा लगाव था। ख़ास तौर पर वे जोश मलीहाबादी की शख़्सियत और शायरी के शैदाई थे। अदीब, जर्नलिस्ट हमीद अख़्तर ने अपनी एक किताब 'आशनाईयां क्या—क्या' में जोश मलीहाबादी का एक बहुत अच्छा ख़ाका लिखा है, इस ख़ाके में जोश के बहाने पृथ्वीराज कपूर का किरदार भी क्या ख़ूब सामने आया है। साल 1946 में हिंदी सिनेमा से जुड़े रहे हमीद अख़्तर लिखते हैं कि पृथ्वीराज कपूर नये लोगों को अक्सर ये सीख देते रहते थे कि ''अगर अच्छे अदाकार बनना चाहते हो और मकालमों की अदायगी में कमाल हासिल करने की आरज़ू है, तो जोश को पढ़ो।'' वो ख़ुद भी सैट पर वक़्तन-फ़वक़्तन जोश के अशआर गुनगुनाते रहते थे।' मुंबई में क़याम के दौरान एक वक़्त ऐसा भी आया, जब जोश मलीहाबादी को काफ़ी परेशानी थी। उन पर कुछ क़र्ज़ था, जिसी वजह से वे काफ़ी परेशान थे। हमीद अख़्तर ने पृथ्वीराज कपूर को जोश साहब की हालत-ए-ज़ार से आगह किया।



बहरहाल आगे का क़िस्सा उन्हीं की जुबानी, ख़ैर शायर-ए-इंक़लाब के हालात सुनके पृथ्वीराज ख़ासा रंजीदा हुआ। उस ज़माने में वो ग़ालिबन सबसे ज़्यादा मुआवजा लेने वाला अदाकार था। फ़िल्मों के अलावा 'पृथ्वी थिएटर' से उसे माक़ूल आमदनी होती थी।

पृथ्वीराज ने जोश साहब की रूदाद सुनने के बाद उनसे फ़रमाया, आपसे दरख़्वास्त है कि आज से आप अपने आप को 'पृथ्वी थिएटर' से जुड़ा हुआ समझें। आप पर यहां आकर बैठने की कोई पाबंदी नहीं है। न ही लिखने-लिखाने के सिलसिले में हमारी कोई शर्त है। बस, आपका जो जी चाहे और जब चाहे आप पृथ्वी थिएटर के लिए नज़्म या नस्र जो मुनासिब समझें, लिखकर हमें नवाज़ दिया करें।''

इसके बाद उसने एक लिफ़ाफा दोनों हाथों में पकड़कर जोश साहब को पेश करते हुए कहा, ''ये पहले महीने का एडवांस है। हम आपकी बड़ी हैसियत के मुताबिक़ तो अदायगी नहीं कर सकते, ताहम ये हक़ीर मुआवजा आपको हर माह मिलता रहेगा।''

थोड़ी देर वहां बैठने के बाद हम टैक्सी के ज़रिए, वापस रवाना हुए। जोश साहब ने लिफ़ाफ़ा मुझे थमाता हुआ कहा, ''देखो, कितने हैं ?''

मैंने गिना, तो उसमें पन्द्रह सौ रुपए थे। जो उस ज़माने में बड़ी रकम थी। जिस कंपनी में मैं और साहिर मुलाज़िम थे, वहां साहिर को उन दिनों गाने लिखने की तनख़्वाह चार सौ रुपए और मुझे मकालमा-नवेसी की मुआवजा साड़े तीन सौ रुपए मिलता था।

बहरहाल, कुछ अरसे के बाद जब हमीद अख़्तर, जोश मलीहाबादी से मिले तो उन्होंने उनसे पूछा, 'पृथ्वीराज से बंबई में उनका निभाह कैसा रहा ? पृथ्वीराज के साथ उनका वक़्त कैसा गुज़रा ?, उसने अपना वादा निभाया भी या नहीं? वगैरह-वगैरह।' 'भई क्या ख़ूब आदमी है वो।' जोश बोले, 'हमको दस माह तक बराबर पन्द्रह सौ रुपए हर माह भिजवाता रहा और हमने एक लफ़्ज़ भी उसको लिखकर नहीं दिया।'

---


पुस्तक समीक्षा

# जगमग भारत के अंधेरों की शिनाख्त

■ कुमार मुकुल

'जगमग अंधेरे में लोकतंत्र' कवि, पत्रकार रोहित कौशिक के आलेखों का संग्रह है। इन आलेखों के संपादित अंश कई अखबारों में प्रकाशित हुए हैं। अखबारों में स्थान सीमित होता है लेकिन पुस्तक में इन आलेखों को पढ़ने पर सम्पूर्ण विश्लेषण हमारे सामने प्रकट हो जाता है। जैसा कि शीर्षक से जाहिर है पुस्तक में वर्तमान समय के अंधेरों की शिनाख्त है। यह पारंपरिक अंधेरा नहीं है बल्कि राजनीति और व्यवस्था द्वारा फैलाए जा रहे प्रचार की चकाचौंध से पैदा दृष्टिहीनता है।

पुस्तक के तीन खंड हैं। पहला खंड गांधी पर केंद्रित आलेखों का है। गांधी एक दौर के प्रतीक हैं। उन्हें व्यक्ति से ज्यादा एक दौर के रूप में देखने पर ही हमें कुछ हासिल हो सकता है। आजादी के आंदोलन का जो दौर रहा है गांधी उसके प्रतीक हैं। इस माने में गांधी, नेहरू, पटेल, सुभाष, अंबेडकर, सरहदी गांधी आदि को मिलाकर ही इस दौर की चर्चा हो सकती है। इन नेताओं के अंतरविरोधों को जानकर सचेत होना सही है पर उन्हें एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करना आजादी के दौर की विरासत को कमजोर करना है। नेहरू, पटेल, अंबेडकर आदि को अलग-अलग दिशाओं में खींचकर हम कुछ प्राप्त नहीं कर सकते। रोहित कौशिक अपने आलेखों में इसी दृष्टि को जाहिर करने की कोशिश करते हैं। कुछ शक्तियों द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत गांधी को लेकर अनेक भ्रान्तियां फैलाई गई है। ये आलेख एक तरफ इन भ्रान्तियों को दूर करने का काम करते हैं तो दूसरी तरफ नई पीढ़ी में गांधी को समझने की दृष्टि भी विकसित करते हैं। निश्चित रूप से इस दौर में गांधी की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। पुस्तक के दूसरे भाग में समसामयिक विषयों पर टिप्पणियां हैं। यह पुस्तक का मुख्य खंड है। इसमें धर्म और जाति को लेकर बढ़ती कूपमंडूकता से आरंभ कर तमाम तात्कालिक मुद्दों पर प्रकाश डालने की कोशिश की गई है। इस खंड में लेखक ने आज के समय में एक लोकतांत्रिक देश के रूप में भारतीय समाज की कुछ मूलभूत समस्याओं की ओर हमारा ध्यान दिलाया है। इन समस्याओं के रहते किसी भी शासन व्यवस्था को जनहितकारी व्यवस्था नहीं माना जा सकता। जैसे अभिव्यक्ति पर अंकुश का सवाल है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उसका आदर्श होता है, जिसकी ओर उसे लगातार चलते रहना होता है। इस स्वतंत्रता के बिना लोकतांत्रिक देश होने का दावा बस दिखावा रह जाता है। धर्म या जाति के नाम पर हमारे मुल्क में तमाम तरह की अभिव्यक्ति को बाधित किया जाता रहा है। पत्रकारिता की गरिमा को बचाने का सवाल भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सवाल का ही हिस्सा है। इस खंड में और भी कई महत्त्वपूर्ण विषयों को उठाया गया है जैसे फर्जी किताबों का धंधा, रैगिंग की बीमारी, लैगिंक भेदभावा आदि। किसान आन्दोलन के प्रतिरोधी स्वर को कुंद करने के लिए जिस सरकार ने किसानों को ही पंजाब का किसान और उत्तर प्रदेश का किसान जैसे खेमों में या धनी किसान और गरीब किसान के बीच बांटने की कोशिश की, वह लोकतंत्र को कमजोर करने वाला है। संसद के 90 फीसदी सदस्य करोड़पति हैं।




**पुस्तक : जगमग अंधेरे में लोकतंत्र**
**लेखक : रोहित कौशिक**
**प्रकाशक : सहज प्रकाशन, मुजफ्फरनगर**
**मूल्य : 250 रुपये**

यह सवाल क्यों नहीं उठता कि कोई करोड़पति बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व किस तरह कर सकता है भला ? पर यह सवाल उठाया गया कि पंजाब के किसानों का आन्दोलन वहां के समृद्ध और बड़े किसानों का आन्दोलन है। राहुल, प्रियंका, मोदी, योगी, अखिलेश, जयंत आदि की राजनीति का विश्लेषण भी है इन आलेखों में। इसके साथ मुसलमान, किसान और पत्रकारिता के लिए बुरे होते जाते इस वक्त की पहचान भी है।

पुस्तक का तीसरा भाग देश-दुनिया की कुछ शख्सियतों पर केंद्रित है। जिनमें कवियों के कवि शमशेर, अंबेडकर, भगत सिंह, ओम प्रकाश वाल्मीकि से लेकर स्टीफन हॉकिंग और विष्णु प्रभाकर तक पर केंद्रित आलेख हैं। यह देखकर खुशी हुई कि इस खंड के पहले आलेख में रोहित कौशिक ने अपने जनपद के कवि शमशेर बहादुर सिंह को याद किया है। इस खंड का दूसरा आलेख अंबेडकर पर है। रोहित कौशिक का कहना सही है कि हमें अंबेडकर की मूर्तियों पर राजनीति करने से आगे बढ़कर उनके विचारों पर बात करनी चाहिए। इसी तरह आज के युवा को भगत सिंह के आदर्शों व विचारों के आईने में खुद को देखना चाहिए। कुल मिलाकर नए पाठक के लिए पुस्तक उत्प्रेरक की तरह है। इससे गुजरकर वे आगे की विचारसरणियों में जाने को प्रेरित होंगे।

---

# अब तो मज़हब कोई ऐसा भी चलाया जाए

■ गोपालदास 'नीरज'

अब तो मज़हब कोई ऐसा भी चलाया जाए।
जिसमें इंसान को इंसान बनाया जाए।
जिसकी ख़ुशबू से महक जाय पड़ोसी का भी घर
फूल इस क़िस्म का हर सिम्त खिलाया जाए।
आग बहती है यहाँ गंगा में झेलम में भी
कोई बतलाए कहाँ जाके नहाया जाए।
प्यार का ख़ून हुआ क्यों ये समझने के लिए
हर अँधेरे को उजाले में बुलाया जाए।
मेरे दुख-दर्द का तुझ पर हो असर कुछ ऐसा
मैं रहूँ भूखा तो तुझसे भी न खाया जाए।
जिस्म दो होके भी दिल एक हों अपने ऐसे
मेरा आँसू तेरी पलकों से उठाया जाए।
गीत उन्मन है, ग़ज़ल चुप है, रूबाई है दुखी
ऐसे माहौल में 'नीरज' को बुलाया जाए।

---

# माहौल कैसा चल रहा है भैया

चुनावी अखाड़े में विभिन्न पार्टियों के योद्धा कूद पड़े हैं। अपने-अपने झंडा, बेनर, समर्थकों और नारा लगाने वालों को साथ लेकर गली गली, मोहल्ले मोहल्ले, सभी को नमस्कार, प्रणाम, करते हुये,, मुस्कुराती हुई मुद्रा में पैदल चल रहे हैं। कुछ ही दिनों की तो बात है,, अगर कष्ट भी है तो थोड़ा सा सह लेने में क्या बुराई है। जीत गए तो आनंद ही आनंद है। आराम ही आराम है। फिर तो वह सब उनके द्वारे खुद आयेगें,, जिनके द्वारे आज उन्हें जाना पड़ा रहा हैं। सभी जोर-शोर से प्रचार में लगे हैं। मतदाता हर प्रत्याशी को बराबर सम्मान देते है। मालाओं से भी प्रत्याशी को लाद देते हैं। जिंदाबाद के नारे लगा देते हैं। आश्वासन भी देते है। थोड़ी दूर उसके साथ रैली में पैदल भी चल लेते है । लेकिन उसके मन का माहौल क्या है,, यह उन घूमने वालों को भी समझ में नहीं आ पाता है, जो निरंतर लोगों से मिल रहे हैं। वह खुद अपने कार्यकर्ताओं से पूछते रहते हैं,, माहौल कैसा चल रहा है भैया,,,,,??

दरअसल बात यह है कि मतदाता जो है,, वह बिल्कुल मूक दर्शक बना हुआ है। वहां से किसी भी प्रकार का फीडबैक नहीं मिल पा रहा है। जिसको जो समझ में आ रहा है, वही कहे जा रहा है। उसी प्रकार के दावे प्रति दावे भी किए जा रहे हैं। लेकिन आजकल हर जगह सिर्फ एक ही चर्चा है,, माहौल कैसा चल रहा है भैया ,,,?? और फिर इस बात को लेकर चर्चाएं शुरू हो जाती है, आपस में लोग तर्क,, ,,वितर्क करते रहते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें यह खबर,, यह पता नहीं लग पाता है, कि माहौल कैसा है। प्रचार चल रहे हैं, गति पकड़ते जा रहे हैं! कही कही पूरी गति में भी चुनाव प्रचार आ चुके हैं! लेकिन सवाल वही है,, माहौल कैसा चल रहा है भैया...

गांव हो या शहर हो, पान ठेला हो, चाय का ठेला हो, कोई दुकान हो, मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोग हों, आफिस हो, बाजार हों, सब इसी बात में व्यस्त दिख रहे हैं। और खड़े हुए प्रत्याशियों के बारे में भी चर्चाएं कर रहे हैं। पुरानी से पुरानी चर्चाएं और नई से नई घटनाओं का जिक्र इस समय में होना बहुत स्वाभाविक बात है। लोग पता नहीं कहां-कहां की बातें करते हैं,, प्रत्याशी किसी के घर अगर नहीं जा पाया है तो यह बात भी कई दफा लोगों को बहुत खराब लग जाती है। वह इस बात की भी चर्चा करते हैं कि प्रत्याशी हाथ हिलाते हुए निकल गया,, हमारे मोहल्ले में एक दो लोगों से मिला, लेकिन हमसे नहीं मिला। जबकि हमसे मिलना चाहिए था। इसके बाद वह यह खबर भी उसके पास भिजवाते हैं कि भैया को जब भी टाइम हो हमसे आकर जरूर मिल लें,, उसके पीछे का रहस्य है, अगर भैया उनसे जाकर मिल लेंगे तो मोहल्ले में उनकी इज्जत बढ़ जायेगी और भैया अगर नहीं मिले,, तो वह इतने बुरे हो जायेंगे कि वह कई दिन तक उनकी बुराई बतायेंगे। वोट डालने तक,, पता नहीं भैया की कितनी वोटो का नुकसान हो जाएगा। यह सब बातें प्रत्याशी को ध्यान में रखनी पड़ती है।

हर प्रत्याशी एक तरफ से सबके पैर पड़ता रहता है। अब वह यह नहीं देखता कि कौन बुजुर्ग है, कौन बुजुर्ग नहीं है, कौन बच्चा है, एक बार पैर पड़ने में क्या बुराई है। प्रत्याशी बहुत चतुर और मतदाता की नब्ज समझने वाले होते हैं। अनुभवी प्रत्याशियों में यह समझ बहुत ज्यादा होती है। और वह अपनी समझ का इस्तेमाल करके माहौल को बना लेते हैं। फिलहाल हर प्रत्याशी माहौल बनाने में लगा है।

चुनाव प्रचार का समय आजकल काम हो गया है। प्रत्याशियों का एरिया बहुत बड़ा होता है। लाखों वोटर होते हैं। उन सब को मनाना, उन सबको गारंटी देना, योजनाओं के बारे में बताना, काम करवा दिया जाएगा, काम हो जाएगा, काम करवाएंगे, हम आपके हैं, आप हमारे हैं, आप हमारा परिवार हैं। तमाम बातें माहौल को प्रभावित करती है। इसे लोग प्रत्याशी की व्यवहार कुशलता कहते हैं। जबकि यह प्रत्याशी की चतुराई होती है। और इन्हीं बातों से माहौल बनता है। हर दल का प्रत्याशी माहौल बनाने में लगा है। उसके माहौल को समझने के लिए मतदाता भी लगा हुआ है।

मतदाता माहौल के हिसाब से, और पार्टी के हिसाब से मतदान करता है। कुछ मतदाता ऐसे होते हैं जो ज्यादा ध्यान नहीं देते, ना पार्टी पर ना माहौल पर, वोट डालने जाते हैं, जो समझ में आया उसी को वोट देकर चले आते हैं। लेकिन इस उत्सव में सभी उत्साहित तो रहते हैं। उत्साह के साथ-साथ अपना मतदान करना भी गौरव समझते हैं। हाथ में लगी हुई स्याही सबको बताते हैं। कि मैंने वोट डाला है। कुछ लोग वोट नहीं भी डालते हैं,,, लेकिन दिन भर, रात मे भी माहौल जरूर समझते रहते हैं। और बनाते भी रहते हैं।

एक दूसरे से माहौल पूछते हैं। इस मोहल्ले से उस मोहल्ले को सिर्फ माहौल जानने के लिए जाते हैं। फोन करके भी माहौल की जानकारी लेते रहते है।

कुछ लोग अपने व्यक्तिगत वाहनों में घूमते हैं,, माहौल कैसा है,, जानने के लिये,, लेकिन यह सब कुछ वास्तव में तब पता हो पाता है जब पेटियां खुलतीं हैं। और मतों की गिनती होती है। तब तक लोग एक दूसरे से पूछते रहते,,, माहौल कैसा चल रहा है भैया,,??

**सुरेश मिश्रा 'विचित्र' ( व्यंगकार ) जबलपुर ( मध्य प्रदेश )**

## मतगणना में निकले पेटी में पचास वोट अधिक

### हाईकोर्ट ने कहा दोषी अधिकारियों के खिलाफ करो कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** मतगणना के दौरान मतपेटी में 50 वोट निकलने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने अनियमिकता की बात स्वीकार की। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देष दिये है। एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि दोषी अधिकारी की ड्यूटी चुनाव में नही लगाई जाये।

याचिकाकर्ता रामबेटी यादव की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था की वह ग्राम बोम्होरी मडिया जिला टीकमगढ में सरपंच पद की प्रत्याषी थी। पोलिग बुथ क्रमांक 145 में मतदान के बाद मत पेटी को सील कर दिया गया था। चार दिन बाद मतगणना के दौरान मत पेटी में कुल मतों से 50 मत अधिक पाये गये। याचिका में जिला कलेक्टर चुनाव आयोग,जिला कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी, रिटर्निंग अधिकारी सी पी पटैल तथा पोलिंग अधिकारी हीरा लाल राजपूत को अनावेदक बनाय गया था। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने इलेक्षन रिजल्ट घोषित करने पर रोक लगा दी थी।

याचिका की सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेष राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह व्यक्ति रूप से उपस्थित हुए। उनकी तरफ से न्यायालय को बताया गया कि पर्यवेक्षक ने चुनाव में अनियमिकता संबंधित रिपोर्ट पेश की है। दोषी अधिकारियों के खिलाफ जांच के निर्देष जारी कर दिये गये है। एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए बुथ क्रमांक 145 में 60 दिनों के अंदर पुनः चुनाव करवाने के आदेष दिये है। इसके अलावा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही के की रिपोर्ट भी 60 दिनों हाईकोर्ट की रजिस्ट्री के समक्ष प्रस्तुत करने के आदेष जारी किये है। एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि दोषियों को चुनाव ड्यूटी में नही लगाये जाये। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता अनिल लाला ने पैरवी की।

## कोटा से दानापुर के मध्य स्पेशल ट्रेन के चार फेरे बढ़ाये

**जबलपुर, देशबन्धु।** दीपावली एवं छठ के त्योहार में अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से कोटा से गाड़ी सं 09817/09818 कोटा-दानापुर-कोटा के मध्य संचालित हो रही स्पेशल ट्रेन को दोनों दिशाओं में 04-04 ट्रिप बढ़ाकर चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में वातानुकूलित थ्री टियर इकोनॉमी 10 कोच, वातानुकूलित टू टियर 02 कोच, स्लीपर 06 कोच, सामान्य श्रेणी 02 कोच, 01 एसएलआर तथा 01 जनरेटर कार सहित कुल 22 एलएचबी कोच होंगे। जिससे कोटा से उत्तरप्रदेश एवं बिहार जाने वाले यात्रियों को अग्रिम आरक्षण का लाभ एवं भीड़ से राहत मिलेगा।

गाड़ी संख्या 09817/09818 कोटा-दानापुर-कोटा के मध्य स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओ में अतिरिक्त 04-04 फेरे 13 नवम्बर, 16 नवम्बर, 19 नवम्बर एवं 23 नवम्बर को कोटा से और 14 नवम्बर, 17 नवम्बर, 20 नवम्बर एवं 24 नवम्बर को दानापुर से चलेगी।

गाड़ी सं 09817 कोटा से दानापुर के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से सुबह 09.50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 08.45 बजे गन्तव्य को पहुंचेगी और वापसी गाड़ी संख्या 09818 दानापुर से कोटा के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से सुबह 11.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 08.25 बजे कोटा पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट** - यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कोटा-दानापुर-कोटा के मध्य बारां, रूठियाई, गुना, अशोकनगर, मालखेड़ी, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, शंकरगढ़, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी ।

## ई-भुगतान के माध्यम से होगा चुनाव कर्मियों को मानदेय का वितरण


**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा का चुनाव कराने जिले में नियुक्त सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दर के अनुरूप मानदेय की राशि का वितरण ई-भुगतान के माध्यम से उनके बैंक खाते में किया जायेगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार अपर कलेक्टर एवं नियंत्रक अधिकारी मानदेय नाथूराम गौड ने इस हेतु जिला सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी से चुनाव कार्य में संलग्न तथा मतदान दलों में नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों की सूची निर्धारित प्रारूप में यूनिक एम्पलाई कोड एवं आधार लिंक्ड बैंक खाता नम्बर सहित उपलब्ध करने कहा है, ताकि ई-भुगतान के माध्यम से उन्हें तय समयावधि के भीतर मानदेय प्रदान किया जा सके।

## मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों पर लगाये जायेंगे पोस्टर

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं की सुविधा और जागरूक करने के लिए मतदान दिवस पर प्रत्येक मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार पर चार निर्वाचक सुविधा पोस्टर लगाये जायेंगे। इन पोस्टरों के रंग, डिजाईन और आकार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय मानकों के अनुरूप होगा। निर्वाचक सुविधा पोस्टरों में मतदाता केन्द्रित जानकारियां प्रदर्शित की जायेगी। इनमें मतदान केन्द्र में शामिल क्षेत्र, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची, निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण अधिकारियों के फोन नम्बर मतदाताओं की पहचान के लिए निर्धारित दस्तावेज, मतदान की प्रक्रिया, मतदान केन्द्रों के अंदर निषिद्ध सामग्री तथा मतदान के लिए क्या करें और क्या नहीं करें से संबंधित जानकारी प्रदर्शित की जायेगी।

## गौरवान्वित मध्यप्रदेश सतीश चन्द्र शर्मा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** सर्वोच्च न्यायालय के नव नियुक्त न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा, जिन्होंने गुरुवार को पद की शपथ ली, प्रदेश में पले बढ़े ऐसे विद्वान न्यायमूर्ति हैं जिनके फैसले कानूनी कौशल और क्षमता के लिहाज से उच्च मानक स्थापित करने वाले सीमाचिन्ह फैसलों के रूप में सराहे जाते हैं। वे 28 जून 2022 से दिल्ली उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश थे। इससे पहले वे तेलंगाना और कर्नाटक उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं। मुख्य न्यामिक अनुभव 15 वर्षों से अधिक का है। वे देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों अखिल भारतीय वरिष्ठता में दूसरे सबसे वरिष्ठ और मध्य प्रदेश के न्यायाधीशों में सबसे वरिष्ठ न्यायमूर्ति हैं। वे मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की ग्वालियर और इंदौर खंडपीठो में न्यायाधीश रहे है। वे वर्ष 2003 में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित हो गए थे। तब उनकी आयु सिर्फ 42 वर्ष की थी और वे वहां सबसे युवा वरिष्ठ अधिवक्ता थे।

न्यायामूर्ति सतीश चन्द्र शर्मा का जन्म 30 नवंबर 1961 को भोपाल में हुआ और शिक्षा दीक्षा जबलपुर और सागर में हुई। उन्होंने वकालत की शुरुआत जबलपुर में की तथा यहीं उन्होंने ख्याति अर्जित की। उनके पिता डॉ.बैजनाथ शर्मा सागर और जबलपुर विश्वविद्यालयों के इतिहास के प्रसिद्ध प्रोफेसर थे। वे बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति भी रहे। माता श्रीमती शांति शर्मा महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रिसिंपल थीं और सेवानिवृत्ति से पहले उन्होंने जबलपुर में जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में भी काम किया था।

न्यायामूर्ति सतीश चन्द्र शर्मा ने क्राइस्ट चर्च बॉयज हायर सेकेंडरी स्कूल से स्कूली शिक्षा शुरु की और सेंट्रल स्कूल, जबलपुर से 10 वीं और 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने 1979 में डॉ.हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में विज्ञान स्नातक के छात्र के रूप में दाखिला लिया तथा वर्ष 1981 में तीन विषयों में विशिष्टता के साथ विज्ञान स्नातक की डिग्री हासिल की।

## कलेक्टर ने नागरिकों को दी दीपावली पर बधाई



**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने संस्कारधानी जबलपुर और जिले के सभी निवासियों को दीपोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी है। अपने बधाई संदेश में श्री सुमन ने नागरिकों के सुखी और समृद्ध जीवन की कामना करते हुये कहा कि रोशनी का यह पर्व सभी के जीवन को ज्ञान, ऊर्जा और आरोग्य से आलोकित करेगा। उन्होंने लोकतंत्र के उत्सव विधानसभा चुनाव में 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान कर जिले में सर्वाधिक मतदान का रिकॉर्ड बनाने में सहभागी बनने की अपील भी प्रत्येक मतदाता से की है।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
एक परिवार एक बैंक
दिवाली की शुभकामनाएं
एक परिवार बैंक
स्वर्ण ऋण @ 8.20
आवास ऋण @ 8.50
कार ऋण @ 8.70
शिक्षा ऋण @ 9.30
+91 70660 36640
www.bankofmaharashtra.in
mahabank

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 80
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 100
छोटा ब्रॉयलर - रु. 110
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 114
मुर्गा मीडियम - रु. 104
मुर्गा बड़ा - रु. 84
मुर्गा जम्बो - रु. 78
मो.-9039925000, 9425800409

HAPPY DIWALI
MOVIE SCHEDULE ON DIWALI DAY 12 NOV. 2023
FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
THE MARVELS IN ENGLISH 3D 11:00 AM, IN HINDI 3D 09:00 AM 04:00 PM
12TH FAIL 12:30 PM
TIGER-3 07:30 AM 08:30 AM 09:30 AM 10:30 AM 11:30 AM 01:00 PM 01:30 PM 02:30 PM 03:30 PM 04:30 PM
SCHEDULE FOR MONDAY 13 NOV. 2023
TIGER-3 07:30 AM 08:30 AM 09:30 AM 10:30 AM 11:30 AM 01:00 PM 01:30 PM 02:30 PM 03:30 PM 04:30 PM 05:30 PM 06:00 PM 07:30 PM 08:30 PM 09:30 PM 10:30 PM 11:30 PM
12TH FAIL 12:30 PM
JIGARTHANDA IN HINDI 06:30 PM
THE MARVELS IN ENGLISH 3D 11:00 AM, IN HINDI 3D 09:00 AM 04:00 PM 09:00 PM 10:55 PM

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरुनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना पिंड़लियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक
50 मिली. मामजेसिक लिनिमेन्ट
Mamgesic Liniment
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत आवश्यक
चिपचिपाहट रहित मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध
व्यवसायिक पूछताछ 9826035091

शुभ दीपावली
LANDMARK DEVELOPERS
Corporate Office : Landmark Developers, Nagal House A2-1285, Wright Town, Jabalpur
8234084421, 8815098820

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery to 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ।पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं
गोपाल डेरी
शुद्ध घी, खोवा, पनीर, दही, मिलने का एक मात्र स्थान
गोपाल पटेल
गोलू पटेल
छोटे फुहारे के पास, जबलपुर

दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
रतनचंद जैन, अरिहंत जैन
Mob. 9301219161
अरिहंत टेक्सटाईल्स
फैन्सी हैण्डलूम के थोक एवं फुटकर विक्रेता
कुशन, लोड कवर, परदा क्लाथ, दीवान सेट, सोफा कवर, फोम के गद्दे, जयपुरी पल्ली, चादर, शॉल, कम्बल, मच्छरदानी, भरे हुए गद्दा, पल्ली
777, कमानिया गेट, जवाहरगंज, जबलपुर (म.प्र.)

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
दीपक किराना
होम डिलेवरी उपलब्ध
धनवंतरी नगर, जबलपुर
मो. नं.-6261473791

अग्रवाल परिवार गोरखपुर की ओर से आप सभी को प्रकाश पर्व दीपावली की ढेर सारी शुभकामनाएं
मनीषा अग्रवाल
अनुकृति अग्रवाल
अरमान अग्रवाल

दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
घनश्याम बैंड रांझी जबलपुर
सभी शुभ कार्यक्रम शादी आदि 24 घंटे उपलब्ध है. बैंड , ढोल,घोड़ी ,बारात की रोशनी.बग्गी , डीजे ,आतिशबाजी ,सभी चीज हर समय उपलब्ध है
संचालक- नीतेश पहारिया
mobile no.8319049141,9098689560

wish you happy dipawali
POPULAR FOODS PRIVATE LIMITED
4th MILE, MANDLA ROAD, TILHARI JABALPUR,
Mob.: 9300452227
POPULAR BREAD & FOOD FACTORY
Regd. Office : 33, Industrial Estate, Adhartal, Jabalpur, Madhya Pradesh

Kalyan and Smt Meena Mudliar
Priyansha Sabhapathy
Prashant and Smt Sujata Mudliar
की ओर से कंचन परिसर के सभी परिवार ओर समस्त मुदलियार परिवार को दीपावली हार्दिक शुभकामनाएं।

दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
दीप जलते रहें,
मन से मन मिलते रहें,
गिले शिकवे सारे
दिल से निकलते रहें,
सारे संसार में सुख शांति
की प्रभात ले आये,
ये दीपों का त्यौहार
खुशी की सौगात ले आये।
भीमलाल गुप्ता, अध्यक्ष मुकादमगंज थोक व्यापारी संघ जबलपुर
शुभ दीपावली
फर्म - भीमलाल बाबूलाल गुप्ता, मां लक्ष्मी ट्रेडर्स

# दीपोत्सव पर्व आज : जगमगायेगा कौना-कौना, घर-घर होगा लक्ष्मी पूजन

## लक्ष्मी-गणेश के साथ धन के देवता कुबेर का पूजन, करेंगे श्रद्धालु



**जबलपुर, देशबन्धु।** दीपावली का त्यौहार भारत के साथ ही देश-विदेश में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। नवरात्र महापर्व दशहरे के 20 दिनों पश्चात कार्तिक मास की अमावश्या को दिवाली का त्यौहार और मां लक्ष्मी का पूजन प्रदोष काल और स्थिर लग्न में किया जाता है। पंचांग की गणना के अनुसार अमावश्या के दिन 12 नवंबर रविवार को सुबह 10.30 बजे से आरंभ हो जाएगी, जो रात्रि 11.28 बजे पर समाप्त होगी। दीपावली के दिन श्रीराम चौदह वर्ष के वनवास से वापस अयोध्या लौटे थे। इस दीपावली पर 5 तरह के राजयोगों का निर्माण हो रहा है, इसलिए इस बार की दीपावली बेहद खास होगी। दीपावली पर घरों में दीये जलाने और रोशनी करने का विशेष महत्व रहता है। इसके अलावा दिवाली की शाम और रात के प्रहर में मां लक्ष्मी का पूजन करने का विधान है।

**लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त**-इस वर्ष 12 नवंबर को दीपावली पर मां लक्ष्मी की पूजन के लिए शुभ मुहूर्त रविवार को सुबह 10.30 बजे आरंभ हो जाएगा, और रात्रि 11.28 बजे तक लक्ष्मी पूजन करना सर्वोत्तम रहेगा।

**लक्ष्मी पूजन कब और कैसे करें**- लक्ष्मी पूजन दीवाली के दिन हमेशा प्रदोष काल में ही करना चाहिए, जब सूर्यास्त होता है, इसके बाद का मुहूर्त का प्रदोष काल कहलाता है। मां लक्ष्मी की पूजा अकेले नहीं करनी चाहिए, बल्कि भगवान गणेश के साथ करना चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गणेश जी माता लक्ष्मी के दत्तक पुत्र हैं। प्रथम पूज्य गणेश को मां लक्ष्मी से वरदान प्राप्त है कि जहां पर गणेश जी पूजा होगी है वहां पर मां लक्ष्मी स्थाई रूप से विराजमान होंगी। दिवाली पर मां लक्ष्मी और गणेश पूजन के साथ धन के देवता कुबेर की पूजा अवश्य करें। दीवाली पूजन में उपयोग की जाने वाली लक्ष्मी व गणेश की मूर्तियां नई होनी चाहिए। पूजा घर और मुख्य दरवाजे के दोनों तरफ रोली से स्वास्तिक का निर्माण करना भी शुभ माना जाता है।

**इनका कहना है**-आज रविवार को लक्ष्मी-गणेश के साथ ही धन के देवता कुबेर पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 11.30 से रात्रि 11.28 बजे तक करना विशेष शुभकारी रहेगा। माता लक्ष्मी को गुड़, धना, कमलगटा और कमल का फूल अति प्रिय है। इसके साथ फल, मीठा, केला, सेव आदि माता को अर्पण करने से माता प्रसन्न होती है। इस दिन व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में माता की पूजा के साथ बही खातों का भी पूजन करते है। इससे धन लाभ होता है, व व्यापार में वृद्धि होती है।

-पं. वासुदेव शास्त्री

# रंगोली, तोरण से सजे आंगन, घर आए परदेशी

### दिवाली आज-खुशियों के पर्व में घुलेगी रिश्तों की मिठास

**जबलपुर, देशबन्धु।** खुशियों का त्यौहार दिवाली आज है। रंगोली, तोरण और वंदनवार से जहां घर सज चुके हैं, वहीं पकवानों की खुशबू भी घरों को महका रही है। दिवाली ऐसा त्यौहार है, जिसके लिए लोग देश-विदेश से घर वापसी करते हैं, वहीं विदेश में रहने वाले लोगों द्वारा वहीं रहकर संस्कारधानी के रंग की दिवाली मनाई जाती है। विदेश में रहकर संस्कारधानी की संस्कृति दिवाली में नजर आती है।



**विदेश में शहर की संस्कृति**-सिंगापुर में मालवा-बुंदेली की संस्कृति शहर और प्रदेश के लोग बिखेर रहे हैं। ग्रुप की दर्शना ने बताया कि इस ग्रुप से सिंगापुर में रहने वाले सभी जबलपुर और प्रदेश के लिए लोग जुड़े हुए हैं। दिवाली पर खास सेलिब्रेशन होता है, इसलिए तैयारी कई दिन पहले से शुरू हो जाती है।

**दिवाली मनती है घर वाली**-रांझी निवासी नरिंदर कुमार कोचर ने बताया कि बड़ा बेटा चेन्नई से फैमिली के साथ जबलपुर आया है। दिवाली घर वाली होती है इसलिए दोनों बेटों के साथ-साथ में दिवाली मनाई जाएगी। बहुओं ने घर आंगन को रंगोली और तोरण से खूबसूरत सजाया है।

**हर दिवाली पर लौटते हैं**-सीए सौरभ संगल ने बताया कि 15 साल से शहर के बाहर ही जॉब टूर पर रहते हैं, लेकिन हर साल मां मधु संगल और परिवार के अन्य लोगों के साथ दिवाली मनाने घर वापस आते हैं।

**चावल से सजाई रंगोली**-जबलपुर की शैली बड़कुल सिंगापुर में रह रहीं हैं। उन्होंने कहा कि दिवाली उनके दिल से जुड़ी है। यहां संसाधनों की कमी होने के कारण चावल से रंगोली सजाई है।



# नैनो टेक्नोलॉजी ने बदला नवाचार

**जबलपुर देशबन्धु।** ट्रिपल आईटीडीएम में नैनो टेक्नोलॉजी रिन्यूएबल एनर्जी एंड सॉलिड ऑक्साइड फ्यूल सेल्स का प्रयोजन विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड विज्ञान एवं वैज्ञानिक सामाजिक उत्तरदायित्व के तत्वावधान में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि संस्था डायरेक्टर बीके सिंह, डॉ. मुकेश राय थे। कार्यक्रम में जबलपुर के 12 तकनीकी महाविद्यालय से 40 पीजी स्टूडेंट्स और फैकल्टी मेंबर शामिल हुए। प्रधान अन्वेषक डॉ. पंकज शर्मा ने नैनो टेक्नोलॉजी एडवांस सेमीकंडक्टर, स्मार्ट बैटरी, स्मार्ट कैपेसिटर का क्षेत्र समझाया। इस मौके पर डॉ. हिमांशु नंदा, डॉ. बी सुरेश मौजूद थे।

# हर मौसम बिताने में, रास आ रहा पक्षियों को जबलपुर का माहौल

## बर्ड वॉचर्स डे-बर्ड वॉचर सलीम अली की स्मृति में मनाया जाता है दिवस

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी की जलवायु समृद्ध है। नदी, घाट और तालाबों के इस शहर में नैसर्गिक सुंदरता के बीच कई जीवों का संरक्षण हो रहा है। इनमें पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों की संख्या खास है। उम्दा जलवायु और मौसम में अनुकूलता के कारण पक्षियों को शहर अपना सा लगता है। इसलिए लोकल बर्ड्स के साथ अफ्रीका, अमेरिका और साइबेरिया से भी प्रवासी पक्षी लंबी उड़ान भरकर जबलपुर पहुंचते हैं। पक्षियों की समृद्धता और उनके संरक्षण के लिए काम करने वाले बर्ड वॉचर सलीम अली की स्मृति में हर साल 12 नवम्बर को पक्षी दिवस मनाया जाता है। इस दिवस के मौके पर आइए जानते हैं कि शहर में किस तरह से पक्षियों की प्रजातियों की चहक गूंज रही है।

**सर्वे पर हो रहा काम**-शहर में बर्ड्स वॉर्चर्स के ग्रुप बढ़ रहे हैं। इसमें युवाओं के ग्रुप अधिक हैं। उनके द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बर्ड वॉचिंग का काम किया जा रहा है। वहीं कलेक्ट की हुई जानकारी इंटरनेशनल सोसायटीज तक भी पहुंचाई जाती हैं।

**सर्दियों में बढ़ते पक्षी**-शहर में सर्दियों के दौरान वरडेटर फ्लाईकैचर, ब्लू कैप रॉक थ्रश, ट्रिकल्स थ्रश, स्कैली थ्रश, ग्रे हेडेड कैनरी फ्लाईकैचर, रेड ब्रेस्टेड फ्लाई कैचर, रोजी पीपेट, बार्बलर्स की कई प्रजातियां, रेड क्रेस्टेड पोचार्ड्स, नॉर्दन सेल्वेडर, गडवाल, स्टिफी ईगल, ग्रेटर स्पॉट्ड ईगल, लॉन्ग लेग बज्जड, यूरेशियन कैस्ट्रल पक्षी नजर आते हैं।

**विभिन्न क्षेत्रों में पाए जाते हैं**-नेचर कंजर्वेटर एवं सिटीजन फॉर नेचर सोसायटी के जुड़े डॉ. विजय सिंह यादव ने बताया कि शहर में अभी तक शैल पर्न प्रजाति का पक्षी ज्यादा देखा जा रहा है। यह परियट, नुनसर, पनागर, कालाडुमर, इंद्राणा, नरई, बरगी में आसानी से नजर आ रहे हैं। दूर बसे इन क्षेत्रों में पक्षियों को पर्याप्त मात्रा में भोजन मिल रहा है।

# गन कैरिज फैक्ट्री में कर्मचारियों ने मनाया दीपोत्सव



**जबलपुर, देशबन्धु।** गन कैरिज फैक्ट्री में दीपावली पर्व के एक दिन पूर्व फैक्ट्री में त्यौहार मनाया जाता है। इसी तारतम्य में जीसीएफ स्थित मजदूर संघ हथौड़ा कार्यालय में लक्ष्मी-गणेश की पूजन-अर्चन किया गया। इसी श्रंखला में सैकड़ों कर्मचारी इस दीपावली पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी कर्मचारी नेताओं ने कर्मचारियों को गले लगा कर दिवाली की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के दौरान रोहित यादव, राजा पांडे द्वारा त्यौहार के उपरांत उत्पादन में गति लाने संबंधी चर्चा की गई, तो वही कर्मचारी नेता उत्तम विश्वास एवं पार्थ ओझा ने सभी कर्मचारियों को छठ पर्व की भी बधाईयां दी। कार्यक्रम में अमित गुप्ता, आशीष विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, कृष्ण, बीरबल, रविकांत, दीप, सुरेश, अनिल कुशवाहा, विनय गुप्ता, विवेक शुक्ला आदि कर्मचारी नेता उपस्थित थे

# हम परिवार ने दिवाली के उपलक्ष्य में ग्रामवासियों को बांटा मिष्ठान

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सेवा व सांस्कृतिक संगठन हम फाउंडेशन महाकौशल प्रांत के जबलपुर महानगर की समन्वय शाखा द्वारा दीपावली के उपलक्ष्य में स्थानीय ग्राम महगवां में बच्चों सहित 50 ग्रामवासियों को वस्त्र और मिष्ठान वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट निशिकांत चौधरी, पश्चिमी जोन के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एच.पी. सिंह की विशेष उपस्थिति में तथा जिला अध्यक्ष सी.पी. राजपूत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के साथ ही संगठन के राष्ट्रीय प्रकल्प 2 मिनट राष्ट्र के नाम, राष्ट्रगान का करें सम्मान कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रगान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा



अध्यक्ष डॉ. अभिजात साहू, विजय बावकर, एडवोकेट सुनील पांडे, राहुल सिंग, कमल श्रीवास्तव, ऋषिभान पांडे, मोहन सिंग, प्यारे पहलवान, राकेश पटेल, श्यामा, सुरेश, कुंदन, रमेश, महेश विशाल आदि ग्रामवासियों की कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# तेजकुमार भगत म.प्र. कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नियुक्त



जबलपुर,देशबन्धु। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय कमलनाथ के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अनुसार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व पार्षद एडवोकेट तेजकुमार भगत को म.प्र. कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया है। महामंत्री नियुक्त होने पर सभी कांग्रेसजनों ने बधाई एवं शुभकामनाऐं दी हैं।

# दैनिक राशिफल

**रविवार 12 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक कृष्णपक्ष की अमावस्या। नक्षत्र-स्वाति।**

**मेष**
धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपका समय व्यतीत होगा। अनिर्णायकता के कारण योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे।

**वृषभ**
आपके व्यापार में वृद्धि होगी, साथ ही व्यापार के सम्बंध में सौदे लाभदायक सिद्ध होंगे। आपकी आय का स्रोत बढ़ेगा।

**मिथुन**
आपकी शारीरिक और मानसिक खुशी बनी रहेगी। नौकरी या व्यवसाय में अपने परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त कर सकेंगे।

**कर्क**
जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, वे सफलता पा सकेंगे। विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह**
आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। स्वास्थ्य की सुरक्षा के पीछे खर्च होने की संभावना है। गलत मार्ग की तरफ प्रेरित न हों ।

**कन्या**
आज आप परिवार में आनंद के पल गुजार सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। आप समाज और लोगों में आदर पा सकेंगे। खरीदारी कर सकते हैं।

क.

**तुला**
स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। पारिवारिक सुख- शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
आज यात्रा करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य भी चिंता का कारण बनेगा। संतान की चिंता रहेगी। अपमानित होने का योग है।

**धनु**
आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे।

**मकर**
आज आप अपने विरोधियों से विजय प्राप्त कर सकेंगे। नए काम की शुरुआत होगी। उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। व्यापार में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**कुंभ**
आपको मानसिक समस्याएं और उलझन रहेगी। निर्णय लेने में तकलीफ होगी। वाणी पर संयम नहीं रख पाएं। धार्मिक कामों पर खर्च होगा।

**मीन**
आज आपको शारीरिक-मानसिक ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। उत्साह बढ़ेगा। नए काम की शुरुआत करेंगे।

मा.

# पंज प्यारों की अगुवाई में निकला नगर कीर्तन

**जबलपुर,देशबन्धु।** जुगो जुग अटल, शब्दावतार श्री गुरू ग्रंथ साहिब के पावन गुरूगददी दिवस के अवसर पर शनिवार को सिक्ख धर्मावलंबियों द्वारा नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। श्री गुरू ग्रंथ साहिब की सरपरस्ती तथा पंज प्यारों की अगुवाई में प्रात: 6 बजे गुरूद्वारा हाथीताल से यह यात्रा प्रारंभ हुई। फूलों से सजे वाहन में ग्रंथ साहिब विराजमान थे, जहाँ सभी लोग श्रद्धापूर्वक माथा टेक कर आशीष प्राप्त कर रहे थे। भारी संख्या में उपस्थित माता, बहने, बच्चे बुजुर्ग गुरूवाणी शबद कीर्तन करते साथ चल रहे थे। हाथीताल कालोनी, महानद्दा आदि क्षेत्रों से होते हुए यह यात्रा पुन: गुरूद्वारे में समाप्त हुई। जहाँ समस्त मानवता के कल्याण की अरदास सम्पन्न कर मिष्ठान प्रसाद व गुरू के लंगर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सह. हरदेव सिंह, अमित सिंघ, प्रणपाल सिंघ, हरजीत सिंघ कपूर, गगनदीप सिंघ, अमरजीत सिंघ, हरभजन सिंघ, प्रभदीप सिंघ, गुरमीत सिंघ आदि उपस्थित थे।

# आयुर्वेद हमारी सनातनी परम्परा का अमूल्य अंग : डॉ. श्रीवास्तव

## आयुर्वेद दिवस पर हर दिन, हर किसी के लिए आयुर्वेद कार्यक्रम




**जबलपुर, देशबन्धु।** खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर द्वारा 29 सितम्बर से 10 नवम्बर तक''हर दिन, हर किसी के लिए आयुर्वेद'' कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसके अंतर्गत छात्रों, किसानों एवं आमजनों के लिए आयुर्वेद पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किये गये। निदेशालय में धनवंतरी जयंती पर समापन समारोह का आयोजन ''जन स्वास्थ के लिए आयुर्वेद'' विषय पर व्याख्यान से किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रख्यात आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. आर. के. श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जे.एस. मिश्र, निदेशक खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर द्वारा की गई। डॉ. आर.के. श्रीवास्तव ने कहा कि आयुर्वेद हमारी सनातनी परम्परा का अमूल्य अंग है। जन स्वास्थ के लिए प्राचीन पद्धति के रूप में जड़ी-बूटी औषधीय पौधों का उपयोग आयुर्वेद में प्राचीन काल से किया जाता रहा है। यह पद्धति सुगम, सुलभ और सस्ती होने के साथ-साथ अति लाभकारी है। डॉ. जे.एस. मिश्र, निदेशक खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर ने कहा कि हम स्वस्थ रहेंगे तो समाज स्वस्थ रहेगा और स्वास्थ के लिए आयुर्वेद पद्धति से उपचार अति महत्वपूर्ण है। हमारे देश में प्राकृतिक वनस्पतियां प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, बस इन्हें पहचान कर इसका सही उपयोग जरूरी है। साथ ही साथ डॉ.मिश्र ने विभिन्न खरपतवारों में पाये जाने वाले औषधीय गुणों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में निदेशालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपक पवार व आभार आर. हाडगे द्वारा किया गया।

# लोकतंत्र रूपी महायज्ञ में, अपने मत की आहूति अवश्य दें: मंच

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक क्रिश्चियन मंच के प्रदेश एवं जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जागरूक क्रिश्चियन मंच ने संस्कारधानी के सभी मतदाता, सीनियर सिटीजन, और यूथ से विनम्र अनुरोध किया है कि सभी अपने मतों का महत्व समझें, और 17 नवंबर को अपने मतों का मतदान स्वयं के विवेक से करें, क्योंकि मतदान करना एक महत्वपूर्ण कार्य है।

जिसमें हम मतदातागण सरकार बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मतदाताओं को अपने मतों के महत्व को समझने की जरूरत है। सभी को जागरूक होने की जरूरत है, जिसे सभी मतदाताओं को आगे आकर मतदान करना चाहिए, क्योंकि आपके मतदान पर ही प्रदेश का भविष्य निर्भर करेगा। जागरूक क्रिश्चियन मंच संस्कारधानी के सभी मतदाताओं से आग्रह करता है, कि सभी मतदाता बढ़-चढ़कर पूरी निष्ठा के साथ मतदान कर अपना राष्ट्रीय कर्तव्य निष्ठा का परिचय दें, एवं शासन को सहयोग प्रदान करें।

जागरूक क्रिश्चियन मंच ने आगे बताया कि मतदान करना हमारा प्रथम राष्ट्रीय कर्तव्य है, इसलिए प्रजातंत्र के महायज्ञ में सभी अपने मत आहूति अवश्य डालें। जागरूक क्रिश्चियन मंच के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जेम्स एंथोनी, क्रिस्टोफर नरोना, अल्बर्ट एंथोनी, फ्रांसिस एंथोनी, गुडविन चार्ल्स, क्लेमेंट पायस, आनंद राज एंथोनी, हैरिस नथानियेल, एनोस विक्टर, रिंकू पीटर, कैरोलिन अब्राहम, लॉरेंस मार्टिन, फिलप एंथोनी, रूपेश गायकवाड, क्लारिता ग्रेगरी, सुधीर पावेल, पीटर सावलकर, विंसेंट लाल, स्टीफन कुरपति, विनीता फ्रांसिस, विक्टोरिया दास, लॉरेंस मसी, अग्निस एंथोनी, जॉन बॉस्को, फेलिक्स बरला, ज्योति लाजारूस अरुण मार्टिन, जसिया फर्नांडीस, अनीता कश्यप, एडलिन अब्राहम, डेजी डेनियल, जेरोम फिलिप, अल्फ्रेड एंब्रोस, सुनील रिचर्डसन, एलिजाबेथ, क्लेटन, किरण टेलिस आदि ने संस्कारधानी के सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि वह 17 नवंबर को लोकतंत्र के महायज्ञ में अपने की आहूति देकर अपना राष्ट्रीय कर्तव्य अवश्य पूर्ण करें।

# निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्रीमती कमला ठाकुर**- गुलौआ चौक गढ़ा निवासी श्री सुरेश ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती कमला ठाकुर (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गौरी शंकर पटेल**- गुप्तेश्वर मंदिर के निकट निवासी श्री गौरी शंकर पटेल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मनोज भोयर**- गंगासागर एकता चौक निवासी श्री बेनी प्रसाद भोयर के पुत्र श्री मनोज भोयर (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमला प्रसाद काछी**- सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री कमला प्रसाद काछी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उदय सिंह नेगी**- लियो कम्पाउंड सदर निवासी श्री उदय सिंह नेगी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामा शिवहरे**- न्यू जगदम्बा कॉलोनी निवासी श्री इंद्रपाल शिवहरे की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा शिवहरे (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामवती बाई ठाकुर**- ग्वारीघाट पुराने रेलवे फाटक के पास निवासी श्री कंधी लाल ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामवती बाई ठाकुर (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती करनजी गोयल**- छापर रामपुर रामनगर निवासी श्री केएल गोयल की धर्मपत्नी श्रीमती करनजी गोयल (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मथुरा प्रसाद चतुर्वेदी**- पुष्पनगर कछपुरा मालगोदाम के पास निवासी श्री मथुरा प्रसाद चतुर्वेदी (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भगवान दास कोल**- छुई खदान मड़ैया मुखर्जी वार्ड निवासी श्री भगवान दास कोल (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला यादव**- संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री भोला यादव की धर्मपत्नी श्रीमती कमला यादव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री सूर्य प्रकाश राजपूत**- वल्दी कोरी की दफाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री सूर्य प्रकाश राजपूत (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्री गोपाल पासी**- सदर निवासी श्री गोपाल पासी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुधीर कुमार सोनकर**- बड़ी ओमती पेशकारी स्कूल के पास निवासी श्री सुधीर कुमार सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गांधी अहिरवार**- आमनपुर मदनमहल निवासी श्री गांधी अहिरवार (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## वृद्धा को घायल कर अज्ञात वाहन चालक फरार



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में रात होते ही मोटर साइकल में धमाचौकड़ी मचाने वालों ने बीती देर घमापुर थाना अंतर्गत भगवान दास स्कूल के सामने एक वृद्ध महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया। जिसके महिला वही गिर पड़ी और उसका सिर फट गया। जिससे उसके सिर से खून की धार बह पड़ी। मोटर साईकिल चालक वहां से भाग निकला। घायल अवस्था महिला बहुत देर वहीं पड़ी रही। जो दर्द से बहुत कराह रही थी। बुजुर्ग होने के कारण लाचार महिला उठ भी नहीं पा रही थी। वहां से निकल रहे कुछ युवकों ने महिला को कराहते हुए देखा तो उसके पास रुक गए और उससे लहूलुहान हालत में देख कर तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डायल 100 वाहन से महिला को विक्टोरिया अस्पताल ले जाने का निर्णय लिया। लेकिन उसी समय एंबुलेंस 108 भी वहा पर आ गई थी जिसे वह पहुंसे युवकों ने पहले फोन कर बुला लिया था। जिसके पुलिस कर्मियों ने तत्काल महिला को विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया। और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब उस अज्ञात वाहन चालक को पकड़ने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज खंगालने में जुट गई है। आसपास के लोगों ने बताया कि महिला कई दिनों से दिन भर यहीं घूमती रहती है।

**108 को आने में हुई देर–**

जब वृद्धा को सड़क पर तपड़ता देख युवकों ने 108 एम्ब्यूलेंस को फोन किया तो बातचीत करने और पूछताछ करने में ही 108 के प्रतिनिधि ने आधा घंटा लगा दिया। एम्ब्यूलेंस को आने में देर होते देख युवक आक्रोशित हो गये और बारबार 108 एम्ब्यूलेंस को फोन करते रहे। जिससे यह साफ पता चलता है कि ऐसे विपत्ति के समय में 108 को फोन न कर पुलिस को फोन करना ज्यादा बेहतर है।

## कान्हा का घायल तेंदुआ हुआ स्वस्थ, जल्द वन विभाग को सौंपा जायेगा



**जबलपुर, देशबन्धु।** कान्हा के जंगल से करीब दो माह पूर्व मरणासन्न हालत में जबलपुर वेटनरी कॉलेज लाये गये तेंदूए की जान डॉक्टरों ने बचा ली है। उसका सफल इलाज हो गया है। डॉक्टरों को ऐसी उम्मीद है कि दो-तीन दिन में तेंदूए को वन विभाग को सौंप दिया जायेगा।

जबलपुर वेटनरी कॉलेज में इस घायल तेंदूआ का हाईटेक तरीके से इलाज किया गया है। इसके बाद अब यह धीरे-धीरे पूरी तरह से स्वस्थ्य भी हो गया है। बताया जा रहा है कि जिस समय तेंदुए को जबलपुर लाया गया था उस दौरान इसके पूरे शरीर में कीड़े लगे हुये थे। इसके अलावा इसकी हालत बेहद खराब थी। उम्मीद नहीं थी कि इसकी जान बच जायेगी। लेकिन वेटनरी कॉलेज के डॉक्टरों ने लगातार इस तेंदुए का इलाज किया और निगरानी रखते हुए आखिरकार इसे पूरी तरह स्वस्थ कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार जंगल में जब तेंदुए ने छलांग लगाई थी। उसी समय वह घायल हो गया था इसके बाद तेंदुए की कुत्तों से लड़ाई हुई थी। जिसके चलते वह बुरी तरह घायल हो गया। शरीर पर घाव होने के कारण दिन प्रतिदिन उसकी हालत बिगड़ने लगी। और उसके शरीर में कीड़े पड़ने लगे। ऐसी स्थिति में जब कान्हा के जंगलों में वन विभाग की टीम ने तेंदुए को देखा तो उसे रेस्क्यू करने के बाद जबलपुर लेकर आए। वेटनरी कॉलेज में डॉक्टरों की टीम लगातार 2 महीन से तेंदुए का इलाज कर रही है। अब घायल तेंदुआ धीरे-धीरे अपने पैरों पर खड़ा होने लगा है। घायल तेंदुए को जल्द ठीक करने के लिये वेटनरी कॉलेज की टीम ने इसे एंटीबायोटिक दवाईयां भी दी है। इसके अलावा लेजर थेरेपी भी इसे दी जा रही है। यह पहला मौका है जब किसी तेंदूए को लेजर थेरेपी द्वारा ठीक किया गया है।

## भाजपा के लिए परिवार सा माहौल : अभिलाष पांडे



सुभद्रा कुमारी चौहान, कमला नेहरु एवं विवेकानंद वार्ड में जनसंपर्क

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रदेश में जो भी काम किया उनके बल पर आज मध्य प्रदेश विकास के आसमान पर उड़ रहा है आज प्रदेश सरकार ने ऐसी योजनाएं जनता के लिए संचालित की हैं कि जनता भाजपा को अपना परिवार मानने लगी है इसी तरह उत्तर विधानसभा में भी भाजपा के लिए परिवार सा माहौल है यह बात उत्तर विधानसभा प्रत्याशी अभिलाष पांडे ने सुभद्रा कुमारी चौहान, कमला नेहरू, एवं विवेकानंद वार्ड के सघन जनसंपर्क के दौरान कही अभिलाष पांडे ने कहा कि मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर वर्ग के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए काम किया है एवं नारी शक्ति के लिए ऐतिहासिक काम किए हैं आज का मध्य प्रदेश देश का सबसे समृद्ध प्रदेश है यह सब भाजपा की सरकार के कारण संभव हुआ है 2003 के बीमारू प्रदेश की तुलना में 2023 का स्वर्णिम मध्य प्रदेश आज जनता देख रही है एवं आने वाले समय में विकास की गति इससे अधिक तीव्र होगी क्योंकि विकास एक सतत प्रक्रिया है जिसमे भाजपा ही जनता का विश्वास हासिल कर पाई है। अभिलाष पांडे ने कहा कि उत्तर विधानसभा में जनता भाजपा के समर्थन में है क्योंकि पिछले 5 वर्षों में जनता अपनी समस्या का निराकरण कराने के लिये परेशान थी उनकी सुनवाई नहीं हो पाई इस कारण अब उत्तर विधान सभा में भाजपा को पूर्ण समर्थन मिल रहा है जो वोटों में परिवर्तित होगा।

## हर काम किए दिल से इसलिए विनय फिर से



विवेकानंद वार्ड की जनता ने दिया मजबूत साथ का आशीर्वाद

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र में 5 साल विधायक रहे विनय सक्सेना के द्वारा क्षेत्र में कराए गए काम और उनके सहज, सरल व्यवहार की चर्चा लोगों की जुबान पर जोरों पर है। शनिवार को कांग्रेस नेताओं और क्षेत्रीय गणमान्य जनों के साथ प्रत्याशी विनय सक्सेना ने विवेकानंद वार्ड के विभिन्न इलाकों में सघन जनसंपर्क किया और जनता से जीत का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर वार्ड के लोगों का कहना था कि विनय ने सुख दुख की हर घड़ी में जनता का आगे बढ़कर निस्वार्थ साथ दिया है और बेहतर से बेहतर विकास कार्य जनता की मांग पर बिना देर किए पूरे करवाएं हैं। इसलिए ऐसे विधायक को फिर से विधायक बनाने जनता ने वादा भी किया और दिल से आशीर्वाद भी दिया। जनसंपर्क के दौरान विनय सक्सेना ने मधुबन कॉलोनी, लहरी बाबा आश्रम, पिंपलेश्वर मंदिर, एसबीआई सिंगल स्टोरी, बगीचा, वासु डेरी, जानकी नगर, रामेश्वरम कॉलोनी, उखरी गांव, समदड़िया रेसीडेंसी, संजय नगर, यादव कॉलोनी, आदि क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया।

## सरकार बनने पर अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के अधूरे कार्य को पूरा करेंगे : तरुण भनोत



शंकरशाह वार्ड में सघन जनसंपर्क

**जबलपुर, देशबन्धु।** शंकरशाह वार्ड में तरूण भनोत ने किया सघन जनसंपर्क कर समर्थन की अपील की, वित्त मंत्री रहते हुए स्वीकृत क्रिकेट स्टेडियम के अधूरे सपने को पूरा करने को लेकर जनसंवाद किया।

जनसंपर्क के अठारहवें दिन पश्चिम से कांग्रेस प्रत्याशी श्री तरुण भनोत के द्वारा शंकरशाह वार्ड के रामपुर आजाद चौक, काछी मोहल्ला, मुस्लिम मोहल्ला, यादव मोहल्ला, पटेल मोहल्ला, चौधरी मोहल्ला, रामनगर मार्केट, दुर्गा नगर, छापर मेन रोड, लक्ष्मी विहार, सरस्वती कॉलोनी, बृजमोहन नगर, हाईकोर्ट सोसायटी, रीवा कॉलोनी क्षेत्र में जनसंपर्क कर कांग्रेस पार्टी के वचन पत्र के जनहितैषी मुद्दों पर चर्चा की और आशीर्वाद देने की अपील की। जनसंवाद में जबलपुर में अतराष्ट्रीय स्तर के खेल स्टेडियम को लेकर चर्चाएं हुई । जनसंवाद में इस विषय पर चर्चा हुई कि भाजपा के स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा पिछले 20 वर्षों के संसदीय कार्यकाल में अनेकों बार जबलपुर में खेल स्टेडियम को लेकर अपनी पीठ थपथपा चुके हैं, लेकिन जमीन पर कहीं कोई अंतराष्ट्रीय स्तर का खेल स्टेडियम जबलपुर को नहीं मिल पाया। जिसके लिये कार्य किया जायेगा।

## कांग्रेस की सत्ता आते ही फ्लाई ओवर का निर्माण : लखन



पूर्व क्षेत्र में मिल रहा जनता का खासा समर्थन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड में दुर्गा मंदिर में पूजन-अर्चन उपरांत चुंगी चौकी से प्रारम्भ होकर बरउ मोहल्ला से ढीमर मोहल्ला से झामनदास चौक से झंडा चौक से कछियाना से न्यू कछियाना में सघन जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने जनता से कहा- कि मध्यप्रदेश में 14 महीने की कांग्रेस सरकार के दौरान आपके सब के आर्शीवाद से एवं मेरे प्रयासों से रद्दी चौकी से लेकर तहसीली चौराहे तक 184 करोड़ की लागत से फ्लाई ओवर बनना था जिसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा रोका गया आगे उन्होंने कहा कि जबलपुर शहर की जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए रद्दी चौकी से तहसीली तक काफी व्यस्थ यातायात रहता है उन्होंने वादा किया कि कांग्रेस की सरकार सत्ता में आते ही फ्लाई ओवर का निर्माण किया जायेगा पूर्व विधानसभा को एक विकसित विधानसभा बनाने का प्रयास करूंगा।

## दीपों के इस पावन पर्व की आप सभी को शुभकामनाएं : अशोक रोहाणी



दीवान आधार सिंह वार्ड से जनसंपर्क शुरू

**जबलपुर,देशबन्धु।** केंट विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने केंट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दीवान आधार सिंह वार्ड में स्वागतम चौक, विनोबा नगर, तीसरा पुल,सदर, तिलहरी, करौंदी, इंजीनियरिंग कॉलोनी, रक्षानगर कर्मचारी कॉलोनी, लाला लाजपत राय वार्ड, पुरानी मोहनिया, निर्मलचंद जैन वार्ड, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, मोदीबाडा, हाथीटोली, रानी अबंती बाई वार्ड, कुंदन रेसीडेंसी, टेमरभीटा, लक्ष्मी बाई वार्ड, आनंद भवन कंचनपुर, आशा नगर,, तिघरा, रक्षानगर, बडा पत्थर, केवट मोहल्ला, अधारताल, सांई मंदिर सिविल लाईन, इन्द्रा आवास, सुदर्शन वार्ड पटेल नगर, सिद्ध नगर, विश्वकर्मा मोहल्ला, परसराम कुण्ड, ब्रम्हाकुमारी आश्रम के पास कटंगा, शिव मंदिर कटंगा, तिलहरी, बिलहरी, प्राथमिक शाला के पास करौंदी, रावण पार्क, अमर नगर, बंगाली कॉलोनी, रांझी सहित कई क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया।

जनसंपर्क के दौरान जगह-जगह श्री रोहाणी का नागरिकों द्वारा पुष्पहार, तिलक वंदन से स्वागत किया जा रहा है शुक्रवार श्री रोहाणी ने ''लोकल फोर वोकल'' के तहत स्थानीय बाजारों से खरीदारी कर, पथ विक्रेताओं के व्यापार को बढ़ावा दिया।

## पश्चिम विधानसभा की समस्याओं का होगा दीर्घकालीन निराकरण : राकेश सिंह



जार्ज डिसिल्वा वार्ड में किया जनसंपर्क

**जबलपुर, देशबन्धु।** अनेक खूबियों को समेटे हुए पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की अनेक समस्याएँ भी हैं। इन समस्याओं का स्थायी और दीर्घकालीन निराकरण करने हेतु एक सर्व-समावेशक विकास की दृष्टि चाहिये।

भारतीय जनता पार्टी ने जबलपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के उन्नयन के लिए तथा सर्वांगीण विकास के लिए, एक प्रभावी कार्य योजना तैयार की है और आने वाले समय मे आपको इसके परिणाम देखने मिलेंगे यह बात पश्चिम विधानसभा प्रत्याशी श्री राकेश सिंह ने जार्ज डिसिल्वा वार्ड के जनसंपर्क के दौरान कही। श्री सिंह ने कहा गोरखपुर क्षेत्र में व्यापारी वर्ग भी बहुत है और उनकी समस्या में प्रमुख समस्या यातायात और पार्किंग की है इस हेतु भी प्रयास किया जाएगा जिससे व्यापारियों के साथ आमजनों को भी सुविधा मिल सके। श्री सिंह ने जार्ज डिसिल्वा वार्ड के गुलाटी चौक, हाऊबाग स्टेशन, बहना मोहल्ला, पटेल मोहल्ला, पंचायती अखाड़ा, लोधी मोहल्ला, शारदा टॉकीज, कुम्हार मोहल्ला, खेरमाई मंदिर, तेली मंदिर, जोगी मोहल्ला, सरकारी कुंआ, पीपल मोहल्ला से भगत सिंह चौक कटंगा क्षेत्र में जनसंपर्क किया।

## दो शातिर वाहन चोर पकड़े गये, 9 दुपहिया वाहन बरामद

### 6 लाख के पार्ट्स भी मिले, कटनी एवं नागपुर से चुराए थे वाहन







**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला पुलिस को एक बार फिर अंर्तराज्जीय वाहन चोर गिरोह के दो गुर्गो को पकड़ा है। जिनसे बड़ी संख्या में दो पहिया वाहन व उनके कलपुर्जे बरामद किये गये हैं। जिनकी कीमत लाखों में बतायी जा रही है।

जानकारी के अनुसार ओमती थाना पुलिस ने ओमती थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार के नेतृत्व में टीम ने 2 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर 9 दुपहिया वाहन एवं 1 दुपहिया वाहन के पार्ट्स कीमती 6 लाख रूपये के बरामद किये हैं। बताया जा रहा है कि क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि पवन पटेल जो कि पूर्व में वाहन चोरी में पकड़ा जा चुका है, अपने साथी सलमान बंगाली के साथ मिलकर कई वाहन चुराकर गंगा नगर गढा में छोटू कोष्टा के खाली प्लाट में छिपाकर रखे हुये है। जिसके बाद सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुये क्राईम ब्रांच एवं ओमती पुलिस के द्वारा सरगर्मी से तलाश करते हुये पवन पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी शारदा चौक गढा एवं सलमान बंगाली उम्र 19 वर्ष निवासी मुजावर मोहल्ला गढा को पकड़ा गया, एवं सघन पूछताछ की गयी तो एक एक्टिवा समदड़िया मॉल के सामने से तथा 5 दुपहिया वाहन माढोताल, मदनमहल, लार्डगंज क्षेत्र से तथा 2 वाहन कटनी एवं 2 दुपहिया वाहन नागपुर से चुराना स्वीकार करते हुये गंगा नगर स्थित छोटू कोष्टा के खाली प्लाट में छिपाकर रखना बताये। पवन पटेल एवं सलमान की निशादेही पर प्लाट पर रखी चुराई हुई 5 मोटर सायकिलें एवं 4 एक्टीवा तथा एक दुपहिया वाहन का चेचिस इंजन एवं पार्टस जप्त करते हुये दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना ओमती में अपराध दर्ज कर लिया है।

## धनतेरस की रात जुए के फड़ों पर छापा



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहपुरा थाना अंतर्गत ग्राम छपरट में तथा भेड़ाघाट थाना अंतर्गत ग्राम सहजपुर में धनतेरस की रात रोड किनारे जमे जुआफड़ पर छापा मारकर एक दर्जन से अधिक जुआरियों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार शहपुरा थाना में बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम छपरट में रोड किनारे मोबाइल के उजाले में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं, जिस पर सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम छपरट में रोड किनारे दबिश दी। जहां कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ मन्ना खेलते दिख जो पुलिस का देखकर भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर सभी ने अपने नाम क्रमशः नर्मदा प्रसाद अहिरवार निवासी ग्राम छपरट, अजय अहिरवर निवासी खैरी मोहल्ला शहपुरा, भुवन लाल मल्लाह निवासी अस्पताल के पीछे शहपुरा, संदीप अहिरवार, सोनू अहिरवार दोनों निवासी ग्राम छपरट बताये जुआरियो के पास से ताश के 52 पत्ते एवं 1 हजार 980 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

**भेड़ाघाट में भी पुलिस का छापा–**

इसी प्रकार भेड़ाघाट थाना में सूचना मिली कि बगीजा ग्राम सहजरपुर में कुछ जुआरी जुआ मन्ना खेल रहे हैं। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी। जहां ब्रजेन्द्र कुशवाहा, श्यामलाल कोल, संजय झारिया, हरिराम झारिया, हेमराज अहिरवार, राजेश पटैल सभी निवासी सहजपुर बड़खेरा को जुआ मन्ना खेलते पकड़ा गया है। इसी तारतम्य में बेलखेड़ा थाना पुलिस ने बेलखेड़ा में रेवाराम झारिया के मकान के पीछे बाड़ी में अशोक सिंह लोधी, सुरेन्द्र सिंह लोधी, दोनों निवासी बेलखेड़ा, राजकुमार गोंड़ निवासी कटाईघाट, तेजपाल सिंह लोधी ठाकुर, भूरा सिंह लोधी दोनों निवासी बेलखेड़ा को जुआ खेलते पकड़ा है।

## असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 14 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 64 युवकों के विरूद्ध 107/116 के तहत, एवं 3 युवकों के विरूद्ध धारा 151 के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 14 गैरम्यादी, 15 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 11 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 85 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 30 लीटर कच्ची शराब,



जप्त की गयी तथा 2 युवकों के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये एवं 7 जुआरियों को जुआ खेलते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया जुआरियों के कब्जे से 3 हजार 720 रूपये जप्त किये गये हैं।

## दीपावली आज: घर-घर जलेंगे दीये, होगा लक्ष्मी पूजन

**रीवा देशबन्धु।** 12 नवंबर दिन रविवार को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा और दूसरे दिन सोमवती अमावस्या का दुर्लभ संयोग भी बन रहा है। हर वर्ष दिवाली का पर्व कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है और इस दिन सुख समृद्धि और वैभव के लिए महालक्ष्मी और गणेशजी की पूजा अर्चना की जाती है। दिवाली के दिन सोमवती अमावस्या का होना बहुत शुभ माना गया है। इस दिन स्नान, ध्यान व दान करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है। साथ ही पितरों के लिए पिंडदान, तर्पण विधि, दान व श्राद्ध किया जाता है। इस बार सोमवती अमावस्या पर कई शुभ योग भी बन रहे हैं, जिससे इस दिन का महत्व काफी बढ़ गया है। आइए जानते हैं दिवाली के दिन बन रहे सोमवती अमावस्या में किस मुहूर्त में लक्ष्मी पूजन करना शुभ लाभदायक रहेगा।




### सोमवती अमावस्या का महत्व

सोमवती अमावस्या का व्रत रखने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है और सभी संकट दूर हो जाते हैं। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना करनी चाहिए। लेकिन दिवाली के दिन सोमवती अमावस्या का संयोग बन रहा है तो आप लक्ष्मी, गणेश और कुबेर पूजन के साथ भगवान शिव की भी पूजन करना सौभाग्यदायक व मंगलकारी माना गया है। सोमवती अमावस्या के दिन पितरों का ध्यान करते हुए पीपल की पूजा करना चाहिए। अगर संभव हो सके तो पूरे दिन भोजन में नमक का प्रयोग न करें।

### खूब बिके विष्णु भोग व मथुरा के पेड़े

शनिवार की मिठाई की दुकानों में दीपावली पर्व के दौरान ग्राहकों की खासी भीड़ देखी गई। शहर से बाहर होने के बावजूद यहां पहुंचे ग्राहकों ने सिग्नेचर डिस विष्णु भोग व मथुरा वृन्दावन के पेड़ की जमकर खरीदी की। वहीं कई ग्राहक ऐसे भी थे जिन्होंने दीपावली पर अपने परिजनों एवं परिचितों को भेंट के लिए रस-मलाई, काजू बाइट, चाको बाइट, अंजीर बाइट, खजूर ड्राई फ्रूट, देशी घी के बेसन से बने लड्डू, अंजीर कतली, काजू कतली के अलावा ड्राई फ्रूट के गिफ्ट पैकेट भी खरीदे। बताया गया कि ताजी व शुद्ध मिठाई तैयार करने लिए लखनऊ व मथुरा के कारीगर अपनी सेवा दे रहे हैं। यही वजह है कि बीते दो दिनों से मिठाई की दुकानों में खरीददारों की भीड़ बनी हुई है।

### लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहुर्त

इस बार ग्रह नक्षत्र तिथि का है महासंयोग स्वाति नक्षत्र निशीथकालीन कार्तिक कृष्ण अमावस्या 12 नवम्बर को 2.42 बजे से दीपदान एवं महालक्ष्मी पूजन का समय शुभ चौघड़िया शाम 5.29 बजे से 7.08 बजे एवं 7.08 बजे से 8.47 बजे तक अमृत, शाम 5.46 बजे से 7.46 बजे स्थिर लग्न लक्ष्मी पूजन विषेश लाभकारी होगा तथा स्नानदान की अमावस्या 13 नवम्बर को 2.14 बजे तक रहेगी।

शुक्रवार को पर्व के दूसरे दिन नरक चतुर्दशी मनाई गई। साथ ही विभिन्न मंदिरों में हनुमान जयंती का आयोजन भी किया गया। यही वजह है कि शहर के चिरहुला व पूर्व मुखी हनुमान मंदिर सिविल लाइंस सहित अन्य हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी गई। वहीं शनिवार को शुभ मुहुर्त के बीच घर-घर मां लक्ष्मी का पूजन करते हुए शुभदा एवं धन-धान्य की पूर्ति की कामना भक्तों द्वारा की जाएगी।

## नूर इंडस्ट्रीज के संचालक पर 25 हजार रुपए जुर्माना

**अनूपपुर, देशबन्धु।** न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सी.पी. पटेल द्वारा नूर इंडस्ट्रीज के संचालक साहिद हुसैन पर बिना खाद्य पंजीयन/खाद्य अनुज्ञप्ति के मानव उपभोग हेतु पानी का विक्रय करने के जुर्म में 25 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है।



इस प्रकरण में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा पुराने पोस्ट आफिस के पास जैतहरी स्थित नूर इंडस्ट्रीज का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण दिनांक को नूर इंडस्ट्रीज के संचालक साहिद हुसैन के पास वित्तीय वर्ष की खाद्य अनुज्ञप्ति/खाद्य पंजीयन नहीं पाई गई था। जबकि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 31 के तहत पानी को प्रोसेस करने के बाद मानव उपभोग हेतु विक्रय करने के लिए खाद्य पंजीयन कराया जाना अनिवार्य है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मौके पर तैयार निरीक्षण रिपोर्ट तथा विवेचना पश्चात सक्षम अधिकारी से अभियोजन स्वीकृति प्राप्त कर न्यायालय में प्रकरण दर्ज करवाया गया था। शाहिद हुसैन फर्म नूर इंडस्ट्रीज द्वारा मौके पर खाद्य पंजीयन प्रस्तुत नही किया गया और न ही न्यायालय के समक्ष खाद्य कारोबार संचालित करने हेतु वैध अनुज्ञप्ति/खाद्य पंजीयन प्रस्तुत की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रकरण एवं नूर इंडस्ट्रीज के संचालक के तर्क सुनने के बाद न्यायालय द्वारा शाहिद हुसैन पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 31 का उल्लंघन प्रमाणित पाये जाने पर धारा 58 के तहत 25 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। न्यायालय द्वारा आदेश में कहा गया है कि उक्त अधिरोपित जुर्माना राशि 30 दिवस के भारतीय स्टेट बैक आफ इंडिया शाखा अनूपपुर में ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा कर न्यायालय को अवगत कराएं, अन्यथा समयावधि व्यतीत होने पर उक्त जुर्माना राशि भू राजस्व बकाया के रूप में तहसीलदार द्वारा वसूल की जावेगी।

### सार-समाचार



## रोजाना जाम में फंसती एम्बुलेंस से मरीजों की बढ़ी आफत

### ज़िम्मेदार दीवाली की उगाही में मस्त

**पाटन, देशबन्धु।** निकाय क्षेत्र में दीपावली के त्यौहार को देखते हुए नगर के बाजारों में ग्रामीणों की अत्याधक भीड़ देखी जा रही हैं। हिन्दुओं के सबसे बड़े त्यौहार पर पाटन पुलिस का गैर ज़िम्मेदार रवैया लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि हमारी ज़िम्मेदार पुलिस कर्मी अपनी पूरी ताकत जुआ, सट्टा और अवैध शराब तस्करों को पुलिस के द्वारा जो संरक्षण दिया जाता है उसके फल स्वरूप मिलने वाली धन लक्ष्मी की उगाही में पूरा ध्यान लगाया जा रहा हैं जबकि इस समय नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई हैं। जाम के दौरान उस समय अफरा तफरी मच गई जब जाम में फ़सी एक एंबुलेंस के मरीज की तबियत बिगड़ने लगी उस समय नगर की ज़िम्मेदार पुलिस मौके से नदारद दिखे वही स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस को जाम से निकलवाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि अभी दीवाली का त्यौहार है तो पाटन की ज़िम्मेदार पुलिस उगाही में मस्त है उसे यातायत व्यवस्था से कोई लेना देना नहीं है। लिहाजा इस पूरे मामले में पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। बता दें कि यह वही पुराना बस स्टैंड और कमानिया गेट के पास की मुख्य सड़क है जहां से बड़े-बड़े ट्रक, बस, मिनी ट्रक, कार सहित बाईक सवार रोजाना सैकड़ों की तादाद में आवागमन करते है। मुख्य सड़क पर रोजाना लगने वाले जाम की वजह से एंबुलेंस भी फंस जाती है। जिससे मरीजों की जान पर बन आती हैं। कमानिया गेट पर लगने वाले जाम से बाईक को निकालने में भी दिक्कत हो रही है वही जाम की समस्या से नगर के व्यापारी भी बहुत परेशान हैं। वही जाम के चलते आए दिन विवाद की स्थिति हर समय बनी रहती है। स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा यातायात व्यवस्था के मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

इनका कहना है

जब चरमराई यातायात व्यवस्था को लेकर पाटन एसडीओपी से बात की गई तो उन्होंने उक्त मामले को दिखवाने की बात कही।

**लोकेश डावर**
एसडीओपी, पाटन

## कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष, महासचिव की नियुक्ति

**गोसलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा विधानसभा से युवक कांग्रेस की कार्यकारिणी में क्रमश: मोहित पटेल को युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया!संजय पटेल को विधानसभा महासचिव नियुक्त किया गया!जय चौधरी को विधानसभा महासचिव नियुक्त गया!नियुक्ति पत्र युवक कांग्रेस के राष्टीय महासचिव खो खो पारे द्वारा प्रदान किया गया।

## धनतेरस पर महिला मंडल ने गरीब बच्चों को की सामग्री वितरित, गौशाला में दीप जलाएं

**पनागर, देशबन्धु।** शांतिनाथ महिला परिषद द्वारा आज धनतेरस के दिन महिला मंडल ने घर-घर जाकर दिए तेल बाती लड्डू लाई एवं बच्चों को ट्रॉफी बांटी एवं सभी के साथ मिलकर खुशियों धनतेरस मनाई एवं सभी को दीपावली की शुभकामनाएं भी बाटी एवं गौशाला जाकर मुख पशुओं को (एक्सीडेंट वाली गायों) को लाई लड्डू खिलाया एवं वहां पर हम सभी ने दीपक जलाए एवं गायों के लिए एक बोरा खाली चुन्नी दान दिया जिससे हम सभी को अत्यंत आनंद की अनुभूति हुई इस कार्य को करने के लिए हम सभी बहने अध्यक्ष समीक्षा चौधरी, सचिव रजनी मोदी, कोषाध्यक्ष अंशुल लसगरी, राजुल खजांची ,शिल्पी चौधरी, पूनम, मृदुल लसगरी ,नंदिनी आदि, सभी बहनों ने अपनी अपनी सहभागिता दी।



## तंत्रक्रिया के लिए युवक की बलि, दो तांत्रिकों ने गला रेतकर की हत्या

### उंगली काटकर चढ़ाई!, गाडरवारा जिला नरसिंहपुर में सनसनीखेज मामला

**जबलपुर/नरसिंहपुर, देशबन्धु।** एमपी के जबलपुर संभाग स्थित गाडरवारा जिला नरसिंहपुर में सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां पर दो तांत्रिकों ने बलि के लिए एक युवक की हत्या की. इसके बाद उंगलियां काटकर नरसिंहपुर में तंत्रक्रिया के लिए देवी को चढ़ा दी। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए दोनों तांत्रिकों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार ग्राम सिमरिया कला गाडरवारा निवासी अंकित पिता लक्ष्मीप्रसाद कौरव की करीब चार माह पहले तबियत खराब होने के कारण परिजनों ने तांत्रिक सुरेन्द्र काछी से झाडफूंक कराई थी. इसके बाद अंकित स्वस्थ हो गया था, तभी से अंकित व उनके परिजनों का तांत्रिक सुरेन्द्र काछी पर विश्वास बढ़ गया था. इसके बाद अंकित के बहनोई एक दुर्घटना में घायल हो गए थे. उनका नागपुर के अस्पताल में इलाज कराया जा रहा था, काफी रुपया लग गया था. जिसके चलते अंकित ने तांत्रिक सुरेन्द्र काछी से संपर्क कर घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि रुपयों की बहुत आवश्यकता है. तांत्रिक सुरेन्द्र काछी ने अंकित को समझाया कि तंत्र साधना से रुपया बनाया जा सका है इसके लिए हाथ की एक उंगली काटकर बलि देना होगी.



अंकित के तैयार होते हुए सुरेन्द्र काछी ने अपने चचेरे भाई भगवानदास उर्फ रम्मू काछी की नरबलि देने की साजिश रची. शुक्रवार की शाम सुरेन्द्र और रम्मू ने अंकित को बुलाया और टेकापार गाडरवारा स्थित एक खेत में ले गए. जहां पर तांत्रिक पूजा के दौरान लड्डू में नींद की गोलियां मिलाकर अंकित को खिला दिया। कुछ देर बाद ही अंकित बेहोश हुआ तो उसका गला रेतकर हाथ की उंगलियां काटकर सिर के पास रखकर तांत्रिक क्रिया करने लगे. इधर अंकित के घर न लौटने पर परिजनों ने अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं लगी. पुलिस को सूचना देते हुए कहा कि बेटा अंकित तांत्रिक सुरेन्द्र काछी के साथ यह कहकर गया था कि खेत में नारियल चढ़ाने जा रहा हूं।

पुलिस तलाश करते हुए खेत पहुंची तो अंकित की खून से लथपथ लाश मिल गई. पुलिस ने संदेही सुरेंद्र पिता हल्के काछी व रम्मू उर्फ भगवानदास पिता शंकरलाल काछी निवासी ग्राम सिमरिया को सरगर्मी से तलाश करते हुए हिरासत में ले लिया. जिन्होने पुलिस अधिकारियों को पूछताछ में वह माता काली का उपासक है, गांव में तंत्र साधना करता है. नरबलि के लिए घर के इकलौते लड़के की जरुरत होती है जिसके चलते उन्होने अंकित को अपने जाल में फंसाकर नरबलि दी है जिससे रुपया प्राप्त हो सके. पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों से घटना में प्रयुक्त बका, खून से सने कपड़े, पूजा में उपयोग की गई सामग्री, मोटर साइकल सहित अन्य सामान बरामद किया है।

## यहां पर पटाखे न फोड़ने की अपील

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** -दीपावली के पावन उत्सव पर लोग आज अपने घरों में रहकर दीपों व बिजली की रोशनी से अपने आशियाने को जगमगायेंगे वहीं गांधीग्राम, गोसलपुर , कछपुरा की सर जमी पर वृक्षों में निवासरत सुंदर काया वाले सैकड़ों किलोमीटर की दूरी से आए पाहुन पक्षी के आशियाने दीपावली के पटाख़ों की आवाज व आतिशबाजी की वजह से सूने रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधीग्राम में भारत के विभिन्न प्रांतो से आए गिद्ध के समान विशालकाय रंग बिरंगे पंखों वा स्लेटी पंखों वाली सुनहरी चोंच वाले लंबी टांगों वाले पक्षी ,बगला व सारस सरीखे की प्रजाति की लंबी चोंच वाले सफेद पक्षी व काले रंग की कोयल के समान बड़ी प्रजाति की चिड़िया व अन्य रंग बिरंगी चिड़ियों ने गांधीग्राम, बुढ़ानसागर तालाब के किनारे लगे आम,पीपल व बरगद के वृक्षों, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांधीग्राम के सामने लगे वृक्षों में एवं वन डिपो के पास लगे इमली के वृक्षों में लकड़ी, पत्तों,व गोसलपुर , कछपुरा में घासपूस से अपना आशियाना बना लिया है, किंतु दीपावली पर्व पर पटाखों वा बमों की आतिशबाजी से डरकर ये पक्षी अपना आशियाना छोड़ देते हैं और दूरस्थ एकांत वा जंगलों की ओर पलायन कर जाते हैं। अर्थात दीपावली से ग्यारस तक दीपोत्सव पर्व के दौरान पाहुन पक्षियों के आशियाने सुने रहने की पूरी संभावना है। * दिन में भोजन की तलाश में होते हैं पाहुन पक्षी ...दिन के समय बुढ़ानसागर तालाब में मछ्ली व अन्य प्रकार की भोजन की तलाश में आ जाते हैं किंतु दीपावली की रात्रि में बम व पटाखों की तेज आवाज से अपने आशियाने में नहीं रहते है।

## गांधीग्राम की होटलों में मिठाइयों की जमकर बिक्री

### नकली-असली मिठाई की विभाग नहीं करता जांच, लोगों की सेहत से हो रहा खिलवाड़

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** दीपावली पर्व पर बाजार में बड़ी मात्रा में मिलावटी सामान की खेप पहुंच गई है। यही कारण है कि दूध, पनीर, मावा और मिठाई में मिलावट बढ़ने की आशंका है। जिसे रोकने में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों के दावे भी नाकाम नजर आते हैं।दीपावली के पर्व से पहले बाजार में खाने वाले सामान की मांग बढ़ गई है। कूड़ा कजई तिराहा गांधीग्राम से लेकर, बस स्टैंड में असली नकली खोवे की मिठाइयों की जमकर बिक्री हो रही है मिठाई लेने के लिए लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है ऐसे में खाद्य सामग्री में जमकर मिलावट हो रही है। भले ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। लेकिन यह अभियान महज खानापूर्ति साबित हो रहा है। क्योंकि बाजार में दूध, मावा, मिठाई से लेकर हर खाने वाले सामान में जमकर मिलावट हो रही है। बाजार में सस्ते के चक्कर में यह सामान जमकर बिकता है। जिसके चलते आमजन की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है।



**शहर से आता है नकली खोवा, मिठाई**-गांधीग्राम सहित आसपास के दो दर्जन गांवों के लोग गांधीग्राम की होटलों से दीपावली पर मिठाइयां ले रहे हैं।दिवाली पर बाजार में आया नकली मावा, मिठाई से विभाग सतर्क रहने की सलाह देते हैं ,विभाग कहता है कि इसके सेवन से कैंसर व किडनी फेलियर जैसी बीमारी के शिकार हो सकते हैं ।

दीवाली को देखते हुए बाजार में मिठाईयों की मांग तेजी से बढ़ रहीं है। ऐसे में नकली मावा बाजार में सबसे ज्यादा खप रहा है। नकली मावा बनाने के लिए घटिया क्वालिटी के मिल्क पाउडर का यूज किया जाता है। इसमें चूना, चॉक और सफेद केमिक्लस का यूज किया जाता है। नकली मावा बनाते समय दूध में यूरिया, डिटर्जेंट पाउडर और घटिया क्वालिटी का वनस्पति घी मिलाया जाता है। सिंथेटिक दूध बनाने के लिए दूध में वॉशिंग पाउडर, रिफाइंड तेल, पानी मिलाकर तैयार किया जाता है। कुछ लोग मावे में सिंघाड़े का आटा, मैदा या आलू भी मिलाते हैं।

## तेज रफ्तार ने ले ली दम्पती की जान

### जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर हादसा, दो पहिया को टक्कर मारने के बाद तूफान वाहन पलटा





**गोरखपुर/डिंडोरी, देशबन्धु।** डिंडोरी में तेज गति ने फिर दो लोगों की जान ले ली है। जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर हादसा हो गया है। हादसे के दौरान वाहन में आठ लोग सवार थे। दंपती की मौत हो गई है।

दोपहिया वाहन में सवार महिला की जहां मौके पर ही मौत हो गई। जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर से एक किमी दूर बड़ी पुलिया के पास यात्रियों से भरे तूफान ने दोपहिया वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि दोपहिया वाहन में सवार महिला की जहां मौके पर ही मौत हो गई,वही महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि कुछ देर बाद घायल पति की भी मौत हो गई। मृतक अनुपपुर जिले के ग्राम दमेडी के बताए जा रहे हैं।

### अस्पताल पहुंचने से पहले सांसें थम चुकी थीं

हादसे के दौरान आवाज इतनी तेज थी कि कुछ समझ नहीं आया क्या हो गया है। सड़क से गुजर रहे लोगों ने किसी तरह घायलों को वाहन से बाहर निकाला और तत्काल अस्पताल लेकर दौड़े। जब तक युवक को अस्पताल पहुंचा पाते उसकी सांसें थम चुकी थीं।

## मवई-रमतिला मार्ग पर मोटर साइकिल और बोलेरों की भिड़ंत में दो गंभीर धायल

**मंडला, देशबन्धु।** ग्राम मवई के रमतिला रोड पर बुलेरो और मोटर साइकल के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार टक्कर जिसमें बाईक में सवार दोनों व्यक्तियो को गंभीर चोटे आई है दोनों को जिला अस्पताल के लिये रिफर कर दिया गया है बुलेरो चालक मौके से फरार हो चुका था ग्रामवासियों ने आनन फानन में एंबुलेंस व निजी वाहन की सहायता से दोनों व्यक्तियों को स्वास्थ्य विभाग मवई भर्ती कराया गया जिससे प्राथमिक उपचार कर रिफर कर दिया गया बाईक में सवार बुजुर्ग व्यक्ति बुखऊ यादव उम्र लगभग 70 वर्ष ,राज यादव उम्र 18 वर्ष दोनों की हालत बहुत गंभीर है दोनों को चिकस्त्सालय मण्डला में पहुँचा दिया गया है मवई अस्पताल में स्थित शासकीय एंबुलेंस में पहुचाया गया जबकि दूसरे मरीज को विधायक प्रत्याशी नारायण सिंह पट्टा के द्वारा दिये गये वाहन के माध्यम से पहुँचाया गया है वाहन मालिक और गाड़ी ड्राइवर दोनों यथा स्तिथि से फरार हो चुके थे जानकारी के अनुसार बुलेरो चालक शराब पीकर गाड़ी चला रहे था ग्रामीनो ने बताया कि वहान चलाने वाला ग्राम सरपंच का छोटा पुत्र था जो मौकाये वारदात से फरार हो चुका था।



## रूस के चुकोटका में लापता एएन-2 विमान मिला

**मॉस्को** , (एजेंसियां)। रूस के चुकोटका स्वायत्त क्षेत्र में शुक्रवार को गायब हुआ एएन-2 विमान मिल गया है, जिसमें तीन लोग सवार थे। प्रांत के गवर्नर व्लादिस्लाव कुजनेत्सोव ने यह जानकारी दी। गवर्नर ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, लापता विमान मिल गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सभी तीन लोग - पायलट और यात्री - जीवित हैं। हालांकि, उन्हें अलग-अलग गंभीरता की चोटें आई हैं' रूस के सुदूर पूर्व के चुकोटका में स्ट्रिज एविया एयरलाइंस द्वारा संचालित एक एएन-2 विमान आज सुबह लापता हो गया जिसमें तीन लोग सवार थे। स्थानीय आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि विमान ने पेवेक से पॉलीर्नी के लिए उड़ान भरी लेकिन लैंडिंग के निर्धारित समय पर उससे कोई संपर्क नहीं हो सका। विमान में चालक दल के दो सदस्य और एक यात्री सवार है। रिपोर्ट में कहा गया कि एक एमआई-8 हेलीकॉप्टर बचावकर्मियों के साथ एक खोज मिशन पर रवाना हुआ है। बताया जाता है कि कथित तौर पर एएन-2 बंदरगाह शहर पेवेक से माल ले जा रहा था। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि इस क्षेत्र में कई दिनों से मौसम खराब है और जमीन पर मोटी बर्फ जमी हुई है।

# भूख से तड़प रहे बच्चे, इजरायली हमले से हताश फिलिस्तीन



इजराइल और फलस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास के बीच जारी युद्ध के मध्य हालात ये हैं कि लोग रोटी लेने के लिए कतारों में झगड़ रहे हैं, खारे पानी की एक-एक बाल्टी लेने के लिए घंटों इंतजार कर रहे हैं साथ ही खचाखच भरे शिविरों में खुजली, दस्त और सांस संबंधी संक्रमण से जूझ रहे हैं। दीर अल-बलाह शहर में संयुक्त राष्ट्र के एक शिविर में राहत कार्यों में लगी एक महिला और पांच बच्चों की मां सुजैन वाहिदी ने कहा, मेरे बच्चे भूख से रो रहे हैं और थक चुके हैं। यहां तक की वे शौचालय का इस्तेमाल नहीं कर सकते। दीर अल-बलाह शिविर में सैकड़ों लोगों को एक ही शौचालय का प्रयोग करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे पास उनके लिए कुछ नहीं है। इजराइल-हमास के बीच युद्ध के दूसरे महीने में अब तक गाजा में 10,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है साथ ही यहां फंसे हुए लोगों को बिना बिजली और पानी के जीवित रहने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उत्तरी गाजा में इजराइल के जमीनी हमले से बचकर भागने में कामयाब रहे फलस्तीनी लोगों को अब दक्षिण क्षेत्र में भोजन और दवा की कमी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों पर बिन बुलाए आई इस मुसीबत का फिलहाल कोई अंत होता नहीं दिख रहा है, जो हमास के इजराइल पर सात अक्टूबर को हमले के बाद से शुरू हुई है। पांच लाख से ज्यादा लोग दक्षिण के अस्पतालों और संयुक्त राष्ट्र के स्कूलों से शिविरों में तब्दील हुए इमारतों में खचाखच भरे हुए हैं। कूड़े के ढेर और उनपर मंडराते हुए मच्छर-मक्खियों ने इन स्कूलों को संक्रमाक बीमारियों का स्थल बना दिया।

युद्ध की शुरुआत से ही मदद के लिए सैकड़ों की संख्या में ट्रकों ने दक्षिणी रफा के माध्यम से गाजा में प्रवेश किया लेकिन राहत संगठनों का कहना है कि यह मदद समुद्र में एक बूंद के बराबर है। रोटी और पानी की तलाश में घंटों-घंटों कतारों में खड़े रहना अब रोजाना का किस्सा हो गया है। गाजा का सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो गया है, जिसने दशकों तक संघर्ष, इजराइल के साथ चार युद्ध और फलस्तीनी बलों से सत्ता छीनने वाले हमास के बाद 16 साल तक प्रतिबंधों को झेला है। दक्षिणी शहर खान यूनुस में 'नॉर्वे रिफ्यूजी काउंसिल' में राहत कार्यों से जुड़े शख्स यूसुफ हम्माश ने कहा, आप जहां भी जाएंगे आपको सिर्फ लोगों की आंखों में पीड़ा ही दिखाई देगी। उन्होंने कहा,''आप कह सकते हैं कि वे अपने जीवन के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं।'' सुपरमार्केट जैसी बड़ी दुकानें लगभग खाली हो चुकी हैं। आटा और ओवन के लिए ईंधन की कमी की वजह से बेकरी बंद हो गई हैं। गाजा के खेतों तक पहुंचना लगभग असंभव हो गया है और प्याज व संतरे के अलावा ज्यादातर चीजें बाजारों से नदारद हैं। बहुत से परिवार सड़कों पर ही आग जलाकर दाल पका रहे हैं।

दक्षिणी शहर रफा के एक शिविर में रह रहे फोटोग्राफर अहमद कंज (28) ने कहा, रात के वक्त आप बच्चों को मिठाईयों और गर्म खाने के लिए रोते हुए सुन सकते हैं। मुझे नींद नहीं आती। बहुत से लोगों का कहना है कि उन्हें मांस, अंडे खाए और दूध पिए हफ्तों गुजर चुके हैं और नौबत यह है कि अब दिन में सिर्फ एक बार खाने को ही मिलता है। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम की प्रवक्ता आलिया जकी ने कहा, लोगों पर कुपोषण और भूख से मरने का वास्तविक खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों से जुड़े लोग जिस खाद्य असुरक्षा की बात करते हैं, गाजा के 23 लाख लोगों पर उसका खतरा मंडरा रहा है।

गाजा शहर से भागकर दीर अल बलाह आने वाली 59 वर्षीय इताफ जामला ने कहा, मैंने अपने बेटों को बेकरी भेजा था और आठ घंटे बाद वे शरीर पर चोट के निशान लेकर पहुंचे। कभी-कभार तो खाने के लिए ब्रेड तक नहीं मिलती है। फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी की प्रवक्ता जुलिएट टौमा ने कहा, जिस सामाजिक ताने-बाने के लिए गाजा मशहूर था वो आज चिंता और अनिश्चितता से टूटने की कगार पर पहुंच गया है।

## आज का इतिहास

1781 – अंग्रेजो ने नागापट्टनम पर कब्जा किया।
1841 – टेक्सास का शहर जॉन नेली ब्रायन द्वारा स्थापित किया गया।
1847 – ब्रिटेन के चिकित्सक सर जेम्स यंग सिंप्सन ने एनेस्थेटिक के रूप में पहली बार क्लोरोफार्म का प्रयोग किया।
1908 – बुलग़ारिया ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1927 – महात्मा गांधी ने सिलोन की अपनी पहली और आखिरी यात्रा की।
1930 – लंदन में भारत में संवैधानिक सुधारों पर चर्चा के लिए पहले गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत।
1936 – केरल के मंदिर सभी हिंदुओं के लिए खुले।
1940 – भारतीय फिल्मों के अभिनेता अमज़द ख़ान का जन्म हुआ।
1946 – बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक एंव भारत रत्न से सम्मानित पंडित मदन मोहन मालवीय का उत्तर प्रदेश में निधन हो गया।
1969 – प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कांग्रेस से निष्कासित किया गया।
1974 – दक्षिण अफ्रीका नस्लीय नीतियों के कारण संयुक्त राष्ट्र महासभा से निलंबित।

## सुडोकू 6374

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 7 | | 6 | |
| 2 | | | 9 | 5 | 6 | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| 8 | | 2 | 4 | | | 6 | | 7 |
| 4 | | | | 6 | | | | 3 |
| 5 | | 1 | | | 3 | 2 | | 4 |
| | | | | | | 3 | 1 | |
| | | 4 | 8 | 1 | 9 | | | 6 |
| | 7 | | 6 | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## हम तो दोस्त हैं, अमेरिका-भारत की करीबी देख ढीली पड़ी ड्रैगन की अकड़

**बीजिंग।** भारत और अमेरिका के बीच बढ़ती करीबी से ड्रैगन के कलेजे पर सांप लोटने लगा है। चीन इस कदर बेचैन हो उठा है कि उसने अमेरिका और भारत से दोस्ती की दुहाई देनी शुरू कर दी है। चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने लिखा है कि चीन भारत को दुश्मन के रूप में नहीं देखता है। असल में इसके पीछे है भारत-अमेरिका के बीच हो रही 2+2 की बातचीत। इस दौरान दोनों देशों के रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री अपने समकक्षों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। अब यह बात चीन को किसी भी तरह से हजम नहीं हो रही है। बता दें कि ग्लोबल टाइम्स को चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी का मुखपत्र भी कहा जाता है। यह चीनी अखबार आर्टिकल में आगे लिखता है कि चीन भारत को एक दुश्मन के तौर पर नहीं देखता है। इसके मुताबिक चीन भारत को एक पड़ोसी देश के रूप में देखता है। इसके मुताबिक दोनों देशों के बीच मतभेद के साथ निपटने का यही एक तरीका है। भारत और चीन के बीच व्यापारिक संबंध पड़ोसी देशों की तरह होने चाहिए। अखबार ने लिखा है कि भारत में किसी को भी चीन को दुश्मन या प्रतिद्वंद्वी नहीं समझना चाहिए। ना ही उसे चीन के साथ सैन्य मोर्चे पर उलझना चाहिए। अगर भारत-अमेरिका सहयोग पड़ोस में बसे किसी तीसरे देश के लिए खतरा नहीं है तो कोई प्रॉब्लम नहीं है। लेकिन अगर इन दोनों के संबंधों से चीन जैसे किसी देश को मिलिट्री या सिक्योरिटी खतरा महसूस होता है तो यह चिंता की बात होगी।

## इजराइल को गाजा में बच्चों व महिलाओं को मारना बंद करना चाहिए – मैक्रों

**पेरिस, (आईएएनएस)।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने कहा कि इजरायल को गाजा में यहूदी राष्ट्र और हमास आतंकवादी समूह के बीच बढ़ते युद्ध के बीच शिशुओं और महिलाओं को मारना बंद करना चाहिए। वार्षिक पेरिस शांति मंच की समाप्ति के बाद शुक्रवार रात बीबीसी से बात करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि उस शिखर सम्मेलन में उपस्थित सभी सरकारों और एजेंसियों का स्पष्ट निष्कर्ष है कि पहले मानवीय विराम के अलावा कोई अन्य समाधान नहीं है। एक युद्धविराम, जो (हमें) उन सभी नागरिकों की रक्षा करने की अनुमति देगा, जिनका आतंकवादियों से कोई लेना-देना नहीं है। मैक्रॉन ने कहा, शिशुओं, महिलाओं और बूढ़े लोगों पर बमबारी की जाती है और उन्हें मार दिया जाता है। इसका कोई कारण नहीं है और कोई वैधता नहीं है। इसलिए हम इज़राइल से इसे रोकने का आग्रह करते हैं। मैक्रॉन ने बीबीसी को बताया, हमारे सिद्धांतों के कारण यह हम सभी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम लोकतांत्रिक हैं। यह मध्य से दीर्घावधि के साथ-साथ इज़राइल की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है, यह पहचानना कि सभी का जीवन मायने रखता है। यह पूछे जाने पर कि क्या इज़राइल ने गाजा में अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़ा है, राष्टपति ने कहा- मैं न्यायाधीश नहीं हूं। मैं राज्य का प्रमुख हूं। उन्होंने कहा कि इज़राइल की आलोचना करना सही नहीं होगा, जिसे वह एक भागीदार और एक मित्र कहते हैं। लेकिन मैक्रॉन ने कहा कि वह इस बात से असहमत हैं कि इजरायल के लिए खुद को बचाने का सबसे अच्छा तरीका गाजा पर बमबारी करना है, उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र में नाराजगी और बुरी भावनाएं पैदा कर रहा है, जो संघर्ष को लम्बा खींच देगा।

# गाजा में तबाही देख पश्चिम से भी उठी युद्धविराम की मांग

## फ्रांस ने किया इजरायली बमबारी का विरोध

**पैरिस।** हमास के खिलाफ युद्ध में इजरायल के साथ दिखाई देना वाले फ्रांस ने अपने रुख में परिवर्तन करते हुए कहा कि जिस तरह से गाजा में मासूम बच्चे और नागरिक मारे जा रहे हैं, इजरायल को युद्धविराम कर देना चाहिए। वहीं इजरायल अपनी बात पर अड़ा हुआ है। इजरायली पीएम नेतन्याहू का कहना है कि अगर वह युद्धविराम करते हैं तो यह सरेंडर की तरह होगा। जब तक हमास का पूरी तरह खात्मा नहीं हो जाता है, वह युद्धविराम का ऐलान नहीं करेंगे।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा इजरायल को गाजा के नगारिकों को मारना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बमबारी से कोई फायदा नहीं होने वाला है और युद्धविराम से इजरायल को ही फायदा होने वाला है। उन्होंने कहा कि फ्रांस किसी भी तरह की आतंकवादी गतिविधि के खिलाफ है और निंदा करता है लेकिन इजरायल को गाजा में बमबारी रोक देनी चाहिए। इमैनुएल मैक्रों ने ये बातें बीबीसी को दिए इंटरव्यू में कहीं।

इजरायल पर हमास के हमले के खिलाफ जब पश्चिमी देशों ने संयुक्त निंदा का बयान जारी किया था तो उसमें फ्रांस भी शामिल था। इमैनुएल मैक्रों से जब पूछा गया कि क्या ब्रिटेन और अमेरिका भी युद्धविराम की वकालत करेंगे। इसपर मैक्रों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बाकी देश भी युद्धविराम का पक्ष लेंगे और इजरायल से इसके लिए आग्रह करेंगे। बता दें कि 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर हमला कर दिया था और करीब 1200 लोगों को मार डाला था। इसके बाद इजरायल गाजा पर बमबारी कर रहा है। इजरायल की सेनाएं जमीनी हमला भी कर रही हैं।

शनिवार को दूसरी बार गाजा सिटी के अल शिफा अस्पताल पर इजरायल ने बमबारी की। इजरायल का कहना था कि इस अस्पताल में आतंकियों का कमांड सेंटर है। अस्पताल में 22 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। इजरायल इस बात पर जरूर सहमत हुआ है कि गाजा के लोगों को जरूरी सामान पहुंचाने के लिए हर रोज कुछ घंटे का युद्धविराम किया जाए। मैक्रों ने कहा कि मानवीय सहायता के लिए युद्धविराम जरूरी है। युद्धविराम के आलावा मासूमों को बचाने का कोई और रास्ता नहीं है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा है कि इजरायल की बमबारी में 10 हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

इजरायल ने गाजा के लिए फ्यूल और अन्य जरूरी सामग्री की सप्लाई पर भी रोक लगा दी थी। वहीं उत्तरी गाजा के लोगों को दक्षिण गाजा जाने की चेतावनी दी गई है। बड़ी संख्या में लोगों ने पलायन भी किया है। हमास का कहना है कि वह इजरायल से लंबा युद्ध लड़ने वाला है। उसके पास सुरंगों में महीनों का राशन और गोला बारूद इकट्ठा है।

## कनाडा में गैंगवार की भेंट चढ़ा 11 साल का सिख नाबालिग, पिता-पुत्र की दिनदहाड़े हत्या

**ओटावा।** कनाडा के एडमॉन्टन शहर में एक सिख और उसके 11 साल के बच्चे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को शॉपिंग प्लाजा में गैस स्टेशन के बाहर दिनदहाड़े दोनों क गोली मार दी गई। पुलिस के मुताबिक दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक ब्रिटिश कोलंबिया के गैंगवार के चलते यह घटना हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। हालांकि अस्पताल में दोनों को ही मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि मारा गया शख्स उप्पल ब्रदर्श कीपर्स नाम के गिरोह का सदस्य था। वहीं हमलावर उसके ही विरोधी गैंग से थे। मरने वाले का नाम हरप्रीत सिंह उप्पल बताया गया है। 2021 में भी उप्पल पर हमला हुआ था लेकिन वह बच निकले थे। पिज्जा की दुकान पर खाने के दौरान उप्पल के परिवार पर हमला किया गया था।

पुलिस ने कहा कि यह टारगेट किलिंग थी। शहर के प्रीमियर डेनियल स्मिथ ने इस हत्या पर दुख जताते हुए कहा, इस तरह से नाबालिग की निर्ममता से हत्या को लेकर मुझे दुख है। शुक्रवार को पुलिस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि जब हमलावरों को पता चल गया कि हरप्रीत अपने बेटे के साथ है तो टारगेट करके उसपर हमला कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि उप्पल की काफी जान पहचान थी। वह गैंग और ड्रग के मामले में पहले से पुलिस की निगाह में थे। पुलिस ने कहा कि नाबालिग की हत्या बेहद निंदनीय है और अगर कोई इस जांच में सहयोग करना चाहता है तो उसे सामने आना चाहिए। बता दें कि उप्पल को कोर्ट के सामने भी एक ड्रग्स के मामले में पेश होना था। हरप्रीत को 2013 में अवैध रूप से हथियार रखने के मामले में भी जेल की सजा हुई थी। इसके अलावा कोकीन तस्करी मामले में मुकदमा दर्ज था।


इस हत्या को गैंगवार का नाम दिया गया है। बता दें कि भारत और कनाडा में इस समय निज्जर की हत्या को लेकर तनाव चल रहा है। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून को कुछ हमलावरों ने हत्या कर दी थी।

## अस्पताल को ढाल बनाकर छिपे थे हमास के आतंकी

इजरायल-हमास युद्ध के बीच गाजा पट्टी के एक अस्पताल पर हमला हुआ है। इस हमले में 22 लोगों की मौत की सूचना है। फिलिस्तीन ने इजरायल को हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया है। हलांकि, इजरायली डिफेंस फोर्स ने आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गाजा के अल-शिफा अस्पताल को दो दिनों से इजरायल ने घेर रखा था। इजरायल का कहना है कि यहां आतंकी छिपे थे। गाजा के उत्तरी युद्ध क्षेत्र से जान बचाकर भाग रहे फलस्तीनी नागरिकों ने कहा कि गाजा शहर के मध्य में स्थित शिफा अस्पताल में शरण लिए हुए हजारों लोग रात भर हुए धमाकों के बाद वहां से भाग गए। इजराइल-हमास के बीच चल रहे युद्ध के बीच अस्पताल में 80,000 लोग शरण लिये हुए थे।

अस्पताल से शुक्रवार को भागे लोगों में से कुछ ने कहा कि इमारत में सैकड़ों बुरी तरह से घायल मरीज और चिकित्सक ही रह गए हैं। वहीं, फोन और इंटरनेट सेवा बाधित होने के चलते शिफा के अस्पताल के चिकित्सकों से टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं हो पाया हमास शासित गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल-हमास युद्ध में मरने वाले फलस्तीनी नागरिकों की संख्या 11,000 को पार कर गई है।

## वर्ग पहेली 6374




**बायें से दायें:-**

१. हानिकारक, अपकार करने वाला, अकल्याणकारी
४. 'एजेंट'
६. रुकना, ठहरना, चालू न रहना, बंद हो जाना
७. ओर, पक्ष (उर्दू)
८. झूठ बोलने वाला
१०. जो भारी न हो
११. पूरी ताकत के साथ
१३. अनुवाद (उर्दू)
१४. गुरुता, भारीपन, गौरव, महत्व
१५. बंधुत्व
१६. रानी (उर्दू)
१९. अग्नि
२१. उपवन, बगीचा
२२. अवलंबित होना, आश्रयहीन होकर नीचे की ओर झूलना, टंगना
२४. निर्माण-संबंधी, सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. चेतनाहीन, जड़
२. पक्षपाती (उर्दू)
३. सारथि
४. छोटी ऊंगली और बीच की ऊंगलियों में बीच की ऊंगली
५. जलपान, नाश्ता
९. दीपावली
११. हित, कल्याण, उपकार
१२. आश्रय, टेक, आलंब, भरोसा, मदद (उर्दू)
१३. संपूर्ण, समस्त (उर्दू)
१४. आकाश, नभ
१५. किस्मतवर
१६. चापलूस
१८. लेखक, लिपिकार
१९. पूज्य, उपासना
२०. लालसा, तीव्र इच्छा
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6373



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**संकट** ग्राहकों को पर्याप्त भोजन और अन्य आपूर्ति प्रदान नहीं कर सकता : स्टी लुईस आउटरीच सेंटर ऑफ पील

# कनाडा में फूड बैंक ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए अपने दरवाजे बंद किए

**टोरंटो,** (एजेंसियां)। कनाडा के ओंटारियो प्रांत में एक फूड बैंक ने आपूर्ति की भारी मांग को पूरा करने में विफल होने पर अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए अपने दरवाजे बंद कर दिए। सीबीसी न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रैम्पटन स्थित स्टी लुईस आउटरीच सेंटर ऑफ पील ने कहा कि वह अपने ग्राहकों को पर्याप्त भोजन और अन्य आपूर्ति प्रदान नहीं कर सकता क्योंकि सितंबर से आउटलेट पर आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या बढ़ रही है। खाद्य बैंक एक धर्मार्थ संगठन है जो सुरक्षित, पौष्टिक भोजन एकत्र करता है और इसे खाद्य असुरक्षा का सामना करने वाले व्यक्तियों और परिवारों को पुनर्वितरित करता है।

डेली ब्रेड फ़ूड बैंक की सबसे हालिया वार्षिक रिपोर्ट में जुलाई 2022 से जून 2023 तक उपयोग में साल-दर-साल 63 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। स्टी लुईस आउटरीच सेंटर ऑफ पील की अध्यक्ष कैथरीन रिवेरा ने सीबीसी न्यूज को बताया, 'हमें तीन, चार, कभी-कभी नौ, दस लोगों के समूह मिलते हैं, जो अपने बैकपैक्स के साथ मुफ्त सामान के लिए तैयार रहते हैं, हम उनसे कहते हैं, 'हम आपको खाना नहीं खिला सकते, आप अपने और अपने परिवार के लिए ज़िम्मेदार हैं।' रिवेरा ने कहा कि छात्रों को कनाडा आने से पहले अपने पहले वर्ष के लिए धन दिखाना आवश्यक है, और इसलिए उन्हें खाद्य बैंकों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। जवाब में, एटोबिकोक में साईं धाम फूड बैंक के सह-संस्थापक विशाल खन्ना ने कहा कि किसी को यह नहीं मानना चाहिए कि जब जीवन यापन की लागत इतनी अधिक है तो छात्रों के पास खुद को बनाए रखने के लिए पैसा है। सीबीसी को बताया, यहां तक कि औसत कनाडाई व्यक्ति जो 60,000 डॉलर कमा रहा है, वह अभी भी हमारे



फूड बैंक में खा रहा है, जिसका फूड बैंक 57 कॉलेजों के 1,500 छात्रों को हर सुबह खाना परोसता है। खालसा एड के राष्ट्रीय निदेशक जिंदी सिंह ने इस कदम को 'काफी परेशान करने वाला' बताया क्योंकि कुछ छात्रों के पास भोजन और अन्य खर्चों को कवर करने के लिए हर महीने केवल 688 डॉलर ही बचते हैं। सिंह ने कहा, 'ुझे आश्चर्य है कि क्या उन्हें एहसास है कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए यह कितना मुश्किल है, उनमें कुछ जो भारी कर्ज में डूबे हुए हैं, जीवनयापन संकट के दौरान संघर्ष कर रहे लोगों के लिए फूड बैंक में जाना एक अंतिम उपाय है।' सिंह ने समाचार चैनल को बताया कि खालसा एड को नौकरी खोजने के लिए संघर्ष कर रहे अंतरराष्ट्रीय छात्रों से कई अनुरोध प्राप्त हुए हैं जो उन्हें सप्ताह में 20 घंटे प्रदान करते हैं। हाल ही में जारी फूड बैंक्स कनाडा की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा जीवन यापन की गंभीर लागत और आवास संकट से जूझ रहा है और लगभग सात मिलियन लोग मेज पर भोजन रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हाल ही में सैकड़ों अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने कथित तौर पर संसाधनों की कमी के लिए पूरी फीस वापसी की मांग की, जिसमें आवास, भोजन और नौकरियां शामिल थीं। आव्रजन मंत्री मार्क मिलर के अनुसार, देश ने पिछले साल 8,00,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय छात्रों का स्वागत किया। देश 2023 में 9,00,000 अंतरराष्ट्रीय छात्रों को लाने की राह पर है। कनाडा के आप्रवासन शरणार्थी नागरिकता के अनुसार अंतरराष्ट्रीय छात्र कनाडा की अर्थव्यवस्था में प्रति वर्ष 22.3 बिलियन डॉलर से अधिक का योगदान करते हैं।

# खेल जगत

## एलिसा हीली ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी के लिए 100 प्रतिशत तैयार

**सिडनी**। एलिसा हीली को भरोसा है कि वह भारत दौरे के लिए फिट होंगी और साथ ही उन्होंने यह भी साफ़ किया है कि वह मेग लैनिंग के संन्यास लेने के बाद स्थाई तौर पर कप्तानी करना चाहती हैं। पिछले 12 महीनों में हीली ने भारत दौरे, एशेज और वेस्टइंडीज के ख़िलाफ़ सीरीज़ के लिए लैनिंग के स्थान पर कप्तानी की है। अब लैनिंग के जाने के बाद स्थाई कप्तान पर फ़ैसला लिया जाना है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के दौरे के बाद हीली ने कहा था कि विकेटकीपिंग और बल्लेबाज़ी के साथ कप्तानी का भी भार उठाना उनके लिए काफ़ी मुश्किल काम है। हीली ने कहा, मैं कप्तानी करती रही क्योंकि उम्मीद थी कि लैनिंग वापस आएंगी। अगला कप्तान कौन होगा इसका फ़ैसला ज़िम्मेदार लोग लेंगे। मुझे नहीं पता कि वे लंबी अवधि वाला कप्तान खोजेंगे या फिर कोई छोटी अवधि के लिए। अगर मुझे बुलाया जाता है तो निश्चित रूप से मैं इस मौके को स्वीकार करूंगी।




# विराट की निगाहें सबसे पहले दुनिया में वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों में शतकों के अर्धशतक पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली**। विराट कोहली की निगाहें अब अपने आदर्श सचिन तेंडुलकर को भी पीछे छोड़ दुनिया में सबसे पहले वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतकों का अर्धशतक जड़ अपने दूसरे घर बेंगलुरू में भारत को नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को आईसीसी क्रिकेट वन डे विश्व कप 2023 के आखिरी और नौवें राउंड रॉबिन लीग मैच में भी जीत दिला उसका अजेय क्रम बरकरार रखने पर है। बेशक नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को धर्मशाला में हरा कर बड़ा उलटफेर किया हो लेकिन उससे भारत के विजयक्रम को रोकने की आस बेमानी ही है। भारत और नीदरलैंड अब तक वन डे विश्व कप में दो भिड़े हैं और दोनों बार जीत उसके ही हिस्से आई। भारत की कोशिश नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम वन डे विश्व कप में लगातार तीसरी जीत के साथ उसके खिलाफ अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखने की होगी। भारत के धुरंधर बल्लेबाज विराट और केएल राहुल का चिन्नास्वामी मैदान से खास रिश्ता है और ये दोनों अपने चीफ कोच राहुल द्रविड़ को उनके गृह मैदान पर 'जीत' का तोहफा देने में कसर नहीं छोड़ेंगे। खासतौर पर विराट और केएल राहुल की हौसलाअफजाई के लिए उनके प्रशंसक चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

भारतीय टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी, धारदार गेंदबाजी और बेहद चुस्त फील्डिंग की बानगी पेश कर शुरू के आठों मैच जीत कर शीर्ष पर रह कर सबसे पहले सेमीफाइनल में स्थान बनाकर देशवासियों को दीवाली से पहले ही खुशियों के दीप जलाने का मौका दे दिया। भारत ने शुरू के पांच मैच बाद मे बल्लेबाजी करते हुए और इससे अगले तीनों मैच पहले बल्लेबाजी करते हुए जीते हैं। भारत की असली दिवाली तो तब ही मनेगी जब वह 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल जीत तीसरी बार वन डे विश्व कप खिताब जीतेगा लेकिन इससे पहले उसे सेमीफाइनल की अंतिम पूर्व बाधा को पार करना होगा। नीदरलैंड की बल्लेबाजी उसके लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दो-दो -दो अर्द्धशतक जडने् वाले साइब्रेंड एंजेलब्रेक्ट (255 रन) और कप्तान स्कॉट एडवर्स (242 रन) के साथ कॉलिन एकरमैन (कुल 181 रन) पर निर्भर करेगी। भारत के तेज गेंदबाज शमी( कुल 16 विकेट), जसप्रीत बुमराह( कुल 15 विकेट), मोहम्मद सिराज (कुल दस विकेट) की त्रिमूर्ति के साथ बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (कुल 12 विकेट) और रवींद्र जडेजा( कुल 14 विकेट) से पार पा एंजेलब्रेक्ट और एडवडर्स के लिए रन बनाना आसान नहीं होगा।

- ■ नीदरलैंड से भारत के विजयक्रम को रोकने की आस बेमानी
- ■ शमी व बुमराह की गेंद की धार से पार पाना एंजेलब्रेक्ट व एडवडर्स के लिए आसान नहीं




भारत के लिए नीदरलैंड के खिलाफ मैच में कुछ प्रयोग करने का मौका है क्योंकि इसके नतीजे से उस पर कोई फर्क नहीं पडने् वाला है। भारत बावजूद इसके अपने विजयी संयोजन से छेड़छाड़ नहीं करेगा क्योंकि 15 नवंबर को सेमीफाइनल में जीत के साथ उतरना चाहेगा। भारत चेन्नै में ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले ही मैच में मात्र दो रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद ही सही मायनों में नींद से ऐसी जागा कि फिर पलट कर पीछे नहीं देखा। भारत ने मौजूदा चैंपियन इंग्लैड के खिलाफ लखनउ में 229 रन बनाया लेकिन तब रफ्तार के सौदागर मोहम्मद शमी के पंजे की बदौलत गेदबाजी इकाई के रूप मे धार दिखा कर उसे सौ रन से जीत दिलाई। भारत अपने शुरू के सभी आठ मैच जीत कर सबसे पहले शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर चुका है। कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित के शुरू से ही बल्ले से दे दनादन , विराट के जोश के साथ होश और मात्र चार मैच खेल कर रफ्तार के सौदागर मोहम्मद शमी के दो %पंजो' सें कहर बरपा ताश की पत्तों की तरह प्रतिद्वंद्वी टीम के बिखेर विकेट ने भारत के विजयरथ को लगातार आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। विराट पर से कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बीते रविवार को शतक जडने् के साथ दुनिया में वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 49 शतकों के सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी करने के साथ एक बहुत बड़ा %बोझ' उतर गया। विराट कोहली का किसी भी फॉर्मेट में शतक अब उन्हें दुनिया में क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट को मिलाकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल सबसे ज्यादा शतकों के %शतक' जडने् वाले इकलौते बल्लेबाज बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर के रिकॉर्ड के औरकरीब और लाता जाएगा। विराट कोहली फिलहाल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट कुल मिलाकर 72 अंतर्राष्ट्रीय शतकों के साथ सचिन के बाद दूसरे नंबर पर है। विराट (कुल 543 रन) मौजूदा संस्करण में दो शतकों और चार अर्द्धशतकों के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने में सबसे ज्यादा चार शतक जडने् वाले दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक(कुल 591 रन) और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र (कुल 565 रन) के बाद तीसरे भारत के लिए रन बनाने में पहले स्थान पर हैं। भारत के कप्तान रोहित शर्मा (कुल 442रन)अपने ही अंदाज में दे दनादन कर एक शतक और दो अर्द्धशतक के साथ रन बनाने में दूसरे स्थान पर हैं। श्रेयस अय्यर(कुल 292 रन) तीन अर्द्धशतक , केएल राहुल (कुल 245 रन) एक अर्द्धशतक, दो अर्द्धशतक जडने् वाले शुभमन गिल (कुल 219 रन) और हार्दिक पांडया के चोट के चलते बाहर होने से पिछले चार मैचों में मिले मौके को भुनाने वाले सूर्य कुमार यादव (कुल 85रन) और रवींद्र जडेजा (कुल 111 रन) जैसे ऑलराउंडर की मौजूदगी में भारत बड़ा लक्ष्य खड़ा करने और जीत के लिए बड़े लक्ष्य का पीछा करने में सक्षम हैं।

## इंग्लैंड ने पाकिस्तान को दिया 338 रन का लक्ष्य




**कोलकाता**। जो रूट (60) और बेन स्टोक्स (84) के बीच तीसरे विकेट के लिये 132 रन की साझीदारी की मदद से इंग्लैंड ने आईसीसी विश्वकप के अपने आखिरी लीग मुकाबले में शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट खोकर 337 रन बनाये।

ईडन गार्डन मैदान पर डाविड मलान (31) और जॉनी बेयरस्टो (59) ने 82 रन की पार्टनरशिप कर इंग्लैंड को मजबूत आधार दिया जबकि बाद में जो रूट और बेन स्टोक्स ने संयम का परिचय देते हुये अपनी टीम के स्कोर को बड़ा बनाने में महती योगदान दिया। शाहीन शाह अफरीदी की गेंद पर क्लीन बोल्ड होने से पहले स्टोक्स ने 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से अपनी टीम के लिये बेशकीमती रन जुटाये। मध्यक्रम की जान माने जाने वाले स्टोक्स का बल्ला भी आज खूब चला। वह अफरीदी की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर खड़े शादाब खान के हाथों लपके गये। आखिरी के आठ ओवरों में हैरी ब्रूक (30) और कप्तान जॉस बटलर (27) ने गियर बदलते हुये रनो की रफ्तार को तेज कर दिया। ब्रूक ने 17 गेंदो की संक्षिप्त पारी में दो चौके और दो छक्के जड़े जबकि बटलर ने 18 गेंदो में तीन चौके और एक छक्का लगाया। पाकिस्तान की ओर से हारिस रउफ ने 64 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि अफरीदी को 72 रन खर्च कर दो विकेट हासिल हुये। इफ्तिखार अहमद ने किफायती गेंदबाजी करते हुये 38 रन देकर एक विकेट झटका। डेविड विली (15) के रूप में मोहम्मद वसीम को एकमात्र विकेट 74 रन की कीमत पर हासिल हुआ। स्टेडियम में दस लाख से अधिक दर्शक ले चुके हैं विश्व कप का मजा।

# भारत के लिए कुछ डर हो सकते हैं : विव रिचर्ड्स

**दुबई**। दो बार के विश्व कप विजेता सर विवियन रिचर्ड्स ने अजेय भारत से सकारात्मक रहने और हर कीमत पर आक्रमण करने का आग्रह किया है क्योंकि वे इस साल के आयोजन में अपना तीसरा खिताब जीतने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने इस साल विश्व कप के 13वें संस्करण में अगले सप्ताह सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए




सभी आठ मैच जीते हैं।

रिचर्ड्स - जो अपने समय के सबसे तेजतर्रार और आक्रामक खिलाड़ियों में से एक के रूप में प्रसिद्ध हैं, उन्होंने 1975 और 1979 में वेस्टइंडीज को विश्व कप में सफलता दिलाई थी - वह चाहते हैं कि भारत अपनी ताकत के साथ खेलना जारी रखे और किसी भी नकारात्मक विचार से दूर रहे। रिचर्ड्स ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में कहा, भारत की मानसिकता है कि वे इसी तरह खेलते हुए आगे बढ़ सकते हैं। यह निश्चित रूप से उनकी मानसिकता होनी चाहिए और अगर मैं उस ड्रेसिंग रूम में होता तो मेरी भी यही मानसिकता होती - आइए पूरी ताकत लगाकर बाहर निकलें। यह दृष्टिकोण अब तक काम कर चुका है और अगर यह बदलता है, तो चीजें भटक सकती हैं। मेरा मानना है कि वे हर तरह से अजेय रह सकते हैं, जिसके लिए वास्तव में प्रयास करना चाहिए। कुछ डर हो सकता है कि हमने अब तक बहुत अच्छा खेला है, सेमीफाइनल में खराब खेल हो सकता है। उन्हें ख़त्म करने की कोशिश करनी होगी और किसी भी नकारात्मक विचार को ख़त्म करना होगा। जबकि विराट कोहली लंबे समय से रिचर्ड्स के पसंदीदा हैं, वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि उन्हें शुभमन गिल भी पसंद है क्योंकि भारत के सलामी बल्लेबाज उन्हें याद दिलाते हैं कि वह कैसे खेलते थे।

गिल पिछले हफ्ते वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी बन गए जब उन्होंने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया, जबकि रिचर्ड्स ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में सर्वोच्च रेटिंग हासिल की जब उन्होंने 1985 के अंत में कुल 935 रेटिंग अंक दर्ज किए। रिचर्ड्स ने कहा, शुभमन गिल एक और खिलाड़ी हैं जो स्टाइल के साथ बल्लेबाजी करते हैं और वह उन खिलाड़ियों में से एक हैं जिनके पास सभी बड़े शॉट हैं। मैं बस यही उम्मीद कर रहा हूं कि कोई यह न भूले कि विवियन रिचर्ड्स नाम का एक लड़का बिना हेलमेट के था जो बाहर जाता था और कभी-कभी इसी तरह खेलता था! आज खेले गए कुछ शॉट ऐसे हैं जिनके बारे में मुझे लगता है कि मेरे पास मेरे शस्त्रागार में थे, शायद रिवर्स स्वीप के अपवाद के साथ, लेकिन हेलमेट के बिना यह मूर्खतापूर्ण होता। मुझे लगता है कि मेरी स्कोरिंग दर आज खेल रहे खिलाड़ियों के बराबर है, हालांकि खेल काफी आगे बढ़ चुका है - एक प्रशंसक के रूप में, मैं इस बात से खुश हूं कि खेल इस समय किस स्थिति में है।

### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 0 | 16 |
| दक्षिण अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| ऑस्ट्रेलिया | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 |
| इंग्लैंड | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |
| बांग्लादेश | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |

# हेलमेट के मुद्दे पर अंपायरों को तुरंत सचेत करने पर मैथ्यूज टाइम आउट से बच जाते : एमसीसी

**लंदन**। मैरीलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने कहा है कि बांग्लादेश के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज को टाइम आउट करार देने का अंपायर का फैसला सही था और साथ ही कहा कि अगर आलराउंडर ने अपने हेलमेट में समस्या के बारे में मैदानी अंपायरों को सचेत कर दिया होता तो आउट होने से बचा जा सकता था। 6 नवंबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मैथ्यूज सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टाइम आउट पर आउट होने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। उन्हें गार्ड लेने में देरी का सामना करना पड़ा क्योंकि उनके हेलमेट का पट्टा टूट गया था और मैथ्यूज ने प्रतिस्थापन हेलमेट के लिए डगआउट को संकेत दिया। इसने बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन को टाइम-आउट की अपील करने के लिए प्रेरित किया, जिसके बाद ऑन-फील्ड अंपायरों ने मैथ्यूज को उस मोड़ से आउट घोषित कर दिया, जिससे इसके आसपास कई राय पैदा हुईं, खासकर घटना के बाद। एमसीसी कानून 40.1.1 कहता है, विकेट गिरने या बल्लेबाज के रिटायर होने के बाद, आने वाले दूसरे बल्लेबाज को 3 मिनट के भीतर अगली गेंद प्राप्त करने के लिए तैयार रहना चाहिए। यदि यह आवश्यकता पूरी नहीं होती है, तो आने वाला बल्लेबाज टाइम




आउट हो जाएगा। लेकिन विश्व कप खेलने की परिस्थितियों के कारण प्रासंगिक समय तीन मिनट से दो मिनट हो गया। इस अवसर पर, कानून का मुख्य हिस्सा यह है कि बल्लेबाज को गेंद प्राप्त करने के लिए तैयार रहना चाहिए। टाइम आउट होने से बचने के लिए मैदान पर या यहां तक कि विकेट पर होना भी पर्याप्त नहीं है। बल्लेबाज को निर्धारित समय के भीतर गेंदबाजी का सामना करने में सक्षम होने की स्थिति में होना चाहिए। अंपायरों ने निर्धारित किया कि मैथ्यूज दो मिनट के अंतराल के भीतर गेंद का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। बाद में उनके हेलमेट में एक समस्या आ गई, जिससे और देरी हुई। एमसीसी ने अपने बयान में कहा, अगर अंपायरों को दो मिनट के भत्ते के भीतर एक महत्वपूर्ण, उचित, उपकरण-संबंधी देरी के बारे में सूचित किया गया होता, तो वे इसे एक नए प्रकार की देरी के रूप में मान सकते थे (जैसा कि वे तब करते हैं, उदाहरण के लिए, बल्ला टूट जाता है), संभवत: यहां तक कि टाइम को कॉल करना, बल्लेबाज को टाइम आउट होने के जोखिम के बिना उस देरी के समाधान की अनुमति देता है। हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि दोनों अंपायरों ने निर्धारित किया कि देरी दो मिनट बीत जाने के बाद हुई, और अपील से पहले टाइम नहीं बुलाया गया था। मैच के बाद, मैथ्यूज ने माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साक्ष्य पोस्ट किया, जिसमें दिखाया गया कि उनके पास क्रीज पर अपनी स्थिति लेने के लिए पांच सेकंड और थे। लेकिन एमसीसी ने फैसले पर मैदानी अंपायरों का समर्थन किया। 30-यार्ड सर्कल तक पहुंचने में 90 सेकंड से अधिक समय लगने के बाद, मैथ्यूज ने देखा कि उनके पास समय की कमी थी, और अंतिम कुछ गज की दूरी पर विकेट के लिए दौड़ पड़े। यह दिखाया गया है कि उनके हेलमेट में खराबी पिछला विकेट गिरने के 1 मिनट 54 सेकंड बाद हुई थी। इस स्तर पर, उन्होंने बचाव करना शुरू नहीं किया था और गेंद प्राप्त करने की स्थिति में भी नहीं थे। जब हेलमेट टूटा, तो ऐसा प्रतीत होता है कि मैथ्यूज ने अंपायरों से परामर्श नहीं किया, जो एक खिलाड़ी से नए उपकरण मांगते समय करने की अपेक्षा की जाती है। बल्कि, उन्होंने ड्रेसिंग रूम को रिप्लेसमेंट के लिए सिर्फ इशारा किया। अगर उसने अंपायरों को बताया होता कि क्या हुआ था और इसे सुलझाने के लिए समय मांगा होता, तो शायद वे उसे हेलमेट बदलने की इजाजत दे देते, शायद टाइम को बुलाते और इस तरह टाइम आउट होने की कोई भी संभावना खत्म हो जाती।

## सार संक्षेप

### एक चीज जो हमने अच्छी की वह यह कि हमने कभी भी क्लस्टर में विकेट नहीं खोए : डुसेन

**अहमदाबाद**। 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में, दक्षिण अफ्रीका के लिए पहले बल्लेबाजी की तुलना में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना अच्छा नहीं रहा। पाकिस्तान पर एक विकेट से जीत को छोड़कर, दक्षिण अफ्रीका नीदरलैंड और भारत के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए हार गया था। लेकिन शुक्रवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान के खिलाफ 245 रनों का सफलतापूर्वक पीछा किया और सेमीफाइनल से पहले अपने आखिरी लीग मैच में पांच विकेट से जीत हासिल की। सफल लक्ष्य का नेतृत्व रैसी वान डेर डुसेन ने किया, जिन्होंने 95 गेंदों में नाबाद 76 रन बनाए। इस मैच में आकर, हम खुद को उस स्थिति में रखना चाहते थे। इसलिए अगर हम टॉस जीतते तो हम वैसे भी गेंदबाजी करते, क्योंकि हम खुद को उस स्थिति में रखना चाहते थे, यह जानते हुए कि उनके पास विशेष रूप से एक मजबूत स्पिन आक्रमण है। मुझे लगता है कि यह काफी हद तक नियंत्रित था। एक या दो घबराहट वाले क्षण थे, लेकिन पीछा करने में ऐसा हमेशा होता है। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आपको बस आने वाले लोगों से अच्छी तरह से संवाद करना होगा। एक चीज जो हमने अच्छी तरह से की है वह यह है कि हमने कभी भी क्लस्टर में विकेट नहीं खोए। जो भी आया उसने थोड़ी-बहुत साझेदारी की और इसे करीब-करीब ख़त्म किया। ऐसा करने से, वे वास्तव में कभी भी मैच में नहीं थे। भले ही ऐसा लग रहा हो कि जब हमें लगभग 50-50 की जरुरत थी, हाथ में पांच विकेट होने पर, आप दस में से नौ बार वहां पहुंचने वाले हैं।

### लक्ष्य का पीछा करने से आत्मविश्वास में हुई वृद्धि : बावुमा

**अहमदाबाद**। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा कि आज खेले गये मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत से आत्मविश्वास में वृद्धि,हुई है। बावुमा ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करना हमें काफ़ी आत्मविश्वास देगा और हम इसी आत्मविश्वास के साथ सेमीफाइनल में जा रहे है।

# मार्श का तूफानी शतक, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को धो डाला

**पुणे**। मिचेल मार्श (नाबाद 177) के तूफानी शतक और डेविड वार्नर (53) तथा स्टीव स्मिथ (नाबाद 63) के शानदार अर्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को शनिवार को विश्व कप मुकाबले में आठ विकेट से धो डाला।

बांग्लादेशी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने आखिरी लीग मैच में 50 ओवर में आठ विकेट पर 306 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन ऑस्ट्रेलिया को रोक पाने का दम उसकी गेंदबाजी में नहीं था। ऑस्ट्रेलिया ने 44.4 ओवर में दो विकेट पर 307 रन बनाकर जीत अपने नाम की। मार्श को प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार मिला। मार्श ने विस्फोटक अंदाज में खेलते हुए 132 गेंदों पर 17 चौकों और नौ छक्कों की मदद से नाबाद 177 रन ठोके और टीम को आसान जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। ट्रेविस हेड (10) को जल्दी गंवाने के बाद मार्श ने वार्नर के साथ दूसरे विकेट के लिए 120 रन जोड़े। मार्श ने फिर तीसरे विकेट के लिए स्मिथ के साथ 175 रन की अविजित साझेदारी कर बांग्लादेश को ध्वस्त कर दिया।

वार्नर ने 61 गेंदों पर 53 रन में छह चौके लगाए जबकि विजयी चौका मारने वाले स्मिथ ने 64 गेंदों पर नाबाद 63 रन में चार चौके और एक छक्का लगाया। ऑस्ट्रेलिया ने नौ मैचों में लगातार सात जीत के साथ लीग चरण अभियान समाप्त किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार विश्व कप में 300 या उससे अधिक रनों का स्कोर हासिल किया है। वह तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। ऑस्ट्रेलिया ने एक शानदार जीत दर्ज की है। बांग्लादेश ने बल्लेबाज़ी में अच्छे हाथ दिखाए, लेकिन गेंदबाज़ों ने




उतना सहयोग नहीं दिया। ट्रैविस हेड का विकेट काफ़ी जल्दी निकालने के बाद बांग्लादेश के पास मौका था, लेकिन डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापस लाने का काम किया। मार्श की पारी ने सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया के आत्मविश्वास को और बढ़ाने का काम किया है।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश के शीर्ष और मध्य क्रम के सभी बल्लेबाजों ने क्रीज पर आने के बाद विकेट पर समय बिताया और टीम के 300 से ऊपर के स्कोर में अपना योगदान दिया। तौहीद हृदोय ने 79 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से सर्वाधिक 74 रन बनाये। कप्तान नजमुल शान्तो ने 45, लिटन कुमार दास ने 36,तंज़िद हसन ने 36 और महमुदउल्लाह ने 32 रन बनाये जबकि मुशफिकुर रहीम ने 21 और मेहदी हसन मिराज़ ने 29 रन बनाये। बांग्लादेश के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। दूसरी ड्रिंक्स के समय लग रहा था कि बांग्लादेशी टीम 350 के स्कोर तक पहुंच सकती है, क्योंकि वे 6 से ऊपर के रन रेट से रन बना रहे थे और उनके सात विकेट शेष थे। लेकिन मार्नस लाबुशेन के दो बेहतरीन रन आउट ने पारी के मोमेंटम को पलटा और उन्हें 300 के ऊपर के ही स्कोर से संतोष करना पड़ा। अधिकतर बांग्लादेशी बल्लेबाज़ों को अच्छी शुरुआत मिली थी, लेकिन तौहीद हृदोय को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज़ अर्धशतक पूरा नहीं कर सका। अपना पहला विश्व कप मैच खेल रहे शॉन एबट ने अंत में अपनी स्लोअर शॉर्ट गेंदों से बांग्लादेशी बल्लेबाज़ों को बांधे रखा, वहीं एडम ज़म्पा एक बार फिर से फ़ील्ड में बेहतरीन रहे। ऑस्ट्रेलिया ने मुकाबले में 12 वाइड सहित 24 अतिरिक्त रन दिए जबकि एबट और जम्पा को दो-दो विकेट मिले।

# स्टेडियम में दस लाख से अधिक दर्शक ले चुके हैं विश्व कप का मजा

**मुबंई**। दस लाख से अधिक क्रिकेट प्रेमी अब तक मौजूदा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप का स्टेडियम में बैठ कर लुफ्त उठा चुके हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच के दौरान दस लाखवां प्रशंसक टर्नस्टाइल के माध्यम से आया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को अब तक के सबसे बड़े विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करते देखने के लिए प्रशंसक भारत भर के दस स्टेडियमों में उमड़ रहे हैं। आईसीसी को भरोसा है कि दर्शकों के मैदान की ओर रूख करने की यह रफ्तार 15 और 16 नवंबर को होने वाले सेमीफाइनल तक जारी रहने वाली है, जिसके बाद 19 नवंबर को फाइनल होगा। टीवी और मोबाइल फोन पर दर्शकों की संख्या पहले ही विश्व कप के सभी रिकार्ड ध्वस्त कर चुकी है।

इस उपलब्धि पर आईसीसी के हेड ऑफ इवेंट्स क्रिस टेटली ने कहा, एक मिलियन से अधिक रिकॉर्ड-तोड़ दर्शकों के साथ विश्व कप ने दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को वनडे प्रारूप में समर्थन और रुचि की याद दिला दी है, जो इस पर प्रकाश डालता है। उन्होने कहा, विश्व कप क्रिकेट को कितना महत्व दिया जाता है. जैसा कि हम नॉकआउट चरण की ओर देख रहे हैं।

## सुडोकू 6374 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 3 | 9 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 | 5 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 8 |
| 3 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 5 |


| SENSEX | BSE | 64904.68 ▲ 72.48 | 19425. 35 ▲ 30.05 | MCX | Gold | 59654 ▼ 628 | silver | 70025 ▼ 1128 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सितंबर में शुरू हुई एफपीआई की बिकवाली का नवंबर में भी रुकने का संकेत नहीं

**नई दिल्ली** । सितंबर में शुरू हुई एफपीआई की बिकवाली का रुझान अक्टूबर में भी जारी रहा और नवंबर में भी इसके रुकने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है, हालांकि इस महीने बिकवाली की तीव्रता में कमी आई है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने ये बात कही है। एनएसडीएल के आंकड़ों के मुताबिक, 10 नवंबर तक एफपीआई ने 5,805 करोड़ रुपये की बिकवाली की। दूसरी तिमाही के शानदार नतीजों और बेहतर संभावनाओं के बावजूद एफपीआई ने वित्तीय क्षेत्र में बिकवाली जारी रखी है।



## अमेरिका को बड़ा झटका, मूडीज ने घटाया आउटलुक

**नई दिल्ली**। अमेरिका के क्रेडिट रेटिंग आउटलुक को फिर से झटका लगा है। दिग्गज क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने शुक्रवार को अमेरिकी सरकार के कर्ज पर अपने आउटलुक को स्टेबल से निगेटिव कर दिया। इसके पीछे एजेंसी ने बढ़ती ब्याज दरों और कांग्रेस में राजनीतिक ध्रुवीकरण का हवाला दिया। हालांकि, मूडीज ने अमेरिकी सरकार के कर्ज पर अपनी टॉप ट्रिपल-ए क्रेडिट रेटिंग बरकरार रखी है लेकिन आउटलुक में गिरावट से यह आंशका बढ़ गई है कि मूडीज अमेरिका की ट्रिपल-ए रेटिंग को गिरा सकता है।

**बढ़ता राजस्व घाटा खतरनाक**- मूडीज ने कहा कि सरकार के बढ़ते राजस्व घाटे और कर्ज लेने की क्षमता में गिरावट को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मूडीज ने कहा कि सरकार का घाटा लगातार उच्च स्तर पर बना हुआ है। साथ ही ब्याज लागत पर बजट का बड़ा हिस्सा खर्च हो रहा है। इसके अलावा राजनीतिक परिस्थितियां भी एक कारण है। सरकार कर्ज के बोझ को कम करने दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रही है। रेटिंग एजेंसी के इस फैसले पर अमेरिकी सरकार ने नाखुशी जताई है। **2025 से पहले उठाए जाएं बड़े कदम**- मूडीज ने कहा कि अगले साल अमेरिका में आम चुनाव होने हैं।

# दीवाली की छुट्टियों के चलते बाजार का अगला कारोबारी हफ्ता होगा छोटा

## दीवाली मुहूर्त ट्रेडिंग आज

*__मुंबई__। दीवाली से पहले शेयर बाजार में खरीदारी देखने को मिली। बाजार के प्रमुख इंडेक्स शुक्रवार को हरे निशान में बंद हुए। अगले हफ्ते दीवाली की छुट्टियों के कारण बाजार का कारोबारी हफ्ता छोटा रहेगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की ऑफिसियल वेबसाइट पर दिए गए हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक, इस दीवाली मुहूर्त ट्रेडिंग रविवार यानी 12 नवंबर को होगी।*

आम तौर पर, मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन दिवाली पर लक्ष्मी पूजन के शुभ मुहूर्त के दौरान शाम को आयोजित किया जाता है। बाजार की परंपरा के अनुसार, मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए बाजार केवल एक-डेढ़ घंटे की अवधि के लिए ही खुले रहते हैं। एनएसई ने 12 नवंबर (रविवार) यानी दिवाली के दिन होने वाली स्पेशल मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन के लिए समय की घोषणा की है।

**कितने बजे से शुरू होगी ट्रेडिंग**

ब्लॉक डील सेशन- 17:45 बजे से 18:00 बजे तक

प्री-ओपन सेशन- 18:00 बजे से 18:08 बजे तक



नॉर्मल मार्केट सेशन-18:15 बजे से 19:15 बजे तक

कॉल ऑक्शन इलिक्विड सेशन- 18:20 बजे से 19:05 बजे तक

क्लोडिंग सेशन-19:25 बजे से 19:35 बजे तक

दीवाली के अगले दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार फिर से ट्रेडिंग के लिए खुलेगा। लेकिन मंगलवार (14 नवंबर) को दिवाली बलिप्रतिपदा के चलते बाजार की छुट्टी रहेगी। 15 नवंबर बाजार सामान्य रूप से ट्रेडिंग के लिए खुलेगा।

**नवंबर में इस दिन और बंद रहेगा बाजार**

18 नवंबर- शनिवार

19 नवंबर- रविवार

25 नवंबर - शनिवार


26 नवंबर- रविवार

# बीएसई का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ चार गुना उछाल के साथ 118 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली**। शेयर बाजार बीएसई का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ चार गुना होकर 118 करोड़ रुपए हो गया। शेयर बाजार ने एक बयान में यह जानकारी दी। बीएसई का बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में शुद्ध लाभ 29.4 करोड़ रुपए रहा था। बीएसई ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एक्सचेंज का राजस्व 53 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 367 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 240 करोड़ रुपए था। बीएसई के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदरमन राममूर्ति ने कहा, हम मानव संसाधनों, नए उत्पादों, प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे आदि के विकास में निवेश करना जारी रखेंगे, और इस प्रकार दीर्घकालिक विकास शेयरधारकों को आगे बढ़ाएंगे और वाइब्रेंट बीएसई 2025 के अपने मिशन को पूरा करेंगे। समीक्षाधीन तिमाही में इक्विटी खंड में एक्सचेंज का औसत दैनिक कारोबार बढ़कर 5,922 करोड़ रुपए हो गया, जो सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही में 4,740 करोड़ रुपए था।

इसके अलावा, बीएसई के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को अपनी बैठक में इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज (आईएफएससी) लिमिटेड (इंडिया आईएनएक्स) में 22.36 करोड़ रुपए और इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज (आईएफएससी) लिमिटेड (इंडिया आईसीसी) में 33.88 करोड़ रुपए के निवेश को मंजूरी दी।

# भारी-भरकम कर्ज और बढ़ता घाटा, अमेरिका को बड़ा झटका, मूडीज ने घटाया आउटलुक





*__नई दिल्ली__। अमेरिका के क्रेडिट रेटिंग आउटलुक को फिर से झटका लगा है। दिग्गज क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने शुक्रवार को अमेरिकी सरकार के कर्ज पर अपने आउटलुक को स्टेबल से निगेटिव कर दिया। इसके पीछे एजेंसी ने बढ़ती ब्याज दरों और कांग्रेस में राजनीतिक ध्रुवीकरण का हवाला दिया।*

हालांकि, मूडीज ने अमेरिकी सरकार के कर्ज पर अपनी टॉप ट्रिपल-ए क्रेडिट रेटिंग बरकरार रखी है लेकिन आउटलुक में गिरावट से यह आंशका बढ़ गई है कि मूडीज अमेरिका की ट्रिपल-ए रेटिंग को गिरा सकता है।

**बढ़ता राजस्व घाटा खतरनाक**- मूडीज ने कहा कि सरकार के बढ़ते राजस्व घाटे और कर्ज लेने की क्षमता में गिरावट को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मूडीज ने कहा कि सरकार का घाटा लगातार उच्च स्तर पर बना हुआ है। साथ ही ब्याज लागत पर बजट का बड़ा हिस्सा खर्च हो रहा है। इसके अलावा राजनीतिक परिस्थितियां भी एक कारण है। सरकार कर्ज के बोझ को कम करने दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रही है। रेटिंग एजेंसी के इस फैसले पर अमेरिकी सरकार ने नाखुशी जताई है।

**2025 से पहले उठाए जाएं बड़े कदम**- मूडीज ने कहा कि अगले साल अमेरिका में आम चुनाव होने हैं। ऐसे में अगर 2025 से पहले कर्ज को मैनेज करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो स्थिति में सुधार की संभावना नहीं है। यही कारण है कि एजेंसी ने आउटलुक को निगेटिव किया है।

# औद्योगिक उत्पादन 3 महीने के निचले स्तर पर, सितंबर में गिरकर 5.8 प्रतिशत पर

*__नई दिल्ली__। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर सितंबर में गिरकर तीन माह के निचले स्तर 5.8 प्रतिशत पर आ गई। यह अगस्त में 10.3 प्रतिशत थी। यह जानकारी राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) ने दी जिसके आज जारी आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र में बीते महीने की तुलना में 4.5 प्रतिशत की गिरावट आई। इस अवधि में बिजली और खनन में बढ़कर क्रमश: 9.9 प्रतिशत और 11.5 प्रतिशत हो गया। वैसे बीते साल सितंबर में आईआईपी 3.3 प्रतिशत था।*

वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान आईआईपी की वृद्धि छह प्रतिशत रही जबकि बीते साल की इसी अवधि में यह 7.1 प्रतिशत थी। आईआईपी के 23 में से नौ क्षेत्रों जैसे खाद्य उत्पादों, तंबाकू, कपड़ा, कागज के उत्पादों, रिकार्डिड मीडिया, रसायन,



कंप्यूटर और फर्नीचर की वृद्धि में गिरावट आई। हालांकि बीते महीने की तुलना में इस्तेमाल आधारित प्राथमिक और मध्यवर्ती सामानों में क्रमश: 8 प्रतिशत और 5.8 प्रतिशत की गिरावट आई। अर्थव्यवस्था में उपभोग व मांग को उपभोक्ता वस्तुएं और गैर उपभोक्ता वस्तुओं की वृद्धि प्रदर्शित करती हैं। इस अवधि में उपभोक्ता वस्तु में एक प्रतिशत और गैर उपभोक्ता वस्तु में 2.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि प्रतिकूल आधार, त्योहारी कैलेंडर में बदलाव और अत्यधिक बारिश के कारण आईपीपी के साल-दर-साल आंकड़ों पर प्रतिकूल असर पड़ा। ये आंकड़ें सितंबर में अनुमान के करीब आधे रहे। उन्होंने कहा, 'सभी उपक्षेत्रों और इस्तेमाल आधारित श्रेणियों में व्यापक तौर पर गिरावट रही। रोजमर्रा के इस्तेमाल की टिकाऊ और गैर टिकाऊ वस्तुओं में विशेष तौर पर 1 फीसदी और 2.7 फीसदी की गिरावट हुई। इससे सितंबर में विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट दर्ज हुई।' बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि तीसरी तिमाही में भी उपभोक्ताओं की कमजोर मांग की उम्मीद है। हालांकि इस अवधि में त्योहारी खरीदारी से कुछ गति मिलेगी। इस क्रम में खरीफ की फसल के कारण ग्रामीण मांग पर भी करीब नजर रखनी होगी।

# उत्तर भारत में चना, सरसों की बुवाई में सुधार



*__नई दिल्ली__। रबी की फसलों जैसे चने और सरसों की बुआई ने 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में तेजी पकड़ी है। हालांकि दक्षिण भारत के प्रमुख जलाशयों में जल स्तर कम बना हुआ है। आंकड़ों से पता चलता है कि दक्षिण भारत के 40 जलाशयों का जल स्तर 9 नवंबर को उनकी पूरी क्षमता (एफआरएल) का 44 प्रतिशत था। वहीं पिछले साल की समान अवधि में यह 89 प्रतिशत था और 10 साल का औसत एफआरएल 76 प्रतिशत है।*

बहरहाल बोआई के आंकड़ों से पता चलता है कि चने की बोआई शुक्रवार तक 41.4 लाख हेक्टेयर में हुई है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में 41.9 लाख हेक्टेयर में बोआई हो गई थी। इस दौरान सरसों की बोआई करीब 57.1 लाख हेक्टेयर में हुई है, जो पिछले साल की समान अवधि के 56.8 लाख हेक्टेयर से ज्यादा है।

चना और सरसों रबी सीजन की प्रमुख दलहन और तिलहन फसलें हैं। रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं की बोआई के आंकड़े इस सप्ताह जारी नहीं किए गए हैं। कारोबारियों व बाजार के भागीदारों का कहना है कि गेहूं की बोआई के साथ अन्य फसलों की बोआई तब गति पकड़ेगी, जब खरीफ की फसल का काम पूरा हो जाएगा। पंजाब और हरियाणा में धान और उत्तर प्रदेश में खरीफ की प्रमुख फसल गन्ना है। सरकार से जुड़े सूत्रों ने कल बताया था कि कुछ दिन पहले तक धान की कटाई पंजाब में करीब 60 प्रतिशत और हरियाणा में 90 प्रतिशत पूरी हो चुकी है।

# दिवाली से एक दिन पहले सस्ता हुआ सोना

*__नई दिल्ली__। दीपावली से पहले आज नरक चौदस/छोटी दीवाली पर शनिवार को सराफा बाजार में सोने चांदी के दामों में बड़ी गिरावट नजर आ रही है। आज 11 नवंबर 2023 को सराफा बाजार में सोने चांदी का नया भाव जारी किया गया। आज सोना (24 कैरेट) 490/- रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ती कीमत पर और चांदी 1000/- रुपये प्रति किलोग्राम सस्ती कीमत पर कारोबार करती नजर आ रही है।*

वही बात यदि 18 कैरेट सोने के भाव की बात करें तो दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने का भाव



45,570/- रुपये, मुंबई सराफा बाजार में 45,450/- रुपये, कोलकाता सराफा बाजार में 45,570/- रुपये और चेन्नई सराफा बाजार में भाव 45,810/- रुपये पर ट्रेड कर रही है।

वही बात यदि 24 कैरेट सोने के भाव की करें तो दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने का भाव 60,750/- रुपये, मुंबई सराफा बाजार में 60,600/- रुपये, कोलकाता सराफा बाजार में 60,600/- रुपये और चेन्नई सराफा बाजार में भाव 61,090/- रुपये ट्रेड कर रही है। चांदी के भाव की बात करें तो दिल्ली सराफा बाजार में आज 01 किलोग्राम चांदी का भाव 73,000/- रुपये है, मुंबई सराफा बाजार और कोलकाता सराफा बाजार में भी चांदी का भाव 73,000/- रुपये है जबकि चेन्नई सराफा बाजार में भाव 76,000/- रुपये है।

## धनतेरस पर बिका रिकार्ड तोड़ सोना

जब भी खरीददारी करते है तो उस समय अक्सर महंगाई का जिक्र होता है कि महंगाई होने के कारण मार्केट बंद पड़े हैं लेकिन धनतेरस के दिन खरीदारी के आंकड़े तो कुछ और ही बयां कर रहे हैं। इस खरीददारी ने पिछले वर्ष की खरीददारी के भी रिकॉर्ड को तोड़ दिए हैं। दरअसल, पूरे देश के मार्केट में धनतेरस के दिन काफी अधिक रौनक नजर आ रही है। ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डसमीथ फेडरेशन के अनुसार, पूरे देश में धनतरेस पर लगभग 27 हजार करोड़ रु के सोने या उसकी ज्वेलरी की लोगों ने खरीदारी की है। ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डसमीथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा की तरफ से बताया गया है कि धनतरेस के मौके पर सोने और चांदी और अन्य कीमती वस्तुओं का करीब 30 हजार करोड़ रु का बिजनेस हुआ है। उनके मुताबिक, अगर हम अपने और सोने के आभूषण की बिक्री का आंकड़ा की बात करें तो इसका आंकड़ा 27 हजार करोड़ रु का रहा है। वही, चांदी की बात करें तो फिर लगभग 3 हजार करोड़ रु के लगभग चांदी या उसके सामानों की बिक्री हुई है।

# मलाइका अरोड़ा रक्षा पाइप्स की नई ब्रांड एंबेसडर बनीं

*__बेंगलुरु__। पाइपिंग सॉल्यूशंस उद्योग की अग्रणी कम्पनी और शैंड ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के मुख्य ब्रांड, रक्षा पाइप्स ने घोषणा की है कि उन्होंने बॉलीवुड अभिनेत्री, मॉडल, डांसर, वीजे, टीवी प्रस्तोता और फिटनेस आइकन मलाइका अरोड़ा को अपनी ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया है।*



यह कोलेबोरेशन रक्षा पाइप्स के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो तेजी से बढ़ते पाइपिंग सॉल्यूशंस बाजार के भीतर उत्कृष्टता और नवीनतम टेक्नोलॉजी लाने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मलाइका अरोड़ा की लोकप्रियता रक्षा पाइप्स को अपने ब्रांड को और बढ़ावा देने तथा नए ग्राहकों तक पहुंचने में मदद करेगी। मलाइका, कंपनी द्वारा आयोजित डिजिटल और प्रिंट अभियानों, इवेंट्स और सोशल मीडिया पर हो रही गतिविधियों में पूरी तरह से शामिल होते हुए कंपनी के सभी उत्पादों का प्रचार प्रसार करेंगी। वे रक्षा पाइप्स के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं के बारे में और अधिक जागरूकता लाने की ओर कारगर साबित होंगी। एक सम्मोहक चित्रण में, मलाइकादर्शको को एक आम घर के दर्शन कराती है, और एक घर के निर्माण में किए गए व्यापक प्रयास प्रयासों और उसमे लगी मेहनत पर जोर देती है। सावधानीपूर्वक लगाए गए महंगी इंटीरियर डिजाइनर सेवाओं और अन्य निर्माण सामग्री को उपयोग में लाने के बावजूद, कहानी बदल जाती है क्योंकि वह एक बेहद सामान्य गलती पर प्रकाश डालती है।

# फिच रेटिंग्स : 2024 में बढ़ेंगी तेल की कीमतें, पूरे विश्व में पड़ेगा असर

*__नई दिल्ली__। एक सख्त चेतावनी में, फिच रेटिंग्स ने भविष्यवाणी के अनुसार संघर्षों के कारण मिडिल ईस्ट की तेल आपूर्ति में संभावित व्यवधानों की वजह से तेल की कीमतें आपकी सोच से कहीं ज्यादा बढ़ सकती हैं इतना ही नहीं, ये वैश्विक आर्थिक विकास को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती हैं और मुद्रास्फीति में वृद्धि का कारण बन सकती हैं।*

फिच के ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक (जीईओ) के अनुसार, 2024 मे तेल की औसत कीमत 75 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल और 2025 में 70 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहने की उम्मीद है। तेल की आपूर्ति में प्रतिबंध लगने के कारण यह कीमत साल 2024 में 120 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है और 2025 में 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती है। फिच के अनुसार 2025 में अनुमानित मामूली उछाल के बावजूद, शुरुआती झटके से लगातार मध्यम प्रभाव बना रहेगा। तेल की कीमतों में का प्रभाव पूरे विश्व पर महसूस किया जाएगा, 2025 में कुछ खास ग्रोथ ना होने की वजह से इसका असर ज्यादातर देशों के सकल घरेलू उत्पाद यानी (जीडीपी) पर लंबे समय तक रहेगा। 2024 में नेगेटिव ग्रोथ इंपैक्ट, इंडोनेशिया में 0.1 पीपी से



लेकर कोरिया में 0.9 पीपी रह सकता है, अमेरिका, यूरोजोन और जापान में भी 0.5 पीपी का असर पड़ सकता है। दक्षिण अफ्रीका और तुर्की जैसे उभरते बाजार वाले देशों को 0.7 पीपी के असर का सामना करना पड़ सकता है। जबकि रूस और ब्राजील, तेल उत्पादन पर निर्भरता के कारण, अलग-अलग असर पड़ सकता है। फिच के अनुसार ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ मैं 2024 में 0.5 पीपी और 2025 में 0.1 पीपी की गिरावट दर्ज की जा सकती है। बढ़ती तेल की कीमतों की वजह से भारत पोलैंड और तुर्की जैसे देश 2024 में सबसे ज्यादा इन्फ्लेशन रेट का सामना कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में बढ़ी हुई तेल की कीमतों का गहरा असर पड़ने पड़ने की बात कही गई है।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

**फोन- 4067270, 9826035338**

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200, एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

**रसल चौक फोन- 9425156095**

**सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 61800 चांदी रिफाइन - 72800**

## दुल्हन श्री आभूषण

**कमानिया गेट, सराफा बाजार-**

**मो. 9425860998,9826307100**

**सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 61800 चांदी रिफाइन - 72800**


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.34 |
| एक यूरो | 89.04 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 101.89 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.03 |
| एक जापानी येन | 00.55 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

**864 मारुति शोरूम के सामने**
**फोन- 2412223,9329428085**

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 84 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 104 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-114 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

**शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070 भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6700, 6 एम एम 6700, 8 एम एम 6200, 10 एम एम 6050,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।**

देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

## चुनाव प्रचार

चुनाव हेतु प्रचार एनाउंसमेंट गीत रिकार्डिंग बनवाने अंतिम समय

सम्पर्क- अमित परनामी (उद्घोषक) आवाज स्टूडियो, जबलपुर मो.नं. 7000837560 9329995050


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

